आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 156 • नई दिल्ली, मंगलवार 12 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 राष्ट्रीय चेतना मंच के बैनर तले प्रतियोगिता परीक्षा का...

जी-20 में मोदी और बाइडेन ने मिलकर घेरा चीन को, नाकाम हुई जिनपिंग की हर चाल

इटली साथ छोड़कर भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप कॉरिडोर बनाये जाने की परियोजना में हुआ शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन में मोदी और बाइडेन ने मिलकर चीन को ऐसा घेरा कि उसकी हर चाल नाकाम साबित हुई। जिनपिंग की उस समय हालत खराब हो गई जब इटली ने चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना बीआरआई से हटने की घोषणा की। इस परियोजना पर चीन अब तक अरबों डॉलर खर्च कर चुका है। यही नहीं, चीन की सांस तब और उखड़ने लग गयी जब उसे यह पता चला कि इटली उसका साथ छोड़ कर भारत के साथ चला गया है। बता दें कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप कॉरिडोर बनाये जाने की जो घोषणा की गयी है उसमें इटली भी शामिल है। इस कॉरिडोर का ऐलान होने से भी चीन परेशान हो गया है। उसे समझ नहीं आ रहा है कि वह आखिर करे तो क्या करे। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जी20 सम्मेलन में खुद आने की बजाय अपने प्रधानमंत्री ली क्विंग को भेज दिया। ली क्विंग चूंकि वैश्विक मुद्दों का सामना करने के मामले में नये हैं इसलिए वह कुछ नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन उन्होंने जी20 से इतर इटली की प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें समझाने की कोशिश की। एक तरफ जैसे ही चीनी प्रधानमंत्री ने इतालवी प्रधानमंत्री से मुलाकात की तो भारत ने भी मौका नहीं गंवाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इतालवी प्रधानमंत्री से मुलाकात कर दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-पश्चिम एशिया और यूरोप कॉरिडोर के ऐलान के समय चीन को इशारों इशारों में चेतावनी दे डाली है कि ऐसे प्रोजेक्टों पर काम करते समय दूसरे देशों की अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। यही नहीं चीन की परेशानी बढ़ाते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि शी जिनपिंग के नहीं आने का कोई फर्क नहीं पड़ा और शिखर सम्मेलन अच्छे से चल रहा है। जहां तक चीनी और इतालवी प्रधानमंत्री की मुलाकात की बात है तो चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने शनिवार को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर अपनी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से हटने की इटली की योजना के बीच दोनों की मुलाकात हुई है। इटली का मानना है कि परियोजना अपेक्षित परिणाम नहीं ला पाई है। मेलोनी ने नयी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के जगह शामिल हुए ली से मुलाकात के दौरान अपने देश में निवेश और व्यापार करने के लिए निष्पक्ष, न्यायसंगत और गैर-भेदभावपूर्ण कारोबारी माहौल प्रदान करने का वादा किया। जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर ली-मेलोनी की बैठक इसलिए महत्वपूर्ण रही क्योंकि इतालवी सरकार ने खुले तौर पर बीआरआई से हटने की इच्छा व्यक्त की है। क्योंकि चीन की अरबों डॉलर की बुनियादी ढांचा परियोजना से उसे कोई लाभ नहीं हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

देवघर पहुंचे लालू की हुंकार भाजपा भगाओं देश बचाओ

देवघर। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव सोमवार को देवघर पहुंचे। राजद के हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े, गाजे- बाजे के साथ सोमवार को एयरपोर्ट से लेकर देवघर परिसदन तक यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का स्वागत किया। इस मौके पर लालू प्रसाद यादव ने झारखंड के कोने-कोने से आए राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और सभी को संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया। लालू ने कहा कि भाजपा भागाओ देश बचाओ। देश सभी का है और सभी के लिए बना है। नफरत फैलाने वाले पूरे देश में नफरत फैला रहे है। इस देश से नफरत फैलाने वालों को देश से भगाना है।

ठाणे में 40 मंजिला इमारत में सर्विस लिफ्ट दुर्घटनाग्रस्त, 5 मजदूरों की मौत

ठाणे । महाराष्ट्र के ठाणे में 40 मंजिला इमारत में सर्विस लिफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कम से कम 5 मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना बलकुंब इलाके की एक इमारत में तब हुई जब कर्मचारी ऊपरी मंजिल पर वॉटरप्रूफिंग का कुछ काम पूरा करने के बाद सर्विस लिफ्ट से नीचे उतर रहे थे। राइडिंग के दौरान अचानक बीच रास्ते में तकनीकी खराबी आ गई और लिफ्ट तेज गति से नीचे गिरी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में पांच मजदूरों की मौके पर मौत हो गई और 2 अन्य घायल हो गए। ठाणे फायर ब्रिगेड और आपदा टीमें बचाव और राहत कार्यों के लिए घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

जम्मू-कश्मीर में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम श्रीनगर-बारामूला हाईवे पर संदिग्ध आईईडी बरामद

श्रीनगर। श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर हंजीवेरा पट्टन में संदिग्ध वस्तु आईईडी मिलने की जानकारी मिली है। इसकी सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों ने श्रीनगर बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंद कर दिया। जांच के बाद संदिग्ध आईईडी को निष्क्रिय कर दिया गया है। सोमवार की सुबह श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर हंजीवेरा पट्टन में सुरक्षा बलों को संदिग्ध आईईडी होने की जानकारी मिली। जानकारी मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और बीडीएस मौके पर पहुंचे। मौका संभालते हुए सुरक्षाबलों ने हाईवे पर ट्रैफिक रोका। इसके बाद संदिग्ध आईईडी की जांच की। जांच के बाद उसे निष्क्रिय कर दिया गया।

सड़क किनारे खड़ी वैन को ट्रक ने मारी टक्कर फुटपाथ पर बैठे लोगों को कुचला, 7 की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के तिरुपथुर में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां फुटपाथ पर बैठे 7 लोगों की वैन से कुचलने के बाद मौत हो गई। बताया गया है कि जब यह वैन सड़क के किनारे खड़ी थी, ठीक उसी दौरान ट्रक ने इसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह वैन फुटपाथ पर बैठे लोगों को कुचलती चली गई। पुलिस के मुताबिक, जिस वैन से यह हादसा हुआ, वह फुटपाथ पर बैठे लोगों को ही ले जा रही थी। हालांकि, रास्ते में कुछ खराबी आ जाने की वजह से वे सभी इससे उतरकर सड़क किनारे बैठ गए थे।

पाकिस्तान के दोस्त तुर्किये ने भारत के लिए कही गर्व की बात

एजेंसी। नई दिल्ली

मुस्लिम देश तुर्किया के तेवर शायद नरम पड़ चुके हैं। कश्मीर पर पाकिस्तान की राग में राग अलाप ने वाला यह मुल्क अब भारत के लिए गर्व की बात करने लगा है। जी हां, दिल्ली आकर तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेब तैयब एर्दोआन ने कहा वह पाकिस्तान को अच्छा नहीं लग रहा हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत जैसा देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का स्थायी सदस्य बनता है, तब उनके देश को गर्व होगा। एर्दोआन ने कहा कि सभी गैर-पी5 सदस्यों को बारी-बारी से सुरक्षा परिषद का सदस्य बनने का अवसर मिलना चाहिए। पी5 या सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों (चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका) के लिए तुर्किये के राष्ट्रपति ने कहा, 'दुनिया पांच से कहीं बड़ी है। उन्होंने कहा, हमें गर्व होगा अगर भारत जैसा देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बन जाए।' राष्ट्रपति एर्दोआन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लंबी बातचीत की। दोनों नेताओं ने व्यापार और इंफ्रास्टचर संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। एर्दोआन ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाओं का लाभ उठाने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, 'भारत

दक्षिण एशिया में हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और हम इस साल की शुरुआत में तुर्किये में हुए चुनाव के बाद मुख्य रूप से अर्थव्यवस्था और कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी क्षमता का लाभ उठाने में सक्षम होने वाले हैं। इसके बाद ही उन्होंने तुर्किये के लिए गर्व की बात कहते हुए कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी और 15 'अस्थायी' सदस्यों को स्थायी सदस्य बनाए जाने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, उन 20 (5+15) को बारी-बारी से यूएनएससी का स्थायी सदस्य होना चाहिए।

बाइडेन ने मोदी के साथ बैठक में उठाया मानवाधिकार, प्रेस की आजादी का मुद्दा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मोदी के साथ हुई बैठक में मानवाधिकार तथा प्रेस की आजादी का मुद्दा उठाया है। उन्होंने वियतनाम पहुंचने पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि भारत में हाल ही में संपन्न जी20 में किए गए महत्वपूर्ण व्यवसाय पर सहमति के अलावा भारत से यूरोप तक फैले रेल-जहाज आर्थिक गलियारा को बनाने में सक्षम होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक में उन्होंने मानवाधिकारों के सम्मान के महत्व, नागरिक समाज और स्वतंत्र प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका जैसे मुद्दे उठाए। भारत और वियतनाम के अपने दौरे के दूसरे चरण में हनोई में एक संवाददाता सम्मेलन में बाइडन से चीन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में भी पूछा गया, जो जी20 बैठक में शामिल नहीं हुए थे। यही वजह रही कि बाइडेन यूक्रेन के बारे में सवालों से घिरे हुए थे। बाइडन ने अपनी शुरुआती टिप्पणी में मोदी के नेतृत्व और उनके आतिथ्य और जी20 की मेजबानी के लिए धन्यवाद दिया। बाइडन ने कहा कि उन्होंने और मोदी ने इस बारे में पर्याप्त चर्चा की कि हम पिछले जून

में प्रधानमंत्री की व्हाइट हाउस यात्रा के आधार पर भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच साझेदारी को कैसे मजबूत करना जारी रखेंगे।बाइडन ने पारंपरिक राजकीय रात्रिभोज के साथ मोदी की राजकीय यात्रा की मेजबानी की थी, जो भारतीय प्रधानमंत्री के लिए पहला था। बाइडन ने आगे कहा कि जैसा कि मैं हमेशा करता हूं, मैंने मिस्टर मोदी के साथ मानवाधिकारों के सम्मान और एक मजबूत और समृद्ध देश के निर्माण में नागरिक समाज और स्वतंत्र प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व को उठाया। हो सकता है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति उस मुद्दे को पहले से ही दबाने की कोशिश कर रहे हों, जिसके बारे में अमेरिकी प्रेस नियमित रूप से उनसे और उनके अधिकारियों से पूछती रही है।

मोदी-नीतीश की मुलाकात भविष्य की राजनीति के संकेत

दैनिक शुभ भास्कर। पटना

G20 शिखर सम्मेलन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। राष्ट्रपति की ओर से आयोजित डिनर में CM गए, जहां पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई। इस मुलाकात पर बिहार की सियासत गरमा गई है।पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की मुलाकात को भविष्य की राजनीति का संकेत बताया है। वहीं, बीजेपी ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने कई मैसेज दिए हैं। हालांकि, राजद ने कहा कि जीतन राम मांझी मानसिक रूप से दिवालियापन हो गए हैं।

हर तरह का संदेश नीतीश ने दिएः बीजेपी – नीतीश कुमार और मोदी की मुलाकात से बिहार बीजेपी खुश है। बीजेपी के प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रपति के भोज में गए और प्रधानमंत्री के साथ साथ अमेरिका के राष्ट्रपति से मिलें और फोटो भी खिंचवाई। इससे सीएम ने बिहार के लोगों को हर तरह का संदेश दिए हैं। यह भारत माता के प्रति समर्पण का संदेश, I.N.D.I.A. गठबंधन को संदेश, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कांग्रेस पार्टी को भी संदेश दिए हैं।

इसे मानसिक दिवालियापन ही कहेंगेः राजद- जीतन राम मांझी के बयान पर RJD विधायक सतीश दास ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की ऑफिशियल मुलाकात हुई, जिसपर कयास नहीं लगाना चाहिए। राष्ट्रपति के बुलावे पर सीएम नीतीश कुमार गए थे, तो फिर इसे जीतन राम मांझी का मानसिक दिवालियापन ही कहेंगे।

अठावले ने कहा था कभी भी एनडीए में लौट सकते हैं नीतीश – केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले 29 जुलाई को जब पटना आए थे तो कहा था कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कभी भी एनडीए में लौट सकते हैं। अठावले ने तब नीतीश कुमार से यह आग्रह भी किया था कि वे मुंबई की बैठक में न जाएं। हालांकि नीतीश उसमें भाग लेने गए थे।

वित्त मंत्री ने माना, पिछले वित्त वर्ष में देश के ऊपर बाहरी कर्ज बढ़ा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि पिछले वित्त वर्ष में देश के ऊपर बाहरी कर्ज यानी विदेशी लोन बढ़ गया है। अब सवाल ये उठता है कि क्या विदेशी लोन बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर कोई असर पड़ता है और इसका आम आदमी से भी कोई लेना-देना है या नहीं। वैसे वित्तमंत्री ने साफ कहा है कि हमारा विदेशी कर्ज अभी कंफर्ट जोन में है और इकॉनमी को लेकर चिंता नहीं है। दरअसल, मार्च 2023 तक बाहरी कर्ज बढ़कर 624 अरब डॉलर पहुंच गया है। यह देश के विदेशी मुद्रा भंडार से भी ज्यादा है। वहीं, इकॉनमी के अनुपात में देखा जाए तब विदेशी कर्ज 5.3 फीसदी पहुंच गया है। वित्तवर्ष 2021-22 के मुकाबले 2022-23 में बाहरी कर्ज 0.9 फीसदी बढ़ा है, जो करीब 5.6 अरब डॉलर है। अगर मार्च के आखिर तक का रेशियो देखने पर भारत का विदेशी मुद्रा भंडार कुल कर्ज का 92.6 फीसदी था।

वित्तमंत्री ने बताया है कि जीडीपी के मुकाबले देखा जाए तब विदेशी कर्ज का अनुपात नीचे आया है। मार्च के आखिर तक देखा जाए तब जीडीपी के मुकाबले विदेशी कर्ज का अनुपात गिरकर 18.9 फीसदी पर आ गया है, जो एक साल पहले तक 20 फीसदी था। कुल विदेशी कर्ज में से 79.4 फीसदी तब लांग टर्म का लोन है, जबकि 20.6 फीसदी शॉर्ट टर्म का लोन होता है। वित्तमंत्री का कहना है कि अगर दूसरे मिडिल इनकम वाले देशों के मुकाबले देखा जाए तब भारत की स्थिति काफी बेहतर है। हमारे कुल विदेशी कर्ज में शॉर्ट टर्म लोन काफी कम है, इससे अर्थव्यवस्था पर बोझ नहीं आता है। हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भी कर्ज के मुकाबले करीब 92 फीसदी है। निर्यात, ग्रॉस नेशनल इनकम के मुकाबले भी विदेशी कर्ज बहुत ज्यादा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी के बाद दुनियाभर में कर्ज की ब्याज दरें बढ़ गई हैं, जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है।

ट्रेन से कटकर पशुपालक सहित करीब 200 भेड़ों की मौत

गाजीपुर। गाजीपुर के खालिसपुर गांव के सामने देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से पशुपालक सहित करीब 200 भेड़ों की कटकर मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पशुपालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। नागपुर गांव रहने वाले राम प्रसाद पाल खालिसपुर गांव से भेड़ लेकर रेलवे ट्रैक के किनारे होते हुए कठवामोड़ जा रहा था। देर शाम 7. 30 बजे ट्रेन की चपेट में आने से भेड़ कटने लगे। उन्हें बचाने के लिए पशुपालक कोशिश करने लगा। इसी दौरान पशुपालक की भी कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भेड़ों के शवों को ट्रैक से हटाया और पशुपालक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देने के साथ मॉर्चरी हाउस में सुरक्षित रखवा दिया। समूह में चलने वाली भेड़, कभी-कभी ऊंचे आवाज (सायरन) को सुनकर बिदक जाती हैं।

विदेशी चैनल पर आईआईटी दिल्ली की प्रोफेसर के बयान से मचा हंगामा

नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली की एक प्रोफेसर के हिंदुत्व को लेकर आपत्तिजनक बोल सामने आए हैं। आईआईटी दिल्ली की प्रोफेसर ने एक विदेशी न्यूज चैनल के साथ बातचीत में कहा है कि भविष्य का भारत हिंदुत्वविहीन होगा। प्रोफेसर का वीडियो वायरल होने के बाद इस पर विवाद बढ़ गया है।आईआईटी दिल्ली में सोशल साइंस डिपार्टमेंट की असोसिएट प्रोफेसर दिव्या द्विवेदी ने जी20 से जुड़े एक चर्चा के दौरान यह विवादित बातें कहीं। उन्होंने फ्रांस-24 से कहा, 'दो भारत हैं, एक भारत पुराना है, जिसमें बहुसंख्यक आबादी को दबाने वाली जातिवादी व्यवस्था है। फिर एक भविष्य का भारत है जिसमें जातिवादी शोषण और हिंदुत्व नहीं होगा। फ्रांस-24 के पत्रकार ने जब भारत की आर्थिक प्रगति की बात की और कहा कि एक रिक्शाचलाने वाले को भी टेक्नॉलजी विकास का लाभ मिला है, तो द्विवेदी ने कहा कि इस तरह की बातें मीडिया ने गढ़ी हैं।

स्वास्थ्य निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों का बंद होगा एनएपीए

मोड़ी सीएचसी का औचक निरीक्षण में पुरा स्टाफ नदारद

सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान /उदयपुर। सीएमएचओ एव बीसीएमओ ने देखें मरीज़ जारी होंगे कारण बताओ नोटिस-सीएमएचओ मुख्यालय नहीं रहने वाला कार्मिको का बंद होगा एचआरए निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों का बंद होगा एनएपीए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि आज वल्लभनगर ब्लॉक में औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,मोडी पर प्रातः 9:05 बजें तक कोई भी चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग आफिसर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित नहीं था। सीएमएचओ के साथ वल्लभनगर बीसीएमओ डॉ कुलदीप लोहार और जिला सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सोलंकी थे।रविवारीय अवकाश होने पर आज

9 से 11बजे तक का ओ पी डी समय होता है। मौसमी बीमारियों के चलते मरीजों की संख्या अधिक थी। सभी इंतजार कर रहे थे। सभी मरीजों को सीएमएचओ और बीसीएमओ ने जांच कर उपचार किया। सूचना भेजने पर 10 बजे एक चिकित्सा अधिकारी एवं एक नर्सिंग आफिसर जिनकी ड्यूटी थी वो उपस्थित हुए।पूरे संस्थान पर अव्यवस्था फैली हुई थी।बायो वेस्ट का निस्तारण सही नहीं किया जा रहा था। सफाई व्यवस्था ठीक नहीं थी। आवश्यक सामग्री भी जगह-जगह फैली मिली। दवाओं को स्टोर में सही रखने के बजाय यहां वहां डाला हुआ था। लेब में पुराने सैम्पल पाये गये ,या तो इनकी जांच नहीं की गई या जांच के बाद इनका निस्तारण नहीं किया गया। इसके लिए बीसीएमओ को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। वहां रखे फ्रिज में छाछ से भरी बोतल रखी पाई गई जो नियम विरुद्ध है। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोडी पर छः चिकित्सा अधिकारी हैं पर मौके पर कोई उपस्थित नहीं थे। एसी स्तिथि में मुख्यालय पर नहीं रहने वाले कार्मिको का एचआरए बंद करने की कार्यवाही की जाएगी! वहां उपस्थित मरीजों ने बताया कि रोज सिर्फ एक डाक्टर ही सभी का ईलाज करता है। दुसरे नहीं आते हैं।और इंचार्ज चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करता है तथा उदयपुर प्रतापनगर में निजी क्लिनिक एवं लैब खोल रखी है ! डॉ बामानिया बी बताया कि इंचार्ज के विरुद्ध जाँच टीम गठित कर जाँच कराकर एचआरए और एनएपीए बंद करने की कार्यवाही की जाएगी। उपस्थिति रजिस्टर में डाट लगा कर बीसीएमओ और सीएमएचओ ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अनुपस्थित होने का कल करण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और आवश्यक होने पर निलम्बन की कार्रवाई भी की जायेगी। वहां से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाठेडा कलां पहुंच पर वहां चिकित्सा अधिकारी एवं पूरा स्टाफ उपस्थित पाया। सभी व्यवस्थाएं एवं सफाई सही मिली।

चुनावी मोड में नीतीश..2 दिन में 850 नेताओं संग बैठक

दैनिक शुभ भास्कर। पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार अपने पार्टी नेताओं के साथ सीएम हाउस में आज से दो दिवसीय महामंथन करेंगे। इस दौरान वे पार्टी के प्रमंडल प्रभारियों, जिला अध्यक्षों और प्रखंड अध्यक्षों समेत संगठन के 850 नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पहले दिन सीएम पार्टी के 51 संगठन जिलों के जिला अध्यक्षों और प्रमंडल प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। कल यानी12 तारीख को सीएम पार्टी के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के 534 प्रखंड अध्यक्षों के साथ मंत्रणा करेंगे। इधर आरजेडी की बैठक का आज दूसरा दिन है।

डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर मीटिंग होगी। वहीं कल की बैठक में तेजस्वी ने पार्टी के नेताओं को चुनाव के लिए

तैयार रहने को कहा है। 18 सितंबर से शुरू हो रहे लोकसभा के विशेष सत्र से पहले सीएम नीतीश कुमार की इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। सियासी गलियारों में इसे लेकर अलग-अलग चर्चाएं हैं। कुछ इसे लोकसभा चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिए सीएम का प्लान तो कुछ चुनाव से पहले सीएम का ग्राउंड जीरो से फीडबैक मीटिंग बता रहे हैं। जेडीयू सूत्रों की माने तो इस दो दिवसीय मीटिंग में सीएम अपने नेताओं को लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों के मोर्चे पर दिशा-निर्देश देंगे।

ख़ास ख़बर

वरीय पत्रकार मृगेन्द्र मणि सिंह को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

अररिया। एक दैनिक अखबार अररिया के ब्यूरो चीफ मृगेन्द्र मणि सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है.इस बावत उनके द्वारा एक आवेदन मेल के माध्यम से अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह को भेजते हुए न्याय की गुहार लगाई गई है. अररिया के ब्यूरो चीफ मृगेन्द्र मणि सिंह ने एसपी को आगे यह भी लिखा कि पत्रकार को जान मारने की धमकी देने के साथ अखबार की स्वतंत्रता पर भी हमला किया गया है. ऐसे निष्पक्ष पत्रकारिता पर भी आघात है.. हाल हीं में रानीगंज निवासी स्व विमल कुमार यादव की अपराधियों द्वारा गोली मारकर की गई हत्या के बाद वैसे भी पत्रकारों के परिजन सहमे हुए हैं. ऐसे में पप्पू पासवान द्वारा फोन पर मुझे जान से मारने की धमकी के बाद परिजन सदमें में है. ब्यूरो चीफ मृगेन्द्र मणि सिंह ने एसपी को आगे लिखा कि वे तीर्थ यात्रा के कारण बाहर है, इसलिए व्हाट्सएप मेल के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा रहा हूं. एसपी को आगे लिखा कि दोषी व्यक्ति के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई किया जाना जरूरी है. इधर, आवेदन प्राप्त होते ही अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पप्पू पासवान को अररिया के जीरो माइल से गिरफ्तार कर लिया है, जिसे न्यायिक अभिरक्षा में मंडल कारा अररिया जेल भेज दिया गया है.

डिप्टी सीएम तेजस्वी के आवास उत्तरी बिहार के राजद नेताओं लगा जमावड़ा

पटना। उत्तरी बिहार के राजद के प्रमुख राजनीतिक नेताओं का उपमुख्यमंत्री बिहार श्री तेजस्वी यादव के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी उत्तर बिहार के राजद के जिला अध्यक्ष, प्रधान महासचिव, सांसद, मंत्री, विधायक, एमएलसी, आयोग के अध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी के साथ राजद के अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक के दौरान, सांगठनिक ढांचा के मजबूती पर चर्चा हुई और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर गंभीर चर्चा हुई। यह समय रहा है जब उत्तरी बिहार के राजनीतिक घटनाओं की संभावित दिशा को लेकर चर्चा की जा रही है, और विभागीय सहमति तय करने का प्रयास किया गया है। इस बैठक में अररिया जिले के चर्चित नेता शत्रुघ्न मंडल भी उपस्थित रहे, और इनकी लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर दावेदारी प्रबल है।उन्होंने बताया इस बैठक ने उत्तरी बिहार के राजनीतिक परिपेक्ष्य को दर्शाने का मौका प्रदान किया और आने वाले चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

जयनगर के शहीद चौक से जदयू कार्यकर्ताओं ने पोल खोल अभियान कार्यक्रम के तहत मशाल जुलूस एवं कैंडल मार्च

जयनगर/मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जदयू प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने किया। खजौली विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय शहीद चौक से पूरे शहर में भ्रमण करते हुए रेलवे स्टेशन चौक पर समाप्त हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जाति आधारित गणना रिपोर्ट में पेंच बसा रही है। केन्द्र सरकार के द्वारा साजिश के तहत देश की जनता को गुमराह करने की साजिश रची जा रही है। बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर के बनाए गए भारत के संविधान को बदला जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र में बैठी बीजेपी की सरकार आरक्षण विरोधी है। देश और संविधान को बचाने के लिए बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा भगाओ देश बचाओ जाति विरोधी गणना की सरकार होश में आवो के नारे लगा रहे थे। मशाल जुलूस में खजौली प्रमुख उषा सिंह, युवा जिलाध्यक्ष हिरा मांझी, राम बाबू कामत, राम विनोद सिंह, सुकदेव महतों, मो. मुमताज, विनय कुमार सिंह, शम्भु गुप्ता, संतोष कुमार साह,बबलू राउत शौकत अली खान,मो शकुर, मो, मुजाहीद, संतोष राय, समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिला न्यायार्थियों संग जिला जज व अन्य गणमान्य लोगों द्वारा के दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ

राष्ट्रीय लोक अदालत के पटल पर 1518 मामलो का निष्पादन

अररिया। व्यवहार न्यायालय अररिया के प्रांगण में इस वर्ष तीसरी बार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ.राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर का उद्घाटन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिला न्यायार्थियों संग जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह व अन्य गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. उद्घाटन सत्र के मौके पर फैमिली जज उज्ज्वल कुमार सिन्हा, एडीजे-01 मनोज कुमार तिवारी, एडीजे-02 संजय कुमार रॉय, एडीजे-06 अजय कुमार, एडीजे सह डीएलएसए सचिव रवि कुमार, सीजेएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसीजेएम-01 रितु कुमारी व जेएम प्रीति रॉय सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी, मुख्यालय डीएसपी, डीडीसी सहित जिला बार एसोसिएशन के मो हासिम व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मो मंजूर आलम सहित दर्जनों अधिवक्ता व विभिन्न बैंकों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत मे सुल्हानिये वादों के निपटारा के बाद अपील नही होता है. इस राष्ट्रीय लोक अदालत मे पक्षकारों की मौजूदगी में कुल 1518 सुल्हानिये मामलो का निपटारा समझौते के आलोक में किया गया. एडीजे सह डीएलएसए सचिव रवि कुमार ने बताया कि इसबार बैंच संख्या-01 में फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश उज्ज्वल कुमार सिन्हा व महिला अधिवक्ता संगीता कुमारी के द्वारा वर्ष 2015 का लंबित मामला मे पति-पत्नी के बीच समझौता करा दिया गया है. अब, दोनो पति-पत्नी के बीच मधुर संबंध स्थापित हो गया है. वे लोग खुशी खुशी साथ रह रहे हैं. वही, बेंच संख्या-02 मे उत्पाद विशेष न्यायधीश-02 संतोष कुमार गुप्ता व अधिवक्ता केके झा के द्वारा मोटर वेहकिल कंपनसेशन केस 37/2014 मे पीड़िता दुलारी देवी को क्लेम की राशि में भी 07 लाख रुपये में समझौता करा दिया है. बैंच नंबर-04 मे प्रतिनियुक्त एसीजेएम-01 रितु कुमारी व महिला अधिवक्ता मेनिका कुमारी की पीठ ने वर्ष 2004 के जीआर 1632/2004 के सूचक मो आलम पिता सनी साकिन इसरहवा थाना महलगांव के द्वारा राजी खुशी से समझौता पत्र दाखिल करवा मुकदमा के निष्पादन मे अहम भूमिका निभाई. जबकि बैंच नंबर-06 मे प्रतिनियुक्त ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रीति रॉय व अधिवक्ता कैलाश चन्द्र यादव की पीठ ने वर्ष 1996 के मामला को निष्पादित किया है. फारबिसगंज 85/1996 जीआर 538/96 के सूचक अब्दुर्रज्जाक पिता स्व शमसुल साकिन पुरवारी झिरवा थाना सिमराहा ने समझौता पत्र दाखिल कर स्वेच्छा से मुकदमा समाप्त करने की पहल किये. वही, आगे बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के पटल पर सुलहनीय आपराधिक वादों के 442 मामले, मोटर इंश्योरेस से संबंधित 01 मामले, मैट्रीमोनियल के 24 केसेस, एनआई एक्ट के 02 मामलो का निपटारा हुआ हैं. वही जिला पदाधिकारी द्वारा गठित बेंच में कार्यपालिका की ओर से पीठासीन पदाधिकारी की ओर से 127 मामले निपटाये गये. बताया गया कि जिले के सभी बैंक मिलकर कुल 924 मामलों में 03 करोड़ 97 लाख 20 हजार 745 रूपया समझौता के तहत 01 करोड़ 81 लाख 73 हजार 885 रूपया की वसूली किया गया. एडीजे सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रवि कुमार ने जानकारी देते हुए पत्रकारो को बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक मामलो के निष्पादन के लिए इसबार भी सर्वाधिक 10 बैंच लगाये गये थे. एडीजे रवि कुमार ने बताया कि पहले बैंच मे 24 मामलों का निपटारा हुवा. वही, दूसरे बैंच मे 16 मामलों का निपटारा हुवा. तीसरे बैंच मे 27 मामलों का निपटारा हुवा. चौथे बेंच मे 72 मामलों का निपटारा हुवा. पांचवे बेंच मे 67 मामलों का निपटारा हुवा.छठे बैंच मे 44 मामलों का निपटारा हुवा. सातवे बैंच मे 75 मामलों का निपटारा हुवा.आठवें बैंच मे 98 मामलों का निपटारा हुवा. नौवे बैंच मे 44 मामलों का निपटारा हुवा.दसवें बैंच मे 127 मामलों का निपटारा हुवा. राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में हेल्प डेक्स भी लगाया गया. वही, मंच का सफल संचालन जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद ने की. जबकि धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एडीजे सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि कुमार ने कहा कि सबो के सहयोग की बदौलत ही इतने अधिक मामलो का निपटारा हो सका है।

नागरिक संघर्ष समिति का जनआक्रोश मार्च 14 को

फारबिसगंज। फारबिसगंज-सहरसा बड़ी रेल लाइन परिचालन में हो रही देरी के खिलाफ नागरिक संघर्ष समिति 14 सितंबर को फारबिसगंज के पोस्ट ऑफिस चौक से फारबिसगंज स्टेशन तक जन आक्रोश मार्च करेंगे,इस बाबत शहर के छुआ पट्टी स्थित कार्यलय में पूर्व उपमुख्य पार्षद शाद अहमद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई जहाँ समिति के सदस्यों ने कहा की अमान परिवर्तन को एक दशक से जायदा व्यक्त बीत जाने के बाद भी फारबिसगंज-सहरसा बड़ी रेल लाइन का ना चलना दुर्भाग्यपूर्ण हैं,फारबिसगंज-सहरसा रेल नहीं चलने से आम जनमानस में आक्रोश हैं, यह परिचालन व्यवसायिक,सामाजिक और सामरिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण था,समिति के सदस्यों ने कहा की आगामी 14 सितंबर को जन आक्रोश मार्च में शहर के सभी दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठिनों को बंद कर अपना नैतिक समर्थन देंगे, वही समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की हैं की वें 14 सितंबर को सुबह 10 बजे फारबिसगंज पोस्ट ऑफिस से शुरू होने वाली जन आक्रोश मार्च में शामिल होकर अपना विरोध दर्ज़ करवाएं, मौके पर नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद, सचिव रमेश सिंह,प्रवक्ता पवन मिश्रा पूर्व उपमुख्य पार्षद शाद अहमद, समाजसेवी राजू अग्रवाल,वाहिद अंसारी, राहिल खान, गौरव गुप्ता इनामुल हक़, रिक्की व अन्य शामिल थे।

"पंचायत भवन लैलोखर" में एसएसबी द्वारा 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का उद्घाटन

अररिया। मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 11/09/2023 को श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अररिया द्वारा सीमाचौकी लैलोखर के कर्तव्यक्षेत्र के अंतर्गत "पंचायत भवन लैलोखर" में 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। जिसमें कुल 24 महिलाओं ने प्रशिक्षण लेने हेतु नामांकन किया है। यह प्रशिक्षण 52वीं वाहिनीं के दर्जी द्वारा कराया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई के विभिन्न गुर सिखाए जाएंगे। श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण वाहिनीं द्वारा सीमावर्ती इलाकों में लगातार चलाए जा रहे हैं जिसका मुख्य उद्देश्य ही यह है कि सीमावर्ती लोगों को स्वालंबी और सक्षम बनाना है। ताकि वह स्वरोजगार कर स्वयं के परिवार का भरण पोषण कर सके। इस अवसर पर श्री सी विवेक सहायक कमांडेंट, स० उ० निरिक्षक विष्णु पदा घोष, मु. आ. जगत नारायण सिंह, आरक्षी तेज सिंह बोरा, राजेन्द्र सिंह, रोहित के साथ अन्य बालकर्मी उपस्थित रहें। वही मो. मतलुब आलम, मुखिया लैलोखर , मो. मजहर अली, सरपंच लैलोखार भी इस प्रशिक्षण के उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे।

स्मैक का अवैध कारोबार करने वाले 02 अभियुक्तों को अररिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

अररिया। स्मैक का अवैध कारोबार करने वाले 02 अभियुक्तों को अररिया नगर थाना पुलिस द्वारा जीरो माइल के पास से रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा विभिन्न कांडों के 04 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गरुडा गांव के पास से शव बरामद

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)। रोहतास पुलिस अधीक्षक विनित कुमार ने बताया कि जिला के संझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनांक-10.सितबंर.2023 के रात्रि में गरुड़ा गाँव से 500 मीटर की दूरी पर ग्रामीण सड़क के किनारे एक शव बरामद हुआ है। घटनास्थल पर संझौली थाना पहुचकर शव को कब्जे में लिया जिनकी पहचान जयप्रकाश कुमार, पे0-धनजी सिंह, सा0-गरुड़ा, थाना- संजौली, जिला-रोहतास के निवासी के रूप में हुई है। मृतक के परिवार द्वारा गला दबाकर हत्या करने की बात बताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेजा गया। अब तक आवेदन अप्राप्त है।

दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो दोस्त जख्मी

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, भोजपुर। जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप देर शाम घटी घटना आरा-अरवल मुख मार्ग पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप देर शाम दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उनके दोस्तो द्वारा दोनो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बजरुआ गांव निवासी मनोज कुमार का 16 वर्षीय पुत्र ऋतिक गौरव एवं उसी थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी राजेंद्र सिंह का 16 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार शामिल है एवं दोनों दोस्त है। इधर जख्मी ऋतिक गौरव का दोस्त विमलेश कुमार ने बताया कि वह दोनों शुक्रवार की शाम आरा में किसी बर्थडे पार्टी में आया थे। जब दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे उसी दौरान तेतरिया गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद विमलेश कुमार को किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सूचना मिली के बजरुआ गांव निवासी एक युवक जख्मी हो गया। सूचना पाकर वह अपने अन्य दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

भोजपुर पुलिस ने ट्रक चालक व राहगीरों से लूट करने वाले दो लुटेरों किया गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर पुलिस ने ट्रक चालक एवं राहगीरों से लूट करने वाले गिरोह के दो लुटेरों को शक्रवार की रात्री गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरों के पास से पुलिस ने दो देसी कट्टा,दो जिंदा कारतूस एवं तीन मोबाइल बरामद की है। साथ ही पुलिस ने उनके दो बाइक जब्त किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी संतोषी रोहानी का पुत्र संजीत कुमार एवं उसी थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी जितेश प्रसाद का पुत्र राहुल कुमार शामिल है। इसकी पुष्टी भोजपुर पुलिस ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि बड़हरा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली बबुरा-छपरा मूर्ख मार्ग पर छोटकी पुल के समीप कुछ अपराधी अपराधी लूटपाट करने को लेकर इकट्ठा हुए हैं। उनके द्वारा अक्सर राहगीरों एवं ट्रक चालक उसे लूट की जाती है। सूचना मिलते ही बड़हरा थाना पुलिस फौरन वहां पहुंची और दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस ने उन दोनों की तलाश ली तो उनके पास से देसी कट्टा,दो जिंदा कारतूस व तीन मोबाइल बरामद किया। इसके अलावा पुलिस ने उनके पास रहे दो बाइक को भी जब्त किया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि जब दोनों अपराधियों से जब पूछता कि तो उन्होंने बताया कि वे लोग रात में ट्रक चालक एवं राहगीरों से लूट की नियत से निकलते थे और कल रात भी वे सभी राहगीरों एवं ट्रक चालक को से लुट करने के लिए निकले थे। वही उन्होंने बताया कि अपराधियों के साथ दो-तीन और लड़के भी थे। उनका सत्यापन किया जा रहा है। जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अपराधी भोजपुर से छपरा तक जाते थे। इस बीच जो भी राहगीर एवं ट्रक चालक मिलते थे उन्हे लूट लेते थे।

मो.अनवर एआईएमआईएम जोकीहाट के प्रखंड सचिव तो अबूजर आलम को किसान सेल अध्यक्ष का दायित्व

जोकीहाट। एआईएमआईएम के प्रखंड अध्यक्ष जनाब मिन्हाज आलम के नेतृत्व में चलाई जा रही सदास्यता आभियान में विभिन्न दलों से जुड़े लोगों ने ओबैसी साहब की पार्टी पर आस्था रख एआईएमआईएम की सदस्यता ली मिन्हाज आलम साहब ने कहा कि अररिया जिला के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मेनिगार, पलासी प्रखंड के संगठन सचिव मो-तौसीक आलम , युवा उपाध्यक्ष मो- नसर आलम, और मौलाना अबदुल्ला सालिम साहब ने मिलकर नये सदस्य का गठन किया जिसमें मो.अनवर को (प्रखंड सचिव) अबूजर आलम (किसान सेल अध्यक्ष),मो. शौकत आलम (कोषा अध्यक्ष) मो - शाहिद आलम(प्रकोष्ठ अध्यक्ष) तारिक जमील (मीडिया प्रभारी) एहराज आलम (उप सचिव) बनाए गए।

अभियान | गर्भवती महिला व बच्चों की सेहत व सुरक्षा के लिहाज से टीकाकरण जरूरी

जिले में छह दिवसीय मिशन इंद्रधनुष 0.5 कार्यक्रम शुरू

अररिया । जिले में मिशन इंद्रधनुष 0.5 अभियान सोमवार से शुरू हुआ। जिले के सभी प्रखंडों में इसे लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इसे लेकर रानीगंज के धामा पंचायत अंतर्गत मिडिल स्कूल धामा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जहां वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय मुखिया मिन्नतुल्लाह रहमानी उर्फ मिन्नत ने अभियान का उद्घाटन किया। इस क्रम में स्थानीय मुखिया ने ग्रामीणों को बढ़चढ़ कर अभियान में भाग लेते हुए अपने बच्चों को टीकाकृत कराने की अपील की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह, डीआईओ डॉ मोईज, डीपीएम संतोष कुमार, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ शुभान अली, एसएमसी यूनिसेफ आदित्य कुमार, एमओआईसी रानीगंज डॉ रोहित कुमार, बीएचएम प्रेरणा रानी वर्मा, बीसीएम राजा वसीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

16 सितंबर तक संचालित होगा अभियान का पहला चरण – सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान का पहला चरण 16 सितंबर तक संचालित है। टीकाकरण से वंचित बच्चों की ड्यूलिस्ट तैयार की गयी है। इसके मुताबित शतप्रतिशत गर्भवती महिलाएं व बच्चों का टीकाकरण प्रमुखता के आधार पर किया जाना है। उन्होंने गर्भवती महिला व बच्चों की सेहत व सुरक्षा के लिहाज से टीकाकरण को महत्वपूर्ण बताया।

गर्भवती महिला व पांच साल तक बच्चों का टीकाकरण का लक्ष्य- अभियान की जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष 5.0 के पहले चरण में अररिया व फारबिसगंज शहरी क्षेत्र में कुल 52 सेशन साइट निर्धारित हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में कुल 1040 साइट पर सत्र संचालित होगा। अभियान के क्रम में दो वर्ष से कम उम्र के कुल 15 हजार 13 बच्चे टीकाकरण के लिये लक्षित हैं। वहीं 02 से 05 साल के 04 हजार 334 बच्चे लक्षित हैं। नौ माह से दो वर्ष तक के 03 हजार 221 बच्चों को एमआर-1 व 02 हजार 847 बच्चों को एमआर-2 का टीका लगाया जाना है। वहीं अभियान के क्रम में 03 हजार 598 गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत करने का लक्ष्य है।

फारबिसगंज ग्रामीण व रानीगंज प्रखंड में सबसे अधिक सत्र- मिशन इंद्रधनुष 5.0 की सफलता के लिये फारबिसगंज ग्रामीण में कुल 165 सत्र बनाये गये हैं। वहीं रानीगंज प्रखंड में 141 सत्र संचालित होगा। इसके अलावा अररिया ग्रामीण में 126, भरगामा में 79, जोकीहाट में 165, कुर्साकांटा में 72, नरपतगंज में 115, पलासी में 113, सिकटी में 67 टीकाकरण सत्र संचालित किये जायेंगे। छह दिवसीय अभियान के पहले दिन जिले में 151 सत्र, दूसरे दिन 85 सत्र, तीसरे दिन 337 सत्र, चौथे दिन 131 सत्र, पांचवें दिन 289, छठे व अंतिम दिन 47 सत्र संचालित किये जायेंगे।

जिले में 2584 टीबी मरीज इलाजरत, टीबी नोटिफिकेशन में आयी है तेजी

अररिया। जिले को टीबी मुक्त बनाने की पहल अब संकल्प का रूप लेने लगा है. स्वास्थ्य विभाग इसे एक जनआंदोलन का रूप देने की पहल कर रहा है. संभावित मरीजों की खोज, समुचित इलाज का इंतजाम व मरीजों तक हर संभव मदद पहुंचाने संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है. टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में निक्षय मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो रही है. अब तक जिले के कई वरीय प्रशासनिक व स्वास्थ्य अधिकारी इस अभियान से जुड़ चुके हैं. उनके माध्यम से मरीजों को नियमित रूप से पोषाहार सहित अन्य मदद उपलब्ध करायी जा रही है. इसी कड़ी में जिलाधिकारी, सिविल सर्जन व जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा गोद लिये गये मरीजों के बीच सोमवार को पोषाहार पैकेट वितरित किया गया. जिला टीबी समन्वयक व निक्षय मित्र योजना के नोडल अधिकारी दामोदर प्रसाद ने बताया कि जिले में फिलहाल टीबी के 2584 इलाजरत मरीज हैं. जिले में पंजीकृत निक्षय मित्रों की संख्या 88 है. उनके माध्यम से कुल 202 मरीजों को जरूरी सहायता उपलब्ध करायी जा रही है. निक्षय मित्रों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है. हाल के दिनों में टीबी रोगियों की जांच व नोटिफिकेशन मामले में तेजी आयी है. ओपीडी में आने वाले संभावित मरीजों की प्रमुखता के आधार पर जांच की जा रही है. संबंधित मामले में भरगामा, कुर्साकांटा, रानीगंज व सिकटी का प्रदर्शन काफी बेहतर है. इसी तरह बीते अगस्त माह में स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन संबंधी निर्धारित लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि 89 प्रतिशत रही है. वहीं प्राइवेट नोटिफिकेशन मामले में बीते अगस्त माह में करीब 06 फीसदी का सुधार हुआ है.

ख़ास ख़बर

विधुत ऊर्जा की चोरी के खिलाफ 15 लोगों पर जुर्माना सहित प्राथमिकी दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास। स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के धुस स्थित विधुत पावर सबस्टेशन क्षेत्र के डेहरी और मंरोझिया गांव में बिजली चोरी के खिलाफ कनीय विद्युत अभियंता पंकज कुमार शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पंद्रह लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। बाद में सभी के खिलाफ जुर्माना लगाते हुए कनीय विद्युत अभियंता ने सभी पर जुर्माना लगाते हुए स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। दोषियों में मंरोझिया गांव के राजदेव सिंह जुर्माना 17106 रूपये, कामेश्वर सिंह जुर्माना 40285 रूपये, राजेंद्र प्रसाद सिंह जुर्माना 27574 रुपये, रामाकांत सिंह जुर्माना 27110 रूपये, रजिन्द्र साह जुर्माना 17320 रूपये, इजहार अंसारी जुर्माना 22853 रुपये, धनजी साह जुर्माना 17320 रूपये, संजय भगत जुर्माना 8472 रुपये, डेहरी गांव के शमशेर आलम जुर्माना 27350 रुपये, सुरेंद्र कुमार जुर्माना 51203 रूपये, संजय कुमार सोनी जुर्माना 33972 रूपये, श्याम बिहारी राम जुर्माना 39485 रुपये, जगरनाथ साह जुर्माना 35770 रूपये, प्रमोद शर्मा जुर्माना 25980 रूपये और राम नगीना शर्मा जुर्माना 22506 रूपये शामिल हैं।

गोडारी मे बंद रही दुकाने, घूमते रहे बजार करने आए लोग

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, काराकाट/रोहतास। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद राधिका कुमारी के जेठ मुन्ना भारती, उपमुख्य पार्षद व वार्ड पार्षदों के बीच का विवाद व आपसी खींचातान अब थाना के साथ सतह पर भी आ गया है। दोनों पक्ष से एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी भी कराई गई है। सोमवार को गोड़ारी बाजार के दुकानदारों ने उपमुख्य पार्षद रबिश रंजन के समर्थन में उतरते हुए सामूहिक रूप से अपनी दुकानें बंद कर दिया। दुकानदार हरिनारायण प्रसाद, किराना दुकानदार हरि सेठ, मिठाई दुकानदार लाला प्रसाद व दीपक कुमार का कहना है कि हमने अपनी दुकान उपमुख्य पार्षद रबिश रंजन के समर्थन में स्वेच्छा से बंद की है। नगर विकास की बात करने पर प्राथमिकी कराना क्या उचित है। जबकि नोकझोक मुन्ना भारती व कुछ वार्ड पार्षदों के बीच हुई थी। हलाकि कुछ दुकानदारों ने दुकान बंद करने के लिए बाजार के ही कुछ लोगों द्वारा आग्रह करने की बात भी कही। परन्तु एक मार्केट को छोड़ बाजार की सभी दुकान बंद पाई गई। उपमुख्य पार्षद के अनुसार मुन्ना द्वारा पांच अज्ञात के साथ मेरे विरुद्ध एसी एसटी व अन्य धाराओं में प्राथमिकी कराई गई है। जबकि मुख्य पार्षद के कार्यवाह होने के चलते नगर के विकास संबंधी बात तो उनसे ही करनी होती है। वहीं मुन्ना भारती ने भी खुद के विरुद्ध तीन महिला वार्ड पार्षदों द्वारा अलग - अलग प्राथमिकी कराने की बात कही गई। जिसमें मारपीट व दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया है। इसके पहले भी मेरे साथ कई घटना घटी, लेकिन हमने दुकान नहीं बंद करवाया। जबकि इससे अनजान बजार करने आए लोग धुप मे इधर उधर भटकते रहे

मुर्गा लदे पिक अप लूट कांड का हुआ खुलासा, मालिक के पूर्व चालक ने ही लूट की घटना की रची साजिश

मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सुपौल पुलिस ने दो दिन पहले 9 सितंबर को अपराधियों द्वारा मुर्गा सहित पिक अप लूट कांड का खुलासा किया है। जिसमे तीन अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से करीब दस क्विंटल मुर्गा सहित लूट की गई पिक अप बरामद की गई है। बताया गया है कि लूट के इस घटना में मुर्गा फॉर्म मालिक के पूर्व वाहन चालक भी शामिल हैं। एसपी शैशव यादव ने पीसी कर यह जानकारी देते हुए कहा है कि सदर थाना क्षेत्र के करीहो बगही मार्ग में नौ सितंबर की सुबह मधेपुरा निवासी प्रशांत कुमार का मधेपुरा से सुपौल आ रहे मुर्गा लदा एक पिक गाड़ी को अपराधियों ने लूट लिया। बताया गया कि कार सवार अपराधियों ने पिक को मुर्गा सहित लूट लिया था और पिक अप के चालक को बंधक बनाकर पिपरा थाना क्षेत्र में कहीं छोड़कर भाग निकले थे। जिसके बाद एसपी ने इस लूट कांड के उद्भेदन के लिए टीम का गठन किया। गठित टीम ने घटना की जांच शुरू की जिसमे वैज्ञानिक अनुसंधान और अन्य साक्ष्यों के सहारे अंतर जिला गिरोह के तीन अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों में पूर्णियां जिले के राहुल साह, मधेपुरा जिले के बबलू कुमार और त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के विनोद यादव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने लूट की इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से लूटी गई करीब दस क्विंटल मुर्गा और पिक अप गाड़ी भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी शैशव यादव ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में से राहुल साह पहले उसी पिक का चालक था जिसे मालिक द्वारा हटा दिया गया था। इसके अलाव एक अन्य अपराधी बबलू कुमार भी पहले मालिक के वाहन का चालक था। दोनो ने मिलकर इस घटना की साजिश रची थी। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की भी तलाशी की जा रही है।

राष्ट्रीय चेतना मंच के बैनर तले प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन

सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल। जिले के प्रतापगंज प्रखंड अंतर्गत छात्र छात्राओं में छिपी प्रतिभा को निखारने एवं उनका उचित मार्गदर्शन हो सकें उसके लिए एस. एन. जन. इंटरनेशनल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट ने अपनी समाजी एवं समुदाई जिम्मेदारी अदा करने के लिए राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के बैनर तले एक महा प्रतियोगिता परीक्षा क्लासी सर्च एक्जामिनेशन –2023 का आयोजन तीसरी बार अंग्रेजी एवम हिन्दी माध्यम से अध्यनरत वर्ग नर्सरी से आठवीं तथा नौंवी से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं के लिए करने जा रही है। यह प्रतियोगिता परीक्षा 04 –12 फरवरी 2023 तक विभिन्न जगहों पर आयोजित होगी। जिसके फॉर्म भरने की आखरी तारीख 31 जनवरी 2023 तक है। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनो सुविधा के साथ फॉर्म भरा जा सकता है। परीक्षा में सफल बच्चों को सर्टीफिकेट एवं आकर्षक उपहार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम 26 फरवरी 2023 को होना है। इस कार्यक्रम में कई गण्यमान विभूतियों और शिक्षाविदों का आगमन सुनिश्चित है। नई शिक्षा नीति के आधार पर हमारी शिक्षा व्यवस्था भी लागू होना है उसके लिए भी जन जागरूकता आवश्यक है। अतः ये प्रतियोगिता परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो और नई शिक्षा नीति से भी सभी अवगत हो सकें तथा पाठ्यक्रम की जानकारी शिक्षकों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हो सके उसके लिए आज चिल्ड्रेन च्वाइस पब्लिक स्कूल, सुरजापुर में एक डमी / रेहल सेहल (मॉक ड्रिल) परीक्षा तथा नई शिक्षा नीति पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। आज का ये कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा जिसकी सराहना उपस्थित अभिभावक एवं अतिथिगण अपने अभिव्यक्ति में कर रहे थे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। अशफाक नदवी, गुलजार , बरूण कुमार, विनय झा, आसिया खानम, समीर इत्यादि का योगदान अतिमहत्वपूर्ण रहा।

पोल खोल अभियान के तहत जदयू ने निकाला मसाल जुलूस

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल। जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र स्तिथ पिपरा बाजार में जदयू नेता व कार्यकर्ताओं ने जाति आधारित जनगणना रोकने की साजिश करने वाली भाजपा के खिलाफ पोल - खोल हल्ला - बोल कार्यक्रम के तहत जदयू के पिपरा विधायक रामविलास कामत के आह्वान पर रविवार को भाजपा के खिलाफ प्रखंड जदयू अध्यक्ष उपेंद्र मंडल के नेतृत्व में मसाल जुलूस निकाला गया। जदयू प्रखंड कार्यालय के प्रांगण से मसाल जुलूस निकालकर बाजार के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया गया। इस दौरान जदयू कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की जा रही थी। इस दौरान विधायक रामविलास कामत ने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की सरकार को उखाड़ फेंकने को लेकर पार्टी नेतृत्व में शंखनाद कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ताओं को अभी से लग जाने को कहा है। एक-एक कार्यकर्ता को अपना बूथ जीतने को कहा गया है, इसके लिए हम सब पूरी तरह से तैयार हैं। वही जदयू प्रखंड अध्यक्ष श्री मंडल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना का सर्वे का कार्य किया गया था।जिसे भाजपा सरकार द्वारा कोर्ट में अर्जी देकर जाति आधारित जनगणना के खिलाफ याचिका दायर कर रोक लगा दिया था। जिसकी सुनवाई पर पटना हाईकोर्ट ने एक अगस्त को तमाम दायर याचिका को खारिज कर तुरंत जाति आधारित जनगणना शुरू करने का आदेश कर दिया था। जिसे देखते हुए बिहार के वर्तमान सरकार द्वारा भाजपा सरकार के विरुद्ध पोल खोल अभियान के तहत मसाला जुलूस एवं कैंडल मार्च निकालकर भाजपा सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं।उन्होंने ने ये भी कहा कि बीजेपी दलित और पिछड़ा विरोधी है। जाति गणना के विरोध ने भाजपा का असली रूप उजागर कर दिया है, जाति गणना समाज के पिछड़े और वंचितों के हित के लिए करवाया जा रहा है, जो भाजपा को मंजूर नहीं। पर भाजपा के मनसूबों पर न्यायालय ने पानी फेर दिया और जाति गणना के आंकड़े जल्द पब्लिक कर दिया जाएगा। मौके पर जदयू के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

पत्रकार पर हमला

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)। आरक्षी अधीक्षक रोहतास विनित कुमार ने बताया कि निजी पत्रकार रविरंजन कुमार पे0-किशोरी प्रसाद बारी, सा0+थाना-करगहर, जिला-रोहतास को करगहर थाना क्षेत्र के प्रखंड परिसर के पास दिनांक-10.सितंबर23 के रात्रि में कुसही गांव के निवासी कमलेश कुमार राय अपने मित्रों के साथ मिलकर रविरंजन कुमार को लाठी-डंडे से मार-पीट कर घायल कर दिया एवं उनके पास से 02 मोबाइल एवं अन्य सामानों को छीन लिया गया हैं। इस संबंध में वादी के फर्दब्यान के आधार पर करगहर थाना कांड संख्या- 332/23, दिनांक-10.09.2023 धारा- 341/323/307/379/504/34भा0द0वि0 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

भाकपा ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर दिया धरना

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)। भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने विभिन्न जन समस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर सोमवार को एक दिवसीय धरना दिया।धरना को सम्बोधित करते हुए सीपीआई नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार को गरीबों की चिंता नहीं है। वह केवल कारपोरेट घरानो के लिए काम कर रही है.महंगायी, बेरोजगारी चरम पर है।आरएसएस व भाजपा सब केवल हिंदु - मुस्लिम कर लोगों को सभी मुद्दों से भटका रहे हैं। भूमि बंदोबस्ती पर्चा के आधार पर लाभुक को भूमि मुहैया कराया जाए।भूमिहिनों के आवेदन का भूमि उपलब्ध कराते हुए निष्पादन किया जाए।डिजल पेट्रोल का मुल्य घटाया जाए,दवा की बढ़ी हुयी किमत वापस लिया जाए।,जाति और धर्म के आधार पर जनता को बांटना बंद किया जाए।आदि मांगों से सम्बंधित मांग पत्र सीओ को देने के बाद धरना का समापन किया।धरना में पूर्व प्रमुख कामरेड रघुनाथ सिंह,लक्ष्मी सिंह,मो.कलामुद्दीन,विशेश्वर सिंह,रामजी सिंह,शिव कुमार सिंह,सुशिल राम,सुदर्शन राम,मुंद्रिका सिंह,हरेंद्र प्रसाद,नसिरुदीन,सुरेश पासवान,जगदीश राम,शिवयोगी बारी आदि शामिल हुए।अध्यक्षता कामरेड संतोष कुमार ने किया।

हत्या की गई अज्ञात अधेर शव का हुआ शिनाख्त

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल। जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कटैया माहे पंचायत के वार्ड 6 में बीते रविवार को मिली एक अज्ञात अधेर व्यक्ति की शव का शिनाख्त कर लिया गया है। मृतक का पहचान थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत वार्ड नंबर 5 स्थित बेला टोला निवासी सूरतलाल मंडल के रूप में हुई है।मालूम हो कि बीते रविवार को कटैया माहे पंचायत के एक आम के बगीचे में खून का धब्बा देखा गया था जिसे देखकर लोगों को शक हुआ लोगों में शक का दायरा खून के धब्बे से सो मीटर दूर एक ताजा गड्ढा खोदा देखकर बढ़ गया और इसको लेकर सोरगुल होने लगी इतने में लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गया। जिसके बाद इसकी जानकारी पिपरा पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंच गड्ढे को ग्रामीणों के सामने खोदवाया तो उसमें से एक अधेड़ का शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान कर ली गई है। मृतक सूरतलाल मंडल राजपुर का रहने वाला था। मृतक को दो पुत्र व एक शादीशुदा पुत्री है जिसका ससुराल कटैया माहे पंचायत में ही है जहा से सूरतलाल मंडल का शव बरामद किया गया है। मृतक को दो पुत्र में बड़े बेटे का नाम विकास कुमार 20 और छोटे पुत्र 18 वर्षीय प्रकाश कुमार है। प्रकाश कुमार ने बताया उनके पिता सूरतलाल मंडल शनिवार को शाम छह बजे घर से निकला था। वह कटैया माहे पंचायत अपनी बेटी सोनम कुमारी के यहां मेला देखने गया था। रविवार को सूरतलाल की पत्नी बीमार हो गई थी जिसे इलाज कराने उनका पुत्र मधेपुरा ले गए थे। वहीं मृतक का शव शोसल मिडिया के माध्यम से फैला दी गई थी जिसे देखकर उनकी पत्नी और बेटे को घटना की जानकारी मिली तब वो लोग मधेपुरा से अपने घर राजपुर आए और घटना में मृतक के शव की पुष्टि हो पाई। प्रकाश कुमार ने बताया कि मेरे पिताजी से किसी को कोई झगड़ा झंझट नहीं था वह काफी मिलनसार व्यक्ति था। जो कटैया माहे पंचायत वार्ड नंबर 6 निवासी विजय कुमार उर्फ महादेव मंडल के घर गया था। कटैया निवासी विजय उर्फ महादेव मृतक सूरतलाल मंडल का दामाद है। हालांकि मृतक की बेटी सोनम कुमारी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उधर शव का पोस्टमार्टम सोमवार देर शाम तक नहीं हो पाया था। घटना को लेकर थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव का शिनाख्त हो गया है और जांच चल रही है जल्द ही अपराधियों को पकड़ कर उद्भेदन कर लिया जाएगा।

कार्यक्रम किशनपुर प्रखंड अंतर्गत उर्दू प्राथमिक विद्यालय इस्लामपुर में जिलाधिकारी द्वारा मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम

मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम 5.0 के तहत बच्चों को ओपीभी पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत

ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले के किशनुपर प्रखण्ड अंतर्गत उर्दु प्र० विद्यालय इस्लामपुर खखई में श्री कौशल कुमार (भा0प्र0से0), जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा फीता काटकर सघन मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम 5.0 के तहत बच्चों को ओ०पी०भी० पिला कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इसमें जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा उचित लोगों से विभिन्न प्रकार के दिए जा रहे स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में जानकारी भी लिए। वहाँ उपस्थित गर्भवती महिलाएं एवं बच्चों को समय से टीका लेने हेतु जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा अपील भी किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन सुपौल, डॉ0 मिहीर कुमार वर्मा, जिला प्रतिरक्षक पदाधिकारी, डॉ0 अजय कुमार झा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 अभिषेक कुमार सिन्हा, डी०पी०एम० मिनतुल्लाह रहमानी, डी०पी०सी० बालकृष्ण चौधरी, स्वास्थ्य प्रबंधक अभिलाष कुमार वर्मा, बीएम०ई० चंदन कुमार, एसएमसी० अनुपमा चौधरी, ए०एन०एम० रेखा कुमारी, सबिता कुमारी, आशा गुलशन खातुन एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

पति द्वारा पहली पत्नी एवं दोनों बच्चों को बनाया बंधक साथ दोबारा निकाह करने को लेकर 10 लाख रुपए का किया मांग

डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर,निर्मली, सुपौल। जिले के निर्मली नगर में पहली पत्नी और दोनों बच्चे को खाने के लिए थोड़ी-बहुत चूड़ा, पानी, नमक के साथ चार दिनों तक घर में बंधक बनाकर मारपीट करते हुए तलाक दिया फिर दोबारा निकाह के लिए 10 लाख रुपए की मांग करने से संबंधित एक मामला थाना क्षेत्र के सिराजपुर गांव का प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के सिराजपुर गांव निवासी मो वारिस अली की पत्नी असमति बेगम ने मरौना थाना में पति सहित सात लोगों को नामजद करते हुए केस दर्ज कराई है। दर्ज केस में कहा गया है कि करीब 19 वर्ष पूर्व पीड़िता की शादी मो वारिस अली से हुई थी। शादी के बाद दो पुत्र क्रमशः मो उजैर 14 वर्ष और मो उमेर 12 वर्ष जन्म लिया। इसी बीच उनके पति का अवैध संबंध सिरजापुर की अफरिदा खातून से हो गई जिससे 2015 में उनके पति ने शादी कर ली। शादी के बाद पीड़िता से वह 50000/ रुपए दुकान करने के लिए उनसे झूठ बोलकर ले लिया। पीड़िता को यह राशि उनके पिता की सेवा निवृत्ति के बाद उन्हें सहयोग हेतु मिली थी। पिछले 24 जुलाई 2023 को उनके पति मो वारिस अली, उनकी सौतन अफरिदी खातून, सासू मां शकीला खातून, देवर मो सरफराज, मो नौशाद आलम, ननद नजराना खातून, पीड़िता के मुंह में कपड़ा ठूस कर मारपीट करने लगा वही पति ने लगातार तीन तलाक बोलकर कहा कि मैंने तुझे तीन तलाक दे दिया अब तुमसे मेरा कोई सम्बन्ध नहीं रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया कि तुम्हारा इस घर में कोई जगह नहीं है। इसी क्रम में जब छुरा लेकर उनकी हत्या करने का प्रयास किया गया उनका बड़ा पुत्र अपने चाचा नौशाद का पैर पकड़ लिया और उनके ससुर अब्दुल रहीम उनसे छूरा छीन लिया जिस कारण उनकी जान बच गई। इसके बाद इन सभी लोगों ने जबरन चूड़ा पानी नमक आदि खाने की अल्प सामग्री रखकर घर में तालाबंदी कर दिया। आरोप है कि पीडिता के पति आदि लोगों की यही इच्छा थी कि पीड़िता सहित बच्चे कमजोर हो जाए और किसी तरह मर जाए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उनका पति अपने भाई के साथ हलाला का आदेश दे रहे थे और कहा कि 10 लाख रुपए देगी तब फिर से निकाह करूंगा। बाद में लोगों के बीच बचाव और पहल पर आरोपियों ने 50000 मूल्य की जेवर, कपड़ा लेकर उनकी सौतन को दे दिया। सरफराज द्वारा यह धमकी दिया गया कि केस करोगी तो जिंदगी बर्बाद हो जाएगा। इसमें यह भी आरोप है कि पिछले करीब 10 वर्षों से उनके साथ मारपीट करते हुए तरह-तरह की प्रताड़ना दिया जाता रहा है।

ख़ास ख़बर

बंजारी स्थित डालमिया सीमेंट फैक्ट्री में झुलसे मजदूर की मौत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)। बंजारी स्थित डालमिया सीमेंट फैक्ट्री में आग लगी के दौरान झुलसे दूसरे मजदूर की रविवार को मौत हो गई। मौत के बाद मजदूर का शव बंजारी पहुंचते ही सोमवार को परिजनों ने शव के साथ प्रदर्शन करते हुए मुआवजे की मांग करने लगे। वही घटना की सूचना पर पहुंचे डेहरी अनुमंडल के एसडीएम अनिल कुमार सिन्हा एवं एसडीपीओ विनीता सिन्हा मौके पर पहुंचकर लोगों को समझने लगे। बता दें की एक हफ्ते पूर्व बंजारी स्थित डालमिया सीमेंट फैक्ट्री में आग लग गई थी इसमें तीन मजदूर जुलूस गए थे। इस दौरान नबीनगर निवासी मंजीत कुमार की मौत घटना के दिन ही हो चुकी थी, जबकि दो गंभीर रूप से झुलस चुके थे जिनका इलाज पटना में जारी था। इलाज के दौरान रविवार को 32 वर्षीय अशोक पासवान की भी मौत हो गई।

चोरी के बाईक के साथ एक गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, काराकाट/रोहतास। स्थानीय थाने की पुलिस ने क्षेत्र के चिकसिल गांव के समीप से चोरी की एक बाइक के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार चितरंजन कुमार उसी गांव का निवासी बताया गया है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के अनुसार उसकी गिरफ्तारी वाहन चेकिंग के दौरान हुई। उसके पास से बीआर 03जेड 5121 नम्बर की पैशन प्रो बाइक बरामद की गई है।

बेतिया के वर्तमान डीएम दिनेश राय के परिजनों पर मारपीट का आरोप

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)। रोहतास जिला में पत्रकार को पीटने का मामला प्रकाश में आया है।बताया जाता है कि चंपारण में बेतिया के वर्तमान डीएम दिनेश राय का पैतृक घर रोहतास जिला में कुसही है। उन्हीं के परिजनों के द्वारा पत्रकार के साथ मारपीट की गई है। बताया जाता है कि शनिवार को बेतिया के डीएम अपने गांव आए हुए थे. उसे दौरान भी रवि वर्मा के द्वारा चलाई गई खबर को लेकर चर्चा हुई थी. जिसके बाद रविवार की शाम करगहर के प्रखंड परिसर में ही पत्रकार की पिटाई कर दी गई. आरोप है कि बेतिया के डीएम के परिवार के लोगों ने ही उनकी पिटाई की है तथा उनका मोबाइल भी छीन लिया है। पत्रकार का मोबाइल तथा कागजात भी छीना। घायल पत्रकार ने आरोप लगाया है की मारपीट करने वालों ने उनका दोनों मोबाइल के अलावा पॉकेट में पड़े कागजात एवं पैसे आदि भी छीन लिया. जिसका फुटेज प्रखंड परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी देखा जा सकता है. बता दे कि मामले की गंभीरता को देखते हुए करगहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल सासाराम पहुंची तथा इलाज कर रहे पत्रकार का बयान लिया. जिसमें उन्होंने अपने साथ हुए घटनाक्रम का जिक्र किया है. उन्होंने अपने बयान में बताया कि प्राथमिक विद्यालय कुसही के कैंपस को अतिक्रमण कर लिए जाने से संबंधित खबर चलाने के बाद उनके साथ मारपीट की गई. वह किसी तरह जान बचा पाए. एक पत्रकार के साथ हुई मारपीट एवं जानलेवा हमले की स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं पत्रकारों ने निंदा की है।

कोआथ में वीर अमिद की शहादत दिवस मना

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)। नगर पंचायत कोआथ में वीर अब्दूल हमीद की 58 वा शहादत दिवस मनाया गया,।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष असगर इमाम ने बताया कि भारत पाक 1965 के युद्ध में शौर्य बलिदान के प्रतीक अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की 58 वा शहादत दिवस नगर पंचायत कोआथ के वार्ड नंबर 06 में सौहार्दपूर्ण मनाया गया,।मौके पर क्षेत्र के उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उसके बाद वक्ताओं ने उनके शौर्य और वीर कथा की चर्चा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा माले नेता अच्छे लाल राम, जाप नेता नियाज अहमद, हैदर इदर्सी,जाफर अली, भोला यादव, हाशिम आजाद, अरुण चौधरी, हाफिज गफूर सहित कई गणमान्य लोग थे।

साल में दो दिन ही खुलता है सासाराम प्रखंड का प्राथमिक विद्यालय भोखड़वा

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सासाराम/रोहतास। रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड अंतर्गत कैमूर पहाड़ी पर अवस्थित भोखडवा गांव जहां कि प्राथमिक विद्यालय की स्थिति बेहद ही दयनीय है। वर्तमान समय में उसे विद्यालय के भवन में आसपास के मजदूर जो वन विभाग के लिए पौधे लगाने का काम करते हैं और वही रहकर अपना जीवन का गुजर बसर कर रहे हैं। वैसे तो उस विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिका के साथ प्रधानाध्यापिका हैं,किंतु यह सभी पूरे साल के मात्र दो दिन 15 अगस्त और 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के दिन ही राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने के लिए विद्यालय पर आते हैं। यह आरोप स्थानीय ग्रामीणों ने लगाया है वही ग्रामीणों ने इस संबंध में आगे बताया कि ऐसा विगत 5 वर्षों से होता आ रहा है। लगातार ग्रामीण शिक्षक से गुहार लगाते हैं कि आप हमारे बच्चों को पढ़ाइए लेकिन उनके बातों को शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा नजर अंदाज कर दिया जा रहा है। इसी बीच लगातार बिहार के शिक्षा विभाग के सचिव के.के पाठक के द्वारा कई फरमान जारी किया जाता हैं और कई विद्यालय का दौरा कर दिशा निर्देश दिया जाता है लेकिन सीधे तौर पर यह विद्यालय की स्थिति उन सभी फरमानों कि धजिया उड़ा देते हैं। और इस बीच छिन जाती है तो उस गांव के छोटे-छोटे बच्चों की प्राथमिक शिक्षा जो कहीं ना कहीं उनके मूलभूत अधिकार है।

क्या कहते है अधिकारीः इस से संबंध में डीपीओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सासाराम प्रियंका कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विद्यालय में एक शिक्षक दशरथ सिंह व प्रधानाध्यापिका के रूप में वेदवती जायसवाल पदस्थापित हैं। इस विद्यालय से संबंधित शिकायत शिक्षा विभाग के कॉल सेंटर से भी प्राप्त हुयी है। इस मामले की जांच के लिए मेरे द्वारा अपने क्लर्क को भेजा गया है। जांच के उपरांत दोषी शिक्षकों पर नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।

अंतर्गत ठोस एवं अपशिष्ट प्रबन्धन का उदघाटन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास। स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के सुकहरा डेहरी पंचायत के डिहरी गांव के पंचायत भवन में स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु प्रखण्ड का छठा अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई डब्लूपीए का लेआउट का उदघाटन फीता काटकर बीडीओ मो.जफर इमाम, पंचायत मुखिया कृष्ण कुमार सिंह,प्रमुख योगेश कुमार,जिला पार्षद प्रतिनिधि गांधी चौधरी,मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन,कौशल कुमार,बिडीसी शिवजी यादव,साजिद हुसैन अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया ने बीडीओ समेत सभी प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र गुलजस्ता देकर सम्मानित किया। मुखिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था से समस्त पंचायत क्षेत्र साफ सुथरा और वातावरण प्रदूषण मुक्त रहेगा। जिससे पंचायत वासी स्वस्थ रहेंगे। स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण से मवेशियों के स्वास्थ्य पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। बीडीओ ने बताया कि उक्त प्रबन्धन में गीले कचरे से खाद का निर्माण किया जाएगा और सूखे कचरे को बड़े पैमाने पर एकत्रित कर बेचा जाएगा।उक्त योजना के अंतर्गत गामीणों को स्वच्छता शुल्क देने का प्राविधान है। प्रमुख ने कहा कि अब डिहरी पंचायत भी शहरों जैसा दिखेगा। जिला पार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि अब पंचायत स्वच्छ एवं सुंदर दिखेगा। प्रखण्ड समन्यवयक ने ठोस एवं गीला कचड़ा के रख रखाव एवं इसका भंडारण तथा स्वच्छता शुल्क पर ग्रामीणों को विस्तार रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच हरा व नीला रंग का डस्टबीन वितरित किया गया। जिसमें ग्रामीण हरा डस्टबिन गिला के लिए और ब्लू सूखा कचड़ा के लिए एकत्रित करेंगें। मौके प्रखंड समन्वयक चेतन आनन्द,उप मुखिया रूबी देवी,वार्ड सदस्य बेबी देवी,सरपंच सुखदेव साह, उपसरपंच फुलेंद्र सिंह, क्रमु पासवान,दिनेश कुमार,टुनटुन कुमार,लालजी कुमार, मो.सद्दाम,रवि कुमार, सत्यानारायण प्रसाद समेत बड़ी संख्या ग्रामीण स्वछता ग्रही,एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित थे।

एसएससी में सफल हुए छात्रों को किया गया सम्मानित

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)। स्थानीय महावीर क्विज एण्ड टेस्ट सेंटर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कौन कहता है कि आसमां में सुराग नहीं हो सकता, जरा एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो...जिले का एकमात्र निःशुल्क शिक्षण संस्थान महावीर क्विज एंड टेस्ट सेंटर के छात्रों ने इस पंक्ति को सच साबित कर दिया। पिछले दिन एसएससी जीडी में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का मेरिट लिस्ट जारी किया गया था। जिसमें 40 से अधिक छात्र ऐसे हैं जिन्होंने महावीर क्विज एंड टेस्ट सेंटर से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर अपने सपने को साकार किया। आपको बता दें कि एसएससी जीडी के तहत जैसे विभिन्न पदों पर छात्रों का चयन हुआ है. संस्था द्वारा अंतिम रूप से चयनित छात्रों को नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया गया। इसके साथ ही संस्था का प्रतीक चिह्न डायरी पेन के साथ माल्यार्पण कर सम्मानित किया. मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद नोखा के कार्यपालक पदाधिकारी श्री अमित कुमार और कुराईच टीओपी के प्रभारी सोनी कुमारी उपस्थित रहीं। छात्रों को मोटिवेट करते हुए अमित कुमार ने कहा कि, लक्ष्य को पहले निर्धारित कीजिए, आपको किस दिशा में जाना है फिर उस पर फोकस कीजिए. सफलता जरूर मिलेगी. उन्होंने अपने जीवन की संघर्ष की कहानी भी सुनाईं. वहीं, टीओपी प्रभारी सोनी कुमार ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए सफलता का मूल मंत्र दिया. संस्था के संस्थापक छोटेलाल सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा हमेशा सफल छात्रों को सम्मानित किया जाता है ताकि अन्य प्रतियोगी छात्र भी इससे प्रेरणा ले. उन्होंने आगे कहा कि संस्था असहाय बच्चों को हर संभव मदद करने लिये तैयार है. मौके पर समेत सैकड़ों जॉब होल्डर और छात्र उपस्थित रहे.

दुर्गा पूजा को ले कमेटी अध्यक्ष ने किया बैठक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/रोहतास। सोमवार को स्थानीय शहर के डुमरांव रोड स्थित माता काली मंदिर के परिसर में श्री दुर्गा पूजा समिति काली स्थान तेंदूनी के अध्यक्ष श्री मुन्ना बाबा के नेतृत्व में दुर्गा पूजा रखने हेतु कमेटी के सदस्यों के साथ एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में दुर्गा पूजा, मां दुर्गा का प्रतिमा, मां दुर्गा का पंडाल प्रांगण में मेले की व्यवस्था, भक्तों को कोई कष्ट ना हो कोई परेशानी ना हो इसके लिए बैठक की गई । इस बैठक में कमेटी के अध्यक्ष श्री मुन्ना बाबा कमेटी के सक्रिय सदस्य छोटे जी, नागेंद्र जी, संजय सिंह जी, गोविंद शर्मा वार्ड नंबर 2 के वार्ड पार्षद लड्डू सिंह, वार्ड 17 के पूर्व पार्षद गुप्तेश्वर प्रसाद जी, श्री त्रिलोकी सिंह जी, s. t. r मैथमेटिक्स के डायरेक्टर रंजन कुमार जी, श्री राम जी कुंडल,आर्यन, अमर सिंह ,अछत,नीरज, अनिल,रोहित,सरोज, रवि सिन्हा विकास, प्रकाश,आनंद,अर्पित, विराट,अजीत, सुदामा, धनजी, एवं अन्य कमेटी के सक्रिय सदस्य गण उपस्थित थे।

शहर कचड़ा उठाकर ग्रामीण इलाको गंदगी फैलाना बंद करे नगर पंचायत,नगर परिषद और नगर निगमः-भाई दिनेश

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर। भाई दिनेश ने कहा की भोजपुर जिला अंतर्गत नगर पंचायत,नगर परिषद और नगर निगम क्षेत्र के कचड़े को उठाकर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे डाल कर गंदगी फैलाना गलत है। भाई दिनेश ने कहा की सड़क किनारे डाले गए कचड़े से ग्रामीण क्षेत्रों के साथ आने जाने वाले राहगीर,यात्री में बीमारी फैलने भरपूर संभावना है। भाई दिनेश ने जिला प्रशासन से जल्द इस पर कारवाई करने के लिए कहा है। भाई दिनेश ने कहा की नगर पंचायत,नगर परिषद और नगर निगम कचड़ा नष्ट करने का प्रबंध स्वयं करना चाहिए। भाई दिनेश ने कहा की जिला प्रशासन जल्द निर्णय नही लिया तो ग्रामीण क्षेत्र के सड़क किनारे डाले गए कचड़े को नगर पंचायत,नगर परिषद और नगर निगम के मुख्य पार्षद , चेयर मैन और मेयर के दरवाजे पर उठा कर रखने का अभियान की शुरुवात किया जायेगा । भाई दिनेश ने कहा कि एक ओर नगर पंचायत, नगर परिषद, और नगर निगम अपने क्षेत्र के दिवालो पर, बैनर पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रहा है ओर दूसरी ओर स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों में अपने नगर का कचड़ा उठाकर गंदगी फैला रहा है क्या यही स्वच्छता अभियान है ?

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'आयुष्मान योजना' के लिए आयुष्मान कार्ड लोगिन करने और ई केवाईसी के लिए वर्चुअल कार्यशाला मे शामिल हुए भाजपा के कार्यकर्ता

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और बिहार भाजपा प्रदेश द्वारा आयोजित वर्चुअल कार्यशाला मे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे जिले भर मे कार्यकताओ ने मोबाइल और टीबी स्क्रीन द्वारा केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना'आयुष्मान योजना' के तहत आयुष्मान कार्ड लोगिन करने,अपना नाम खोजने,ई केवाईसी और कार्ड बनवाने का प्रशिक्षण प्राप्त किए। मुख्य कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बामपाली मे टीवी स्क्रीन पर वर्चुअल कार्यशाला हुआ। उक्त कार्यक्रम को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मंडविया ने संबोधित करते हुए आयुष्मान कार्ड के महत्व को बताते हुए इसे केन्द्र सरकार द्वारा विश्व की सबसे महत्वपूर्ण योजना बतायी। उन्होने उक्त योजना को भारत के गरीब परिवारो के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताया, जिसके अंतर्गत पाँच लाख रूपए तक का ईलाज सरकार द्वारा मुफ्त मे किया जा रहा है। उक्त अवसर पर जिला कार्यालय के कार्यक्रम मे शामिल बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश एक से एक कीर्तिमान बना रहा है। आयुष्मान योजना गरीबो के लिए भगवान के रुप मे है।यही नही केन्द्र सरकार द्वारा गरीबो को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने सहित अन्य सारी योजनाएं सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को सिद्ध करता है। वहीं जिलाध्यक्ष ने केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं का प्रशंसा करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार आज पूरे देश का विकास कर रही है। आयुष्मान योजना से वंचित परिवारो को भाजपा के कार्यकर्ता आयुष्मान कार्ड बनाने मे मदद करेंगे ।इस योजना से ,भी गरीब परिवारों को लाभ की प्राप्ति होगी। जिला कार्यालय कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष,बड़हरा विधायक सहित दक्षिण बिहार प्रांतीय सह संयोजक मिथिलेश कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूर्यभान सिंह, जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी, लव पांडेय,महामंत्री नरेन्द्र तिवारी, मंत्री संतोष चंद्रवंशी, मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,कार्यालय मंत्री रमेश कुमार कर्ण,सोशल मीडिया संयोजक राहुल सिंह,प्रवक्ता संतोष तिवारी, निशांत सेंगर,शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक शैलैश कुमार गुड्डू, आरा नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल थे।

वृक्षारोपण सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन हरियाली को देखते हुए मेरे पुत्र के द्वारा वृक्षारोपण किया गया

पर्यावरण संरक्षण को लेकर सम्राट श्रेयांस ने लगाए सैकड़ों कदंब के वृक्ष

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/रोहतास। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सम्राट श्रेयांस ने अपने निजी जमीन में सैकड़ों कदंब के वृक्ष को लगाया । आपको बताते चलें कि स्थानीय शहर के आनंद नगर निवासी संजय कुमार के 10 वर्षीय पुत्र सम्राट श्रेयांस डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा बिक्रमगंज में वर्ग चार का छात्र है । श्रेयांस ने अपने पिता से बोलकर पौधा को लगाया । इस संबंध में श्रेयांस के पिता संजय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन हरियाली को देखते हुए मेरे पुत्र के द्वारा वृक्षारोपण किया गया । स्थानीय मीडिया से रूबरू होते हुए श्रेयांस ने कहा कि ये बातें मेरे मन में काफी दिनों से जागृत हो रही थी । आजकल हमारे पर्यावरण पर काफी बुरा असर पड़ रहा है । जिससे वायुमंडल में जीवनदायिनी गैस ऑक्सीजन का लेबल दिन प्रतिदिन कम होते जा रहा है । साथ ही बरसात के मौसम में भी हमसभी को हिट स्ट्रोक का सामना करना पड़ा । साथ ही अब भी मौसम अपने चरम सीमा पर है । श्रेयांस ने कहा कि वृक्ष की कमी से ही कोरोना काल में ऑक्सीजन गैस का लेबल कम होने की वजह से कई लोगों की जान गवानी पड़ी थी । उसी वक्त मेरे ख्याल में ये बातें मेरे मन में जागृत हुई थी । उन्होंने कहा कि हमसभी के पूर्वजों के द्वारा लगाए गए वृक्ष को आज हमसब काट रहे है , जिसका बुरा परिणाम हम सभी को भुगतना पड़ रहा है । जिसको लेकर मैंने अपनी इच्छाशक्ति को पिता से साझा किया । जिसमें उन्होंने मेरे मनोबल को बढ़ाया । जिसको लेकर अपने माता-पिता के संरक्षण में अभी तक सैकड़ों कदंब के वृक्ष को लगा चुके है । उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाने की प्रक्रिया मेरे तरफ से निरंतर जारी रहेगी । उन्होंने अपने साथियों से आग्रह करते हुए कहा है कि आपसब भी अपने माध्यम से कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाएं ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके । जब मेरा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा , तब ही हम सभी जीव इस धरातल पर सुरक्षित रह सकते है ।

हमारे विचार ही हमें सुखी और दुखी बनाते है : विज्ञान देव

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/रोहतास। हमारे विचार ही हमें सुखी और दुखी बनाते हैं। विचारों से ही हम सुख और दुःख का अनुभव करते हैं। योगी ही उपयोगी होता है, जो सबके हितों का चिंतन करता है, दुःखियों के दुख को कम करता है। जीवन जीने में ही जीवन बीत न जाय, जीवन की सार्थकता तो सेवा में है। उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने संकल्प यात्रा के क्रम में स्थानीय शहर के इंटर कॉलेज परिसर में रविवार की देर संध्या आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किए । संत प्रवर श्री ने कहा कि कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां - बुराइयां सबके भीतर है। हमे दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक से स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। दिव्यवाणी के दौरान श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि विहंगम योग के प्रणेता अमर हिमालय योग अनन्त श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज ने अपनी गहन साधना द्वारा ईश्वर से योग की प्राप्ति की एवं इस अतिदुर्लभ विज्ञान को स्वर्वेद नामक अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ द्वारा जनमानस को सुलभ कर दिया । स्वर्वेद हमारी आध्यात्मिक यात्रा को सदैव जागृत रखता है। संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया। कहा कि विहंगम योग की साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है। विहंगम योग का ध्यान आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम ही अध्यात्म है। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं कि भारत विश्व गुरु रहेगा। उनकी दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा के रूप में लगभग 2 घंटे तक प्रवाहित हुई। स्वर्वेद के दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। दिव्यवाणी के पश्चात मुख्य आगंतुकों को संत प्रवर जी के हाथों विहंगम योग का प्रधान सद्ग्रन्थ स्वर्वेद भेंट किया गया। आयोजकों ने बताया कि विहंगम योग सन्त समाज के शताब्दी समारम्भ महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के निमित 17 जुलाई को संकल्प यात्रा का शुभारंभ कश्मीर की धरती से हो चुका है। संकल्प यात्रा कश्मीर , जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड , उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल के पश्चात बिहार के औरंगाबाद , डेहरी ऑन सोन , सासाराम ,मोहनियां, करगहर होते हुए बिक्रमगंज की पावन धरती पर रविवार की देर संध्या पहुंची। आयोजकों ने बताया कि 17 एवं 18 दिसंबर 2023 को विशालतम ध्यान - साधना केंद्र (मेडिटेशन सेंटर)स्वर्वेद महामंदिर वाराणसी के पावन परिसर में 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ होना सुनिश्चित हुआ है । उसी क्रम में यह संकल्प यात्रा हो रही है , जिससे अधिक से अधिक लोगों को पूरे भारत वर्ष में लाभ मिले।

ख़ास ख़बर

एस .एस. बी सीमा चौकी रिफ्यूजी कॉलोनी ने प्रतिबंधित दवाईयों की तस्करी की कोशिश को किया नाकाम

अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल । जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी रिफ्यूजी कॉलोनी ने विशेष गश्त ड्यूटी के दौरान 11200 नग प्रतिबंधित दवाई ट्रेमोल 50 तथा 01 मोटरसाइकिल को जप्त किया । जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि आसूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 198/4 , के नजदीक के क्षेत्र से भारत से नेपाल की तरफ प्रतिबंधित समान की तस्करी होने वाली हैं जिसे रोकने के लिए एक विशेष गश्त दल का गठन किया गया | उप निरीक्षक भाव सिंह तोमर के नेतृत्व में विशेष गश्त दल चिन्हित स्थान पर पहुँच कर सतर्कता के साथ ड्यूटी करने लगा कुछ समय उपरांत गश्त दल ने देखा गया कि एक व्यक्ति मोटरसाइकल पर भारत से नेपाल की तरफ जाने की कोशिश कर रहा है । इसी क्रम में उक्त व्यक्ति गश्त दल द्वारा घिरता देख मोटरसाइकिल छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठा कर नेपाल प्रभाग की तरफ फरार हो गया । गश्त दल द्वारा मोटरसाइकिल पर रखे समान की तलाशी ली गई तो उसमे प्रतिबंधित दवाई ट्रेमोल 50 के 11200 नग जिसकी बैच संख्या NTRC 001 है l पकड़ी गई प्रतिबंधित दवाई एवं मोटर साइकिल हीरो HERO CD डीलक्स संख्या BR 50 R 6896 उचित कागजी कार्यवायी के उपरांत ओपी बसमतिया, थाना नरपतगंज जिला अररिया को सुपुर्द किया गया l

वाहन जांच से वसूला गया ग्यारह हजार

रामगढ़ कैमूर , शुभ भास्कर । स्थानीय थाना पर सोमवार की दोपहर बिना हेलमेट व बिना कागजात वाले वैसे वाहनों का जांच किया गया। जिसमें बिना हेलमेट वालों से वसूला गया फाइन ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के आदेशअनुसार सोमवार की दोपहर दो पहिया वाहन चालकों से बिना हेलमेट वाहन से 11000 वसुला गया वही लोगों को निर्देश दिया गया कि बिना हेलमेट व कागजात के न चले वैसे अगले बार पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला पदाधिकारी कैमूर के द्वारा आयोजित किया गया दैनिक जनता दरबार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता ,कैमूर सदर । (कैमूर) भभुआ दिनांक 11/09/2023 को जिला पदाधिकारी कैमूर के द्वारा आयोजित दैनिक जनता दरबार में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए । अधिकतर मामले भूमि विवाद से संबंधित थे । जिला पदाधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

एकदिवसीय पांव कंदुक प्रतियोगिता में 5-0 अंक की बढ़त से कैमूर हुआ रोहतास से विजयी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता ,कैमूर। जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत डेरवां पंचायत के रामडिहरा गांव स्थित खेल मैदान में ग्रामीणों द्वारा आयोजित एकदिवसीय कंदूक प्रतियोगिता में ५-० अंक की बढ़त से कैमूर हुआ रोहतास से विजयी। वर्णित स्थल पर ग्रामीण खेल प्रेमियों द्वारा एकदिवसीय कंदूक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। संदर्भ में नसेज ग्रामवासी खेल प्रेमी के द्वारा सोमवार सुबह संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया गया कि। मुख्य अतिथि के तौर पर कुदरा जिला पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र गुप्ता व डेरवां पंचायत के मुखिया शिवम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखंड के पढ़ौति गांव की खेल समिति व रोहतास जिला के करहगर प्रखंड अंतर्गत माति डिहरा गांव खेल समिति के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर खेल का उद्घाटन किया गया। दोनों तरफ की कंदुक खिलाड़ियों के द्वारा मैदान में खेल का अच्छा प्रदर्शन किया गया, पर कैमूर जिला के खिलाड़ीयों द्वारा ५-० अंक की बढ़त से रोहतास जिला के कंदूक खिलाड़ियों को पराजित किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को विजय प्रतीक,सम्मान तो पराजित पक्ष के खिलाड़ियों का सम्मान व उत्साहवर्धन कर सादर विदा किया गया।

प्रमण्डलीय रोजगार मेला कार्यक्रम में 11850 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

दैनिक शुभ भास्कर /सोहैल किरमानी /हज़ारीबाग । उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल मुख्यालय हजारीबाग के स्थानीय विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को प्रमण्डलीय रोजगार मेला सह नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर संसदीय कार्य मंत्री ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य के हर चुनौतियों के बीच मजबूती से राज्य के लिए ऐतिहासिक फैसलों एवं निर्णयों से मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने राज्य को तरक्की के मार्ग पर आगे ले जाने का काम किया है। कहा कि गरीब तबके की आर्थिक सुरक्षा एवं लोगों का सहारा सर्वजन पेंशन योजना बना। कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर दे रहा है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर आमजन व्यवसाय के मालिक बन रहे हैं। बिरसा हरित ग्राम से सरकार अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण की बेहतरी एवं लोगों को सम्पति का मालिक बनाने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार की नीतियों, निर्णयों से जनक्लयाणकारी योजनाओं, उपलब्धयों को गिनाते हुए कहा कि दो वर्षों से पीएम आवास के लिए राज्य सरकार को पैसा नहीं मिल रहा है। साथ ही अबुआ आवास से वंचितों को 3 कमरा का आवास योजना शुरू किया जा रहा है जिसके तहत 2-3 वर्षों में सात से आठ लाख लोगों को इससे अच्छादित किया जाएगा। सभा को सम्बोधित करते हुए श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने कहा कि 11500 युवक युवतियों को प्रमण्डलीय रोजगार मेला में सरकार रोजगार दे रही है। कहा कि कौशल प्रशिक्षण से शतप्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसके अलावे असंगठित क्षेत्र के लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए घर में ही रोजगार की व्यवस्था सरकार ने किया है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 हजार कुशल युवक-युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है। सरकार के निर्णय ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी रही है। साथ ही समाज के सभी वर्ग, समाज एवं परिवार की उन्नति तरक्की के लिए सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर गाण्डेय विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि हर तबके के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरका रकी संवदेशनशलीता से राज्य की तरक्की के लिए प्रयत्नशील है। वहीं बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि गठबंधन की सरकार संवेदनशीलता के साथ-साथ ऐतिहासिक निर्णय मील का पत्थर साबित रहा है। सर्वजन पेंशन से सभी वृद्धों को पेंशन देने का काम किया है हर वर्ग के लिए सरकार कार्य कर रही है। शिक्षा के बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, डिग्री और नर्सिंग, कौशल प्रशिक्षण से शिक्षा-रोजगार के द्वार खुले हैं। साथ ही नई नियुक्तियों से युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। मौके पर उन्होंने विस्थापन की समस्या, 75 प्रतिशत आरक्षण को कड़ाई से लागू करने सहित बड़कागांव चौक में जाम संबंधी समस्या उठाते हुए इसके समाधान की मांग की।

भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का किसान नेता हाड़ा ने किया भव्य स्वागत

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ । जिले की बेगूं विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजस्थान में निकाली जा रही संकल्प परिवर्तन यात्रा का बेगूं विधानसभा के गंगरार में प्रवेश करने पर बेगूं विधानसभा के किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने बिजलीघर चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया।सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प परिवर्तन यात्रा पर पुष्पवर्षा करके एवं आतिशबाजी के साथ जोरदार नारेबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया। संकल्प परिवर्तन यात्रा के रथ पर चित्तौड़गढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट,पूर्व प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर,संकल्प परिवर्तन यात्रा के चितौड़गढ़ जिला संयोजक रघुशर्मा,बेगूं विधानसभा संयोजक देवी सिंह राणावत सहित भाजपा नेताओं को माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं के साथ शिव वाटिका में आयोजित परिवर्तन सभा में शामिल हुए। जहां वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

त्रिवेणीगंज जदयू कार्यकर्ता ने निकाला मसाल जुलूस

जितेन्द्र कुमार /दैनिक शुभ भास्कर,त्रिवेणीगंज,सुपौल । जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में पोल - खोल अभियान के तहत त्रिवेणीगंज जदयू कार्यकर्ता ने निकाला मसाल जुलूस। त्रिवेणीगंज बाजार में जदयू नेता व कार्यकर्ताओं ने जाति आधारित जनगणना रोकने की साजिश करने वाली भाजपा के खिलाफ पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत जदयू के त्रिवेणीगंज विधायक वीणा भारती के आह्वान पर रविवार को मसाल जुलूस निकाला गया। जदयू प्रखंड कार्यालय के प्रांगण से मसाल जुलूस निकालकर बाजार के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया गया। इस दौरान जदयू कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की जा रही थी। मौके पर जदयू के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा साजिस के बिरोध में जदयू कार्यकर्ता द्वारा पोल-खोल अभियान में निकाला मसाल- जुलूस

डॉ0 बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल । जिले के निर्मली नगर में जाति आधारित गणना पर रोकने को लेकर भाजपा की साजिश के विरोध में जदयू कार्यकर्ताओं ने रविवार की शाम पोल खोल अभियान के तहत प्रखंड अध्यक्ष नथुनी मंडल के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि पोल खोल अभियान के तहत केंद्र सरकार के मनमानी, संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, जातीय गणना का विरोध, पिछड़ा - अति पिछड़ा दलित महादलित एवं आदिवासी को दी जाने बाली आरक्षण को लेकर भाजपा की गंदी साजिश को सूबे की जनता समझ चुकी हैं। बाबू जगजीवन राम के नाम पर चलाए जा रहे छात्रावास योजना बंद करने के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला गया है। मशाल जुलूस का संचालन नगर के जरौली ढाला के पास से निकलकर नगर पंचायत के विभिन्न चौक चौराहा से भ्रमण करते हुए स्टेशन चौक तक गया। इस दौरान मौके पर मौजूद प्रखण्ड प्रभारी किशोरी साह, विधान सभा प्रभारी भगवान चौधरी, प्रदेश महासचिव नंदकिसोर सिंह एव निर्मली नगर अध्यक्ष गोपाल कुमार साह, हरि नारायण नायक, गुरू दयाल भर्मर, राम जी राम, सीताराम राम,कन्हैया कामत,दिनेश पासवान,मनोज कुमार यादव,महेश मेहता,अर्जुन मंडल,राम कुमार यादव , जगरनाथ कामत,निशांत जैन , रंजीत नायक, अरविंद कुमार ,मनोज राम,बीरेंद्र कुमार ,नारायण दास, पच कौरी सफी, तनवीर आलम, योगी लाल रॉय, भीगी लाल रॉय,लक्ष्मण मंडल,देवलाल मंडल आदि मौजूद थे।

आगलगी की घटना में दो घर जलकर राख

जितेंद्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल । जिले में त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत करहड़वा पंचायत के औरहा वार्ड नंबर 6 में रविवार की रात आगलगी की घटना में दो घर में जलकर राख हो गया। हालांकि आगलगी की घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। पीड़ित भूपेंद्र यादव ने बताया कि रविवार की रात साढ़े ग्यारह बजे अचानक एक आवासीय समेत एक गोहाल घर मे अचानक आग लग गया। उस वक्त हमलोग सोए हुए थे। आग की लपेटे तेज होने के बाद हमलोगों की नींद खुली। उन्होंने बताया कि मेरा दो घर जलने से कपड़ा, अनाज, कागजात, फर्नीचर समेत नगद पच्चीस हजार रुपया आदि समानों का नुकसान हुआ हैं। बताया कि करीब पांच लाख रुपया की क्षति हुई है। अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद ने बताया कि संबंधित कर्मचारी को जांच के लिए कहा गया है।

मां बाड़ी शिक्षा केन्द्र के शिक्षा सहयोगी ने बैनर तले दी चेतावनी

विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/ उदयपुर /सलूंबर संभागीय आयुक्त कार्यालय का घेराव। शिक्षा सहयोगी केडर टीएडी में बनाने व संविदा रूल्स 2022 में सम्मिलित करने की सलूंबर जिले के मां बाड़ी शिक्षा केन्द्र पर नन्ने मुन्ने बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षा सहयोगी ने अपनी मांग को लेकर सोमवार को सलूंबर से 14 सितंबर को संभागीय आयुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे। शिक्षा सहयोगी निर्भय सिंह ने बताया कि राज्य सरकार को वेतन व टी ए डी केडर को लेकर चेतावनी व अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया था जिस में सरकार ने कोई ध्यान आकर्षित नहीं किया।सोमवार को बैनर तले सलूंबर से पैदल आक्रोश रैली के रूप में रवाना हुए जो 14 सितंबर को संभागीय आयुक्त कार्यालय को घेराव करने का निश्चय किया।जिसमे मुख्य रूप से शिक्षा सहयोगी केडर टीएडी में बनाकर संविदा रूल्स 2022 में सम्मिलित करने की मांग रहेगी।

थाना प्रशासन ने चलाया वाहन जांच अभियान 6500 रूपए का वसूला गया जुर्माना

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर) । थाना प्रशासन द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान अनियमितता के आरोप में , जांच टीम थाना प्रशासन द्वारा वसूला गया ६५०० रुपए का जुर्माना राशि। थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा बताया गया, के वाहन की चोरी व वाहन से घटना दुर्घटना के साथ ही अवैध सामग्रियों की परिचालन पर रोक लगाने हेतु, वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें की वाहन चालकों से वाहन अधिनियम के पालन न करने के जुर्म में ६५०० रुपए का जुर्माना राशि वसूला गया।

3853लिटर शराब को थाना परिसर में किया गया विनष्ट

दुर्गावती सदर ,शुभ भास्कर । विभिन्न कांडों में जप्त शराब को दुर्गावती थाना परिसर में किया गया विनष्ट। दुर्गावती पुलिस के द्वारा तथा उत्पाद विभाग एवं एल्टि लिकर के द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से बरामद की गई शराब को दुर्गावती के थाना परिसर में अंचल पदाधिकारी लक्ष्मण सिंह थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह विभिन्न क्षेत्रों से बरामद किए गए शराब को पुलिस ने नष्ट किया।सोमवार को प्रखंड सीओ लक्ष्मण कुमार व एक्साइज इंस्पेक्टर विनीत प्रसाद के देख रेख में बरामद हुई देशी विदेशी शराब को नष्ट किया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने कहा कि पूर्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न जगह से छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब जप्त कर रखा गया था। सोमवार को थाना परिसर में सीओ एवं एक्साइज इंस्पेक्टर के उपस्थिति में कुल 3853.3 लीटर देसी एव विदेशी शराब को नष्ट कर दिया गया। इस मौके पर पुलिस पदाधिकारी एवं दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद थे।

आयोजन शिविर में किसानों ने राष्ट्रीय बीज निगम के बीज उत्पादक केंद्र हटाने का किया विरोध

बीज उत्पादक किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए आयोजित किया गया शिविर

कैमुर चांद। प्रखंड में जिगिना गांव में अस्तस हाईब्रिड सीड्स प्रा लि कैम्पस में बिहार स्टेट सीड्स एण्ड आर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी द्वारा आयोजित बीज उत्पादन एवं प्रमाणन एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर में शामिल किसानों को बीज उत्पादन के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि कृषि वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार सिंह यमनप्पा प्रबधंक राष्ट्रीय बीज निगम चांद ने किया। शिविर में शामिल कृषि वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार सिंह ने किसानों को बीज उत्पादन करने के गुर सिखाए। उन्होंने ने किसानों को बीज की गुणवत्ता एवं उच्च वैरायटी बनाए रखने के लिए सावधानियों को बरतने का आग्रह किया। कृषि वैज्ञानिक ने कहा किसानों को अगाह किया आपके द्वारा उत्पादित बीज किसानों को ही दिया जाता है। उन्होंने ने कहा बीज उत्पादन करते समय कीट नाशक दवा एवं खर पतवार नाशक दवा का प्रयोग रोग या कीट लगने पर ही करे।डा अमित कुमार सिंह ने कहा फसल के बिमारी का पहचान ठीक से करें। उन्होंने ने कहा बिमारी या कीट की पहचान करने के बाद इलाज के लिए दवा का उपयोग करें। उन्होंने ने किसानों को अनावश्यक कीटनाशक एवं खर पतवार नाशक दवा का प्रयोग नहीं करें। कृषि वैज्ञानिक ने कहा फसलों में दवा पुरा डोज का प्रयोग करें। उन्होंने ने कहा किसान खुद एक वैज्ञानिक हैं। उन्होंने ने अच्छी क्वालिटी एवं वैरायटी का बीज उत्पादन के लिए फसल के बीच समुचित दुरी रखें। उन्होंने ने अलग अलग वैरायटी के बीज उत्पादन के लिए फसल की दूरी कम से कम 3 मीटर रखें। कृषि वैज्ञानिक ने कहा रसायनिक खाद का प्रयोग कम करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण शिविर में यमनप्पा प्रबधंक राष्ट्रीय बीज निगम चांद ने कहा निगम किसानों को क्वालिटी एवं वैरायटी युक्त बीज उपलब्ध कराने का कार्य करता है। चांद में स्थित कार्यालय या बीज उत्पादन केन्द्र को बंद करेगी। किसानों ने एन एस सी के केंद्र को बंद करने के लिए किसानों ने शिविर में आपत्ति जताई। उन्होंने ने कहा किसानों को कन्ट्रेक्ट एग्रीमेंट के आधार पर अस्तसा हाईब्रिड सीड्स प्रा लि के द्वारा किसानों को उचित बीज मिलेगा। शिविर में विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर ने राष्ट्रीय बीज निगम चांद के कार्यालय एवं केंद्र को बंद करने का बिरोध किया। अध्यक्ष ने कहा राष्ट्रीय बीज निगम के द्वारा सैकड़ों किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने ने कहा किसानों को उत्पादन बढ़ाने के लिए उच्च क्वालिटी का बीज मिलना आवश्यक है। अध्यक्ष ने राष्ट्रीय बीज निगम से किसानों को बहुत लाभ मिल रहा है उन्होंने बीज निगम का चांद से केंद्र हटा लेना गलत है। शामिल रंग बहादुर सिंह सुरेंद्र सिंह अशर्फी सिंह मनोज कुमार सिंह रंगनाथ पाण्डेय रामचंद्र सिंह ने राष्ट्रीय बीज निगम चांद से केंद्र हटाए जाने का बिरोध किया।

लिक्ष्वीभवन में जिलाधिकारी के द्वारा किया गया जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर ,(कैमूर) भभुआ । कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में लिच्छवी भवन, कैमूर में जिला पदाधिकारी, कैमूर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव - 2023 कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया । स्क्रीनिंग के पश्चात् मुख्य समारोह में सभी विधाओं के लिए योग्य चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में अपनी कला के जौहर दिखाने के लिए चयनित किया गया । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर युवा उत्सव में शामिल होंगे। सरकार का मुख्य उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से नयी युवा प्रतिभा की कलात्मक क्षमता को प्रतियोगिता के माध्यम से निखार कर उन्हें राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में सभी माननीय अतिथियों को बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया , साथ ही सभी चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी कला संस्कृति एवं युवा विभाग, सहित (महिला/ पुरुष) प्रतिभागी एवं दर्शकगण आदि उपस्थित थे ।

ख़ास ख़बर

डा. विजय यादव ने योग गुरु स्वामी रामदेव बाबा का किया स्वागत अभिनंदन

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। योग गुरु स्वामी रामदेव बाबा का काशी में कृष्ण सुदामा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डा. विजय यादव ने स्वागत किया। डा. विजय यादव ने स्वामी रामदेव बाबा चरणवंदना व पूजा-अर्चना कर उनका अभिनंदन किया। योग गुरु व पतंजली पीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव बाबा का काशी में बहुत ही गोपनीय निजी दो दिवसीय यात्रा थी। यह बात काशी में डा. विजय यादव के अलावा कुछ ही गणमान्य लोगों को मालूम था। काशी प्रवास के दौरान स्वामी रामदेव बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर व कालभैरव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना किया। इसके बाद बीएचयू में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। स्वामी रामदेव बाबा ने डा. विजय यादव को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सोना आग में तपकर ही अपनी सुंदरता विश्व में बिखेरता है। चुनौतियां ही सफलता की परीक्षा है। स्वामी रामदेव बाबा से डा. विजय यादव का आत्मीय लगावा की चर्चा पूरे काशी में हो रही है।

इंद्रधनुष अभियान के द्वितीय चरण सोमवार से शुरू हो गया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया। तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव में शून्य से लेकर पांच साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण का कार्यक्रम सघन इंद्रधनुष अभियान के द्वितीय चरण सोमवार से शुरू हो गया। जिसके तहत 20 गांव में टीकाकरण किया गया। तहसील क्षेत्र में टीकाकरण से छूटे पांच साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया गया। इसके लिए सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत 20 टीम का गठन किया गया। जिसमें सुपरवाइजर आसिफ, एकलाक, सुभाष एवं डॉ अमित चौरसिया के दिशा निर्देश पर टीकाकरण किया गया। क्षेत्र के 20 गांव में जाकर डोर–टू–डोर टीकाकरण किया। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ रविरंजन ने बताया कि सघन इंद्रधनुष अभियान का द्वितीय चरण आज से शुरू हुआ है। बताया कि इस अभियान के तहत टीकाकरण के प्रति उदासीन परिवारों को जागरूक कर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाएगा। आशा कार्यकर्ता के माध्यम से घर-घर जाकर किए गए सर्वेक्षण (हेड काउंट सर्वे) के अनुसार माइक्रोप्लान तैयार कराया गया है। अभियान के तहत टीकाकृत किए गए बच्चों और गर्भवती के कवरेज की एंट्री ई-कवच पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 20 टीम बनाई गई है। जो गांव में जा कर लगातार टीकाकरण का कार्य कर रहे है।

बीडीओ यशवंत कुमार राव ने अवचक निरीक्षण किया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया। नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बरुइन गांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरूईन का सोमवार को बीडीओ यशवंत कुमार राव ने अवचक निरीक्षण किया और अस्पताल में व्यवस्थाओं, डॉक्टरों की मौजूदगी, दवाओं का रख रखाओ सहित ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष आदि का गहन निरीक्षण किया। साथ ही वहां रिकार्ड इत्यादि की भी जांच की। जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन में कुछ कमी है। स्वास्थ्य केंद्र को सभी सुविधाओं उपलब्ध कराए जाने को लेकर वरीय पदाधिकारी से बात की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएचसी में करीब एक डॉक्टर सहित 7 लोग अनुपस्थित पाये गये है। जबकि सीएचसी बरूईन पर 3 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्टॉक रजिस्टर सहित स्वास्थ्य केंद्र पर दवाओं को देखा गया है। अस्पताल में दवा पाई गई है। ज्ञात हो कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह निरीक्षण किया गया है। जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि माह में एक दिन अस्पतालों का निरीक्षण करना है। इसी क्रम में आज निरीक्षण किया गया है। उनसे सीएचसी पर टेली मेडिसिन, एक्स–रे मशीन, सीबीसी मशीन आदि के बारे में पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह सब उन्होंने नहीं देखा है। अगली बार निरीक्षण में इसको देखा जाएगा।

जेसीबी संचालक को अज्ञात हमलावरों ने मारी गोली, रेफर

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे। गाजीपुर शादियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत धावा फरीदपुर निवासी रामकेर यादव(42) पुत्र रामचंद्र यादव को अज्ञात हमलावरों ने दोपहर में मौडीडीह गांव के पास सड़क के किनारे मड़ई पर गोली मार दी गोली रामकेर यादव को दाहिने तरफ पजरी में लगी गोली मारने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। किसी तरह रामकेर ने तत्काल भुड़कुडा पुलिस को गोली मारने की सूचना दी सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक तारावती उच्च अधिकारियों को सूचना देते हुए तत्काल मौके पर पहुंची और रामकेर को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया जहां स्थिति नाजुक होने पर रामकेर को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही शादियाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जहां ग्रामीणों ने बताया कि रामकेर अपनी स्कूटी से जखनिया की तरफ जा रहे थे और जखनिया की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग आ रहे थे सामने गाड़ी रोक कर गोली मारते हुए शादियाबाद की तरफ भाग गए गोली चलने की सूचना मिलते ही अगल-बगल के लोग भी इकट्ठा हो गए लोगों ने बताया कि हमलावरों को रामकेर पहचान गया था और उसने हमलावरों के बारे में पुलिस को बताया है। इस संबंध में शादियाबाद थाना प्रभारी सत्येंद्र राय ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है लेकिन सूचना के आधार पर पुलिस अपनी कार्यवाही कर रही है रामकेर यादव 15 दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी विधि भूषण सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच में जुटे हुए है।

मोबाईल वाणी की बैठक संम्पन्न, पूरे जनपद से लोग हुवे शामिल

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। स्थानीय क्षेत्र दुल्लहपुर के स्मार्टपुर हब सेन्टर जलालाबाद में ग्रामवाणी ऑर्गेनाइजेशन से आई टीम के कम्युनिटी एंड मीडिया मैनेजर ग्रामवाणी ऑर्गेनाइजेशन से अमरजीत जी और आइल दत्त ने जनपद में काम कर रहे महिला पुरुष साथियों के साथ जानकारीयों का आदान-प्रदान किया और क्षेत्र में आ रही कठिनाइयों के बारे में उनसे जाना साथ ही कहा कि जिस उद्देश्य से जनपद में गाजीपुर मोबाइल वाणी का संचालन किया गया है उसे उद्देश्य को सफल बनाने के लिए आप लोगों का जो योगदान लोगों को जागरूक करने के लिए निःशुल्क नम्बर 09266300111 पर डायल कर समाचार सुनाने ,सरकारी योजनाओं की जानकारी देने ,उसका लाभ दिलाने,स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी, मनरेगा से जुड़ी जानकारी, सहित कई पहलू पर विशेष कार्य किया जाता है वह सराहनीय है विशेष कर उन तमाम महिला साथियों का जिन्हें घरों से निकलने तक की आजादी नहीं है फिर भी इस ग्रामवानी आर्गेनाइजेशन से जुड़कर लोगों के बीच जाती हैं और उन्हें जागरूक करने सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उनके साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करने का काम करती है यैसी महिलाएं धन्यवाद की पात्र हैं , साथ ही अलग-अलग तहसील, ब्लाक से आए सहयोगी संवाददाता भी क्षेत्र में काम करते वक्त आ रही परेशानियों के बारे में अवगत कराये जिसके बाद संस्था की तरफ से क्या सहयोग चाहिए उसे पर भी चर्चा हुई जिसके बारे में हुई चर्चा के जरिये जानकारियों के आदान-प्रदान के बाद यह निर्णय लिया गया कि इसे सफल बनाने के लिए जो भी कदम उठाया जाएगा वह आप सभी के विचारों से सहमत होकर किया जाएगा ताकि जिस उद्देश्य से इस जनपद में लॉन्च किया गया है उसे उद्देश्यों को पूरा किया जा सके इस बैठक में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर(ब्यूरो) गाजीपुर मोबाईल वाणी ओपेन्दर कुमार, रमेश सोनी,लल्लन यादव ,विनय ठाकुर,कपिलदेव, प्रमोद, पन्नालाल, सुरेश चंद्र पाण्डेय, कपिलदेव शर्मा, महिला टीम से सुनीता कुमारी, अंकिता मित्रा, मीरा आदि लोग शामिल रहे ।

आहर में डूबने से हुई एक ब्यक्ति की मौत



संवाददाता पालीगंज। थाना क्षेत्र के रानीपुर कोडरा गांव के पास रविवार को देर शाम आहर में डूबने से एक ब्यक्ति की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर कोडरा गंनव निवासी मुनारिक मांझी के 38 वर्षीय पुत्र राजकुमार मांझी रविवार की देर शाम आहर किनारे शौच के लिए गया था। जो काफी देर तक घर नही लौटा। जिसे देख परिजनों तथा गांव वालों ने खोजबीन शुरू किया। जिसके दौरान राजकुमार मांझी मृत अवस्था मे आहर में मुंह के बल गिरा हुआ मिला। जिसे देख मौके पर भीड़ जुट गई। वही घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दुल्हिन बाजार पुलिस शव को कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज स्थित अनुमण्डल अस्पताल भेज दिया। वही सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

बाढ़ के बाद गंगा किनारे पसरी गंदगी को किया साफ

वाराणसी। नमामि गंगे के सदस्यों ने सोमवार को दशाश्वमेध घाट पर बाढ़ के बाद पसरी गंदगी को साफ किया। गंगा की अविरलता - निर्मलता व घाटों की स्वच्छता हेतु जनजागरण के तहत गंगा की तलहटी की सफाई की। गंगा आरती और स्वच्छता संकल्प के पश्चात सदस्यों ने इधर-उधर बिखरा कचरा समेट कर उसे कूड़ेदान में फेंका।गंगा तलहटी और सतही जल पर तैर रही अनेकों प्रदूषण कारक वस्तुओं को निकाला। श्रमदान के दौरान सदस्य जोश में घोष कर रहे थे कि ' आओ घर - घर अलख जगाएं - मां गंगा को निर्मल बनाएं।ध्वनि विस्तारक यंत्र और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां के द्वारा घाट पर उपस्थित नागरिकों, पंडित,पुरोहितों, पूजन सामग्री विक्रेताओं, दुकानदारों एवं मल्लाह बंधुओं से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई।काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि गंगा 2525 किलोमीटर की अपनी यात्रा में भारत की 56 प्रतिशत आबादी को जीवन देती हैं। गंगा सदियों से भारत को अपने निर्मल जल से सींच रही हैं।भारत की सिंचाई पेयजल, तीर्थाटन एवं अन्य कई आवश्यकता की पूर्ति कर रही हैं। गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश हम जन-जन तक पहुंचाएं क्योंकि जागरूकता ही सफलता की और उठने वाला पहला कदम होता है।काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, महानगर सहसंयोजक सरिका गुप्ता, संजय गुप्ता,शैलेश तिवारी, रमेश चौहान अशोक बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

धार्मिक स्थल के दरवाजे पर मिला साड़ी में लिपटा बच्चे का शव ग्रामीणों में हड़कंप

वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के भतसार जोगीवीर पाही गांव स्थित धार्मिक स्थल के दरवाजे पर बच्चे का शव मिलने से सनसनी मची है। करीब दो साल के बच्चे का शव साड़ी में लिपटा था। शरीर पर कई जगह सिंदूर लगा है शव कि शिनाख्त नहीं हो सकी। ग्रामीणों के अनुसार यह किसी तंत्र-मंत्र या तांत्रिक का कार्य है घटना को लेकर गांव में हड़कंप है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सोमवार सुबह भतसार जोगीवीर पाही गांव स्थित धार्मिक स्थल के पास पहुंचे तो दरवाजे पर साड़ी के कपड़े में एक बच्चे का शव देखा जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई पैर से दिव्यांग और कुपोषित बच्चे के शव को धार्मिक स्थल के बाहर मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना के बाद मौके पर जंसा थाने की पुलिस पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलन किया शव पर कई जगह सिंदूर लगाने के निशान थे। कहीं भी चोट का निशान नहीं मिला पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है शिनाख्त की कोशिश जारी है। घटना के लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा है ग्रामीणों को शक है कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में ऐसा काम किया गया

ट्रेन की चपेट में आने से 150 भेड़ों की मौत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कठवा मोड़ चौकी अंतर्गत खालिसपुर गांव के समीप रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर लगभग 150 भेड़े मर गई साथ ही भेड़ों को बचाने के चक्कर में 70 वर्षीय राम प्रसाद पाल निवासी ग्राम नागपुर जिला बक्सर थाना राजपुर की भी मौत हो गई। घटना रविवार की रात्रि लगभग साढ़े सात बजे के आस-पास की है। लगभग 250 भेड़े रेल लाइन पकड़कर मुहम्मदाबाद की तरफ जा रही थी। उसी समय बलिया से गाज़ीपुर आ रही बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस की चपेट में आने से भेड़े कटकर मर गई। पांच भेड़ पालको में शामिल रामप्रसाद पाल भेड़ों को बचाने के चक्कर मे ट्रेन से टकरा गये जिससे उनकी भी मौत हो गयी। मौके पर एसपी ग्रामीम और एसडीएम पहुंचे थे। गढ्ढा खोदकर भेड़ों को दफना दिया गया।

एआरटीओ कार्यालय में जिला प्रशासन की छापेमारी से मची अफरा तफरी

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर। एआरटीओ कार्यालय में दलालों के बोलबाले की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने आज औचक छापेमारी की। एडीएम (वित्त) अरुण कुमार सिंह और एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी द्वारा छापेमारी के चलते विभाग में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान एक दलाल को पकड़ा भी गया था, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। एडीएम अरुण कुमार सिंह से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि एआरटीओ ऑफिस में दलालों की सक्रियता काफी बढ़ गई है और इसी सूचना पर उन्होंने आवश्यक छापेमारी किया है। कई काउंटर पर उन्होंने घंटो जांच भी किया है। इस दौरान एक दलाल उनकी पकड़ में भी आया, लेकिन वह एडीएम, एसपी ग्रामीण के साथ ही शहर कोतवाल और भारी पुलिस फोर्स को चकमा देते हुए गायब हो गया। एआरटीओ सौम्या पांडेय से बात की गई तो उन्होंने भी स्वीकार किया कि दलालों की जानकारी पर छापेमारी किया गया है। फिलहाल जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ भारी पुलिस फोर्स द्वारा छापेमारी से कार्यालय परिसर में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने कार्यालय परिसर में दलालों के प्रवेश निषेध के लिए कड़े निर्देश भी दिए हैं।

जन्मोत्सव | भजन कीर्तन हवन यज्ञ के साथ ग्रामीणों ने मनाया जन्मोत्सव

कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव महासभा गाजीपुर द्वारा किया ग्राम प्रधानों को सम्मानित

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, नन्दगंज। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर के द्वारा सभी ब्लॉकों के ज्यादा से ज्यादा ग्राम में प्रधान सम्मान समारोह का आयोजन करके सभी समाज मे समरस्ता का संदेश देने का कार्य किया गया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सैकड़ो गाँव मे यादव महासभा के सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया जिलाध्यक्ष सुजीत यादव के नेतृत्व में भी बाघी गाँव मे प्रधान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व डीआईजी बलिकरन यादव ने लोनेपुर के प्रधान रवि यादव व बाघी गाँव के प्रधान राजेश राम को पटका पहनाकर व भगवान की प्रतिमा देकर सम्मानित किया इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए पूर्व डीआईजी बलिकरन यादव ने बताया कि यादव महासभा गाजीपुर के इस कार्य की मैं सराहना करता हु जिन्होंने यादव गौरव की परम्परा को बरकरार रखने का कार्य किया यादव समाज दूसरे समाज के प्रधानों को सम्मानित करके श्री कृष्ण जन्माष्टमी को सही मायने में मनाया भगवान ने यही संदेश देने का कार्य महाभारत में भी किया था सबका सम्मान हो जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने कहाँ की यादव समाज को मजबूत करने के लिए मेरा हर प्रयास रहेगा कृष्ण जन्माष्टमी पर जिले भर की जनता को यादव समाज के तरफ से बधाई शुभकामनाएं इस अवसर पर सूरज राम बिंद सिंघासन यादव पूर्व प्रधान अशोक यादव , ब्लाक सचिव अजय यादव टीपू पूर्व प्रधान जमुना बिंद , फौजी नन्दु यादव ,बलिस्टर यादव सुभाष यादव श्लोक यादव छोटु बिंद भंगा यादव अशोक साई मास्टर अमर नाथ यादव पुसू यादव धर्मदेव यादव सहित पंकज दुबे सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

लोगों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर हास्पिटल बंद करने का किया मांग

महादेव हास्पिटल पर पीड़ित ने लगाया गंभीर आरोप, फर्जी हास्पिटलो में जान से हो रही है खिलवाड़

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर। सादात थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव हॉस्पिटल पर एक पीड़ित ने गंभीर आरोप लगाया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है। कुछ लोगों ने सीएम हेल्पलाइन पर हास्पिटल बंद होने की मांग किया है। ओड़ासन गांव निवासिनी पुष्पा बनवासी (25) पत्नी मनोज बनवासी जो एक बच्चे की मां है।वायरल वीडियो में पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे पत्नी को अचानक बाथरूम के रास्ते से लैट्रिन होने लगा तो मनोज बनवासी ने महादेव हॉस्पिटल में दिखाया महादेव हॉस्पिटल के डॉक्टर ने कहा कि पच्चीस हजार रुपए में हम ठेका ले रहे हैं ठीक कर देंगे। लेकिन ऑपरेशन के एक सप्ताह बाद भी हालत वही रहा तो महादेव हॉस्पिटल के संचालक ने इन्हें वाराणसी के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल को बताया उन्होंने कहा कि मेरे भाई का हास्पिटल है। वहां जाइए आपका ऑपरेशन हो जाएगा लेकिन वहां जाने पर भी तीन बार ऑपरेशन हुआ पच्चास हजार रुपए लगा। पुष्पा की हालत और सीरियस होती गई तो कहां जांच करवाने के लिए जांच के लिए पास पैसे नहीं थे बिना कागज बिना लिखा पड़ी इसको वापस कर दिए। पीड़ित ने बताया कि घर चला आया फिर जाकर के महादेव हॉस्पिटल पर कहा कि आप हमसे पैसा लिए और हमारा मरीज ठीक नहीं हो रहा है हमारा इलाज कराओ या हमें पच्चास हजार रुपए दीजिए मैं जाकर इलाज कराता हूं तो अस्पताल संचालक ने धमकी देते हुए भगा दिया मैं तुम्हें पहचानता नहीं हूं। उन्होंने कहा कि जब पहचानते नहीं हो तो घर क्यों दौड़ रहे हो दबाव डलवा रहे हो धमकी दिलवा रहे हो । अब सोचिए कि अगर निजी अस्पताल में इस तरह मरीजो का शोषण होने लगेगा तो भला कौन इलाज कराने जायेगा।सूत्रों की मानें तो कुछ दिनों पहले बक्सुपुर का मामला महादेव हॉस्पिटल में फंसा था ब्लड के नाम पर खूब खुलेआम वसूली हुई पच्चीस हजार लिया गया,डायरिया मरीज को भर्ती कर सुबह तक बारह हजार का बिल बन गया क्या पूरे स्वास्थ्य विभाग के और जिले के अधिकारी आंख बंद करके सोए हुए हैं ऐसे लापरवाहों पर कब करवाई होगी। इस संबंध में हास्पिटल संचालक का जब पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो हास्पिटल संचालक फोन नहीं उठाया।

ख़ास ख़बर

सघन मिशन इन्द्रधनुष द्वितीय चरण अभियान का डीएम व सीडीओ ने किया शुभारंभ

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोंण्डा सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय इमामबाड़ा में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत टीकाकरण सत्र का शुभारंभ किया गया। साथ में मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली व मुख्य चिकित्सा अधिकारी और यूनिसेफ के डीएमसी और जिला /ब्लॉक के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने एक बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिला कर सत्र का शुभारंभ किया गया। इस क्षेत्र में आने वाले प्रतिरोधी परिवारों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने और उनका टीकाकरण कराने के लिए सभासदों और कोटेदारों को निर्देशित भी किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चन्द्र, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय गोविंद, डीसीपीएम डॉक्टर आरपी सिंह, यूनीसेफ डॉक्टर शेषनाथ सिंह सहित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के निमित्त मिट्टी संकलन का कार्य जनपद के प्रत्येक बूथों पर प्रारम्भ किया गया

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोण्डा भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप द्वारा वजीरगंज मंडल के महादेव गाँव में अभियान का सुभारम्भ किया गया। मिट्टी संकलन के दौरान गाँव वासियो को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि ये हमारा आपका सबका सौभाग्य है कि हमारे घरों कि यह एक चुटकी मिट्टी देश के अमर शहीदों के किसी काम आएगी। देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के इस निर्णय कि हम सब भारतवासी भूरि भूरि प्रशंशा करते है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा, स्वतंत्र सिंह मंडल महामंत्री, दुष्यंत गोस्वामी मंडल उपाध्यक्ष बलकरण सिंह शक्ति केंद्र संयोजक, अनु गोस्वामी बूथ अध्यक्ष ,विजय कुमार गुप्ता, बूथ अध्यक्ष जनार्दन दास बोथ महामंत्री हरिनाथ सिंह बोथ महामंत्री सुशील भारती कोटेदार आदि लोग उपस्थित रहें

मण्डलायुक्त ने पुलिस विभाग द्वारा चयनित अयोध्या के विभिन्न 39 पार्किंग स्थलों के सम्बंध में की समीक्षा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या आने वाले श्रद्वालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी जिसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा चयनित अयोध्या के विभिन्न 39 पार्किंग स्थलों के सम्बंध में समीक्षा की गयी। उन्होंने चयनित स्थलों का पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर भूमि की प्रकृति व उसकी नवैय्यत आदि की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये ।इसके अतिरिक्त अयोध्या के यातायात योजना आदि की भी चर्चा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल पटेल, एसपी यातायात आर एस गौतम, सीओ ट्रैफिक सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को दिए आवश्यक निर्देश

कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारी को कार्य में तेजी लाकर समय तैयार करने के दिये निर्देश-डीएम

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। आज सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति का लिये जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 282 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर प्राचार्य आवास, प्रशासनिक भवन, महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास एवं अन्य सभी तैयार हो रहे सभी बिल्डिंग भवनों में जाकर कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में और तेजी लाएं ताकि सत्र प्रारंभ से पहले पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो सके। निरीक्षण के दौरान कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज में बचे हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द तैयार करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर राजकीय नोडल अधिकारी डा० कुलदीप पाण्डेय, एई भवन निर्माण खंड बलरामपुर, सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कृषि गोष्ठी में जनप्रतिनिधिगण रहे उपस्थित, किसानों को मिली आवश्यक जानकारी

जनपद के 16 विकासखंडों में कृषि गोष्ठी का आयोजन

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। जनपद गोंडा में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मेलों तथा सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय गोष्ठियों का आयोजन विगत 21 अगस्त 2023 से 11 सितंबर 2023 तक जनपद के समस्त 16 विकासखंडों में किया गया। विकासखंड तरबगंज में आयोजित हुई गोष्ठी में माननीय विधायक श्री प्रेम नारायन पांडेय, विकासखंड रुपईडीह तथा हलधरमऊ में आयोजित हुई गोष्ठियों में माननीय विधायक श्री बावन सिंह तथा विकासखंड छपिया एवं बभनजोत में आयोजित हुई गोष्ठियों में माननीय विधायक श्री प्रभात कुमार वर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया है कि जनपद के समस्त 16 विकासखंडों में आयोजित हुई गोष्ठियों में लगभग 5500 कृषकों द्वारा प्रतिभाग कर कृषि से संबंधित नवाचारों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई।उन्होंने बताया है कि गोष्ठियों में कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि उत्पादन के विषय में नवीनतम तकनीकियों की जानकारी प्रतिभागी कृषकों को प्रदान की गई। गोष्ठियों में क्षेत्र पंचायत प्रमुख एवं ग्राम प्रधानों सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस गोष्ठियों में उप कृषि निदेशक श्री प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी श्री जगदीश प्रसाद तथा उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी श्री शिव शंकर चौधरी द्वारा भी प्रतिभागी किया गया तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रतिभागी कृषकों को प्रदान की गई।इस गोष्ठियों मेलों में कृषकों को उपयोगी साहित्य का भी वितरण किया गया तथा कृषि एवं संबंधित विभागों और कृषि से जुड़े हुए प्रतिष्ठानों द्वारा अपने स्टाल भी लगाए गए।

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या व उदय स्टालिन पर हो एफआईआर की मांग

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। इंडियन सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस सनातन हिंदू धर्म के आस्था का प्रतीक है और प्रत्येक सनातनी की प्राण वायु है उनके द्वारा रामचरितमानस में रचित चौपाइयों की गलत व्याख्या कर देश में सनातन धर्म को विकृत करने की कोशिश की गई है इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य व उदयनिधि स्टालिन की गिरफ्तारी हो। वही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी हरी बिलास तिवारी ने कहा कि विगत कुछ महीने से स्वामी प्रसाद मौर्य और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन द्वारा धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को जलाने टिप्पणी करने सनातन धर्म के विषय पर धर्म के ऊपर अनाप-शनाप बयान देने के कारण सनातन धर्म के अनुयाई तथा इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आहत है इसलिए हमारी पार्टी व आम जनमानस की तरफ से स्वामी प्रसाद मौर्य और स्टालिन के ऊपर अभिलंब कार्यवाही की जाए। उपजिलाधिकारी बीकापुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते समय रामजी पांडेय मंडल प्रभारी, प्रदीप तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष, रमन पांडे, वीरेंद्र तिवारी, उत्कर्ष सिंह, दीपक शुक्ला, सत्यम तिवारी, इंद्रमणि पांडे, रवि पांडेय, विपिन तिवारी जिला मंत्री, शिवमणि तिवारी ब्लॉक सचिव, सत्य प्रकाश तिवारी, सुशील कुमार पांडे एडवोकेट, विष्णुकांत पांडेय, आशीष पांडेय, गोकरन तिवारी, ओमप्रकाश पांडे समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

मानवेन्द्र सिंह अध्यक्ष व रत्नेश कुमार बने इकाई मंत्री

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। साकेत महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई इकाई का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष व मंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। इकाई पुनर्गठन की शुरुआत महानगर संगठन मंत्री अंकित भारतीय , चुनाव अधिकारी प्रो आशीष प्रताप सिंह व महानगर उपाध्यक्ष डॉ दिनेश प्रताप सिंह ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की।चुनाव अधिकारी प्रो आशीष प्रताप सिंह ने मानवेन्द्र सिंह को इकाई अध्यक्ष व रत्नेश कुमार को इकाई मंत्री घोषित किया। इस मौके पर अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठा कर उच्च गुणवत्ता के साथ शैक्षणिक वातावरण बनाना ही इस इकाई का मुख्य उद्देश्य है। इकाई मंत्री रत्नेश ने कहा कि अभाविप ही एक मात्र ऐसा छात्र संगठन है, जो छात्र छात्राओं को नेतृत्व प्रदान करने में सहायक होता है।इकाई अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने ज्ञानेंद्र पांडेय,यज्ञकिरण सिंह ,शुभम द्विवेदी ,शोभित सिंह,पलक दुबे,विकास पाठक,विपिन पांडेय,को उपाध्यक्ष घोषित किया। आंनद प्रताप सिंह,धुव्र मिश्रा, आदर्श चतुर्वेदी, राहुल गौड़,यश पाठक,अमन गुप्ता,शिवम को सहमंत्री बनाया। और अनुराग शुक्ला और रुचि मौर्या को विकासार्थ विद्यार्थी का सयोंजक व प्रांजल और अमित कुमार को सेवार्थ विद्यार्थी का सयोंजक दीपांजलि सिंह को राष्ट्रीय कला मंच अभिषेक पांडेय मीडिया संयोजक रुचि सिंह और जय श्रीरावत को छात्रा प्रमुख हर्ष तिवारी को खेल सयोंजक वही यश पांडेय,माता प्रसाद, अभय पांडेय को कार्यकरणी सदस्य बनाया गया है।

परास्नातक में 101 एवं पीएचडी में 52 रिक्त सीटों पर प्रवेश

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में रिक्त सीटों पर चल रही ऑफलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया सोमवार को संपन्न हो गई। काउंसिलिंग की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न किए जाने पर कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने प्रशन्नता जाहिर की है साथ ही सभी जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। इस दौरान परास्नातक में कुल 101 अभ्यर्थियों ने रिक्त सीटों पर प्रवेश लिया। प्रवेश लेने वाले 26 छात्र-छात्राओं का अपग्रेडेशन किया गया। वहीं पीएचडी में कुल 52 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया और 12 अभ्यर्थियों का अपग्रेडेशन किया गया। कृषि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव डा. सुशांत श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि परास्नातक में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या में कुल 19 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया जबकि 08 अभ्यर्थियों का अपग्रेडेशन किया गया।

विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। कस्बे में श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर शुगर मिल पर विहिप के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन रविवार की शाम को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक समरसता प्रमुख विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत गोविंद शाह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर के प्रमुख समाजसेवी तिलक राज अरोड़ा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुनील कसौधन और संचालन कार्य अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विहिप की स्थापना का उद्देश्य संपूर्ण विश्व में निवास कर रहे हिंदू समाज के अंदर ऊंच-नीच, जातिवाद आदि कुरीतियों को मिटाकर समरस हिंदू समाज की स्थापना करना है। उन्होंने बताया 1964 को जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर जी सहित देश के प्रमुख समाजसेवियों के मार्गदर्शन में संपूर्ण हिंदू समाज का यह संगठन निर्मित हुआ।विहिप ने श्री राम जन्मभूमि,रामसेतु और अमरनाथ का आंदोलन सफलता पूर्वक संपन्न किया। कार्यकर्ता निरंतर लव जिहाद , लैंड जेहाद, धर्मांतरण ,गौ हत्या, आदि विषयों पर निरंतर संघर्ष करते हैं। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि प्रत्येक हिंदू को अपने घरों में धार्मिक ग्रंथ, धार्मिक चित्र व तुलसी का पौधा अवश्य रखना चाहिए प्रत्येक हिंदू को मंदिर जाना चाहिए व एक रोटी गाय के लिए अवश्य निकालना चाहिए। नगर अध्यक्ष सुनील कसौधन ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट होने का आवाहन किया। इस मौके पर चंदन श्रीवास्तव, बॉबी चौहान, प्रदीप जायसवाल, शिब्बू सिंह, मनीराम यादव, सुनील शास्त्री, जितेंद्र श्रीवास्तव, सौरभ कसौधन,सुनील गुप्ता, विवेक त्रिपाठी,भोला निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

पुलिस ने लाखों के जेवरात व नगदी सहित चार चोरों को किया गिरफ्तार

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, हैदरगंज। तारुन पुलिस ने लाखों के जेवरात सहित 8900 रुपए नगद के साथ चार चोरों को नागपाली मोड़ गौराघाट मार्ग से गिरफ्तार किया है । खबर अयोध्या जनपद के तारुन थाना क्षेत्र के नागपाली मोड़ गौराघाट मार्ग की है । इस संबंध में सोमवार की देर शाम 5:00 बजे के आसपास जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना तारुन अशोक कुमार यादव ने बताया कि थाने के उप निरीक्षक मिथिलेश कुमार सिंह उपनिरीक्षक लल्लन सिंह, उपनिरीक्षक अभिनंदन पांडेय, कांस्टेबल मोरेंद्र कुमार, कांस्टेबल प्रदीप चौहान, कांस्टेबल प्रभाकर यादव, कांस्टेबल अक्षय कुमार ने सुखबीर की सूचना पर क्षेत्र के नागपाली मोड़ गौराघाट मार्ग से गिरफ्तार पप्पू बनराजा पुत्र मथुरा निवासी बनगवा थाना महाराज गंज, सुंदर बनराजा पुत्र मथुरा बनराजा निवासी ग्राम बनगवा थाना महाराजगंज, संजीत कुमार पुत्र रामलाल निवासी भदेसर थाना कोतवाली बीकापुर और श्रीराम पुत्र निहुरी निवासी नटौली थाना गोसाईंगंज जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया है । जिनके कब्जे से पुलिस टीम को करीब 2 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर सहित 8900 रुपए नगद बरामद किया है ।

बप्पा एक दिवसीय कैडर की हुई बैठक

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, दिलासीगंज। बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में सर्वाधिक बेरोजगार लोगों को स्थाई रोजगार का अवसर मिला था आज बड़े पैमाने पर बेरोजगारी महंगाई बढ़ी है इसका समाधान केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार कर पाने में असफल साबित हो रही है हर तीसरे महीने कोई न कोई जुमला फैलाकर लोगों का ध्यान भटकाने का कार्य करती है आज देश व प्रदेश के गरीबों में महंगाई भ्रष्टाचार को लेकर काफी आक्रोश है इससे निजात पाने के लिए आने वाले लोकसभा के चुनाव में सर्व समाज के लोग बहुजन समाज पार्टी को आसाभारी निगाहों से देख रहे हैं लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी पावर ऑफ बैलेंस बनाकर के देश में उभरेगी इसके लिए बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी गांव गांव पोलिंग बूथ स्तर पर जनाधार को मजबूत करने में लगे हुए हैं सोमवार को ग्राम पंचायत बब्बुआपुर में बहुजन समाज पार्टी की एक दिवसीय कैडर बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहीं बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं संचालन विधानसभा गोसाईंगंज के प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम ने किया बैठक को संबोधित करते हुए बसपा नेता विमल ने कहा कि सतासीन भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी समाजवादी पार्टी समय-समय पर बहुजन समाज पार्टी को तोड़ने व कमजोर करने की साजिश रचते रहते है क्योंकि बहुजन समाज पार्टी ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो देश के गरीबों नौजवानों किसानों व्यापारियों की बात करती है।

बुखार रोगियों से अस्पताल में भीड़ बढ़ी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। बदलते मौसम में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसमें डेंगू के मरीज भी मिल रहे हैं। सौ शैय्या अस्पताल की ही ओपीडी में अकेले 6 सौ से अधिक मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। इनमें हर चौथा व्यक्ति बुखार से पीड़ित मिल रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में भी बुखार और सर्दी-जुकाम के मरीज पहुंच रहे हैं। तेज गर्मी एवं मौसम का ठंड हो जाना, मौसम में उतार-चढ़ाव से बच्चों और बुजुर्गों को वायरल बीमारियां भी तेजी से जकड़ने लगी हैं। बच्चों को डायरिया, वायरल फीवर, निमोनिया डेंगू का खतरा बढ़ा है, तो बुजुर्गों को सबसे अधिक सांस फूलने की बीमारी हो रही है। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में मरीज बड़ी संख्या में बुखार, खांसी, जुकाम और बदन दर्द की परेशानी लेकर आ रहे हैं। सोमवार को अस्पताल में 6 सौ महिला एवं पुरुष प्राथमिक इलाज कराने ओपीडी में पहुंचे। मरीजों ने पंजीकरण कराकर प्राथमिक उपचार कराया। इनमें से करीब दो सौ लोग बुखार से पीड़ित मिले।

अटल आवासीय विद्यालय का शुभारंभ

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। हर श्रमिक के बच्चे की यह लालसा होती है कि वह भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करे और उसका पिता भी यही चाहता है कि उसका बच्चा पढ़ लिखकर और अच्छी शिक्षा प्राप्त कर किसी उच्च स्थान पर नौकरी करे। श्रमिकों एवं श्रमिकों के बच्चों कि इस इच्छा को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरा करने का बीड़ा उठाया है। इसी के परिप्रेक्ष्य में पूरे प्रदेश में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। अयोध्या जनपद की तहसील रुदौली के अमराई गांव में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण हुआ है, जिसमें बच्चे बोर्डिंग में रहकर अब निशुल्क और अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे। श्रमिकों के बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार की ओर से संचालित की जा रही अटल आवासीय योजना मील का पत्थर साबित होगी। सोमवार को विद्यालय में एक वेशभूषा में पहुंचे बच्चे अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। उनके साथ आए उनके अभिभावक भी खुशी से नहीं समा रहे थे। उप श्रमायुक्त प्रतिभा तिवारी ने फीता काट कर व नारियल फोड़ कर पूजन के बाद विद्यालय का शुभारंभ कराया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह स्कूल 63 करोड़ की लागत से बनाया गया है, जो साढ़े 13 एकड़ भूमि में निर्मित है। विद्यालय में खेलकूद का मैदान, पढ़ाई के लिए कमरा, कंप्यूटर विज्ञान की प्रयोगशाला, पुस्तकालय, लड़के व लड़कियों के लिए अलग-अलग रहने के लिए छात्रावास, खाने की व्यवस्था सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से उपलब्ध कराई गई है। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के1 000 बच्चे एक साथ लाभान्वित हो सकेंगे।

शुभारम्भ | आयुक्त द्वारा बच्चों को सम्बोधित करते हुए बच्चों को अच्छे भविष्य की शुभकामनायें दीं

अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर का शैक्षणिक सत्र आयुक्त ने किया शुभारम्भ

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोंण्डा सोमवार को अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम-सिसवा तहसील मनकापुर जिला गोण्डा में आयुक्त, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा की अध्यक्षता एवं नोडल अधिकारी गौरव कुमार, कार्यालय श्रमायुक्त, उ०प्र०, कानपुर की उपस्थिति में शैक्षणिक सत्र 2023-24 का शुभारम्भ किया गया। शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ करते हुए आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए बच्चों को अच्छे भविष्य की शुभकामनायें दीं तथा बच्चों को आशीर्वाद के साथ नियमित 15 दिनों के अन्तराल पर बच्चों से संवाद करने की बात कही, जिस पर बच्चों एवं अभिभावकगण द्वारा तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। नोडल अधिकारी / मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय संचालन की सम्पूर्ण प्रक्रिया से विस्तार से अवगत कराया गया। उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल द्वारा आयुक्त महोदय और नोडल अधिकारी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ का परिचय कराते हुए बच्चों के शैक्षिक एवं शारीरिक विकास पर बल दिया गया। समस्त कार्यक्रम अटल आवासीय समिति द्वारा निर्धारित प्रथम दिवस के कार्यक्रमानुसार "प्रवेश उत्सव" के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर आयुक्त, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा, नोडल अधिकारी गौरव कुमार, अभियन्ता विद्युत यांत्रिकी, कार्यालय श्रमायुक्त, उ०प्र०, कानपुर, अनुभव वर्मा, उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल, गोण्डा के साथ मुहम्मद अब्बास, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, सहायक श्रमायुक्त, बहराइच, हकीमुल्लाह सिद्दकी, प्रधानाचार्य, अटल आवासीय विद्यालय, गोण्डा, योगेश दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, गोण्डा, सत्येन्द्र प्रताप, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, गोण्डा, रिजवान खान, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, कैसरगंज, बहराइच, विन्ध्याचल शुक्ला, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बहराइच, भूपेन्द्र, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, उतरौला, बलरामपुर, अशोक पाण्डेय, कम्पयूटर आपरेटर, श्री विनोद कुमार तिवारी, कम्प्यूटर आपरेटर, श्री रोहित सोनी, कम्प्यूटर आपरेटर, श्री अजीत कुमार पाण्डेय, कम्प्यूटर आपरेटर, श्री अनूप कुमार यादव, चालक, आदि उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी नर्स दे रही शिकायतकर्ता व पीड़ित को धमकी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। तारुन सीएचसी के नंसा एएनएम सेंटर की स्थानांतरित स्टाफ नर्स निशा दुबे का नया कारनामा सामने आया है।स्थानांतरन से बौखलाई दबंग नर्स निशा दुबे ने अपने सहयोगियों को मामले को दबाने के लिए पीड़ित व शिकायत कर्ता को धमकाने व मामले को दबवाने के लिए अनुचित प्रयास शुरू कर दिया है। बता दे कि दबंग नर्स के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला विभागीय जांच रिपोर्ट में सिद्ध होने के बाद सीएमओ द्वारा उसे तत्काल प्रभाव से नंसा एएनएम सेंटर से हटा दिया गया। लेकिन सीएमओ के आदेश के बावजूद अपनी दबंगई के बल पर नर्स निशा दुबे नए तैनाती स्थल पर नही गयी। बल्कि उसने अपने सहयोगियों के माध्यम से शिकायत कर्ता समाजसेवी पर ही तमाम लोगो से दबाब बनवाकर मामले में सुलह का हथकंडा अपनाना शुरू कर दिया। नर्स का मया बाजार निवासी एक रिश्तेदार जो किसी मेडिकल कम्पनी में एमआर की नौकरी करता है वह भी खुद को एक प्रतिष्ठित अखबार का पत्रकार बताते हुए स्थानीय संपादक को बदनाम करने की साजिश करने से बाज नही आ रहा है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मे आयोजित भंडारे का हुआ शुभारंभ

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर, अयोध्या। कस्बा बीकापुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम मची हुई है। बीकापुर कस्बा में पुलिस क्षेत्र अधिकारी कार्यालय के सामने बाल श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन में राधा एवं कृष्ण के जयकारे लग रहे हैं। यहां पंडाल में आकर्षक झांकी सजाई गई है। पंडाल के पास भजन कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी डा राजेश तिवारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मे आयोजित भंडारे का फीता काटकर शुभारंभ किया। तथा भजन कीर्तन में शामिल हुए। कार्यक्रम से पूर्व श्री कृष्ण प्रतिमा पर धूप दीप दिखा माल्यार्पण कर धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत किया। आयोजन मंडल द्वारा क्षेत्राधिकारी बीकापुर डा राजेश तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना, सभासद बृजभूषण उर्फ राजन पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता का माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर संरक्षक ज्ञान प्रकाश मोदनवाल, विकास मोदनवाल, रितिक कशौधन, शिवम मोदनवाल, शालू कसौधन, शुभम, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अशोक मोदनवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। धार्मिक भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक मंडल के अशोक मोदनवाल ने बताया कि पिछले कई बरसों से कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा बीकापुर कस्बे में अन्य जगहों पर भी पंडाल सजाकर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है।

रोजगार मेला कार्यक्रम में 11850 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

दैनिक शुभ भास्कर /सोहैल किरमानी /हज़ारीबाग। उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल मुख्यालय हजारीबाग के स्थानीय विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को प्रमण्डलीय रोजगार मेला सह नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर संसदीय कार्य मंत्री ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य के हर चुनौतियों के बीच मजबूती से राज्य के लिए ऐतिहासिक फैसलों एवं निर्णयों से मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने राज्य को तरक्की के मार्ग पर आगे ले जाने का काम किया है। कहा कि गरीब तबके की आर्थिक सुरक्षा एवं लोगों का सहारा सर्वजन पेंशन योजना बना। कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर दे रहा है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर आमजन व्यवसाय के मालिक बन रहे हैं। बिरसा हरित ग्राम से सरकार अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण की बेहतरी एवं लोगों को सम्पति का मालिक बनाने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार की नीतियों, निर्णयों से जनक्लयाणकारी योजनाओं, उपलब्धयों को गिनाते हुए कहा कि दो वर्षों से पीएम आवास के लिए राज्य सरकार को पैसा नहीं मिल रहा है। साथ ही अबुआ आवास से वंचितों को 3 कमरा का आवास योजना शुरू किया जा रहा है जिसके तहत 2-3 वर्षों में सात से आठ लाख लोगों को इससे अच्छादित किया जाएगा। सभा को सम्बोधित करते हुए श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने कहा कि 11500 युवक युवतियों को प्रमण्डलीय रोजगार मेला में सरकार रोजगार दे रही है। कहा कि कौशल प्रशिक्षण से शतप्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसके अलावे असंगठित क्षेत्र के लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए घर में ही रोजगार की व्यवस्था सरकार ने किया है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 हजार कुशल युवक-युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है। सरकार के निर्णय ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी रही है। साथ ही समाज के सभी वर्ग, समाज एवं परिवार की उन्नति तरक्की के लिए सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर गाण्डेय विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि हर तबके के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरका रकी संवदेशनशलीता से राज्य की तरक्की के लिए प्रयत्नशील है। वहीं बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि गठबंधन की सरकार संवेदनशीलता के साथ-साथ ऐतिहासिक निर्णय मील का पत्थर साबित रहा है। सर्वजन पेंशन से सभी वृद्धों को पेंशन देने का काम किया है हर वर्ग के लिए सरकार कार्य कर रही है। शिक्षा के बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, डिग्री और नर्सिंग, कौशल प्रशिक्षण से शिक्षा-रोजगार के द्वार खुले हैं। साथ ही नई नियुक्तियों से युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। मौके पर उन्होंने विस्थापन की समस्या, 75 प्रतिशत आरक्षण को कड़ाई से लागू करने सहित बड़कागांव चौक में जाम संबंधी समस्या उठाते हुए इसके समाधान की मांग की। मौके पर बरही विधायक उमा शंकर अकेला ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही रोजगार में स्थानीयता के लिए कड़ाई से पालन करने, हामगार्ड की परीक्षाफल को पुनः प्रकाशित करने तथा आत्मनिर्भरता के लिए रोजगार के और नये अवसर पर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों में प्रमण्डलीय क्षेत्र के 11850 युवक-युवितियों को माननीय अतिथियों के द्वारा नियक्ति पत्र दिया गया। इससे पूर्व माननीय अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। मौके पर स्वागत भाषण सचिव श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग राजेश कुमार ने दिया। मंच संचालन राजश्री प्रसाद ने किया। साथ ही कला संस्कृति विभाग के विभिन्न कलदलों द्वारा स्थानीय एवं झारखण्डी लोक नृत्य-गीत की रंगारंग प्रस्तुती दी गई। इस इवसर पर माननीय अतिथियों के अलावा विभिन्न विभागों के गणमान्य व्यक्ति, प्रमण्डल व जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में युवक-युवती और इस कार्यक्रम में प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज, उपायुक्त चतरा अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग मनोज रतन चोथे उपस्थित थे।

खास ख़बर

ट्रेन के चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक घायल

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर। नई दिल्ली आसनसोल रेल मार्ग पर स्थित मधुपुर आर ओ बी डालमिया कुप डाउन ट्रैक पॉल संख्या 292 / 18-19 के उत्तर छोर पर 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति किसी अज्ञात ट्रेन से गिरकर घायल पड़ा था। इसकी सूचना आसनसोल कंट्रोल ने मधुपुर राजकीय रेल पुलिस और आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही ड्यूटी में तैनात जीआरपी एवं आरपीएफ मौके पर पहुंच कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। किसी ने कुछ नहीं बताया।वहीं रेल पुलिस ने देखा कि घायल व्यक्ति जीवित है तुरंत उसे एंबुलेंस में उठाकर मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उसके पास से रेल पुलिस ने एक स्विच ऑफ एंड्रॉयड मोबाइल और पर्स मिला। वहीं इस मामले को लेकर रेल पुलिस छानबीन में जुट गई है।

श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी मेझिया पंजनिया की बैठक आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। सोमवार को श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी मेझिया पंजनिया की ओर से दुर्गा मंदिर प्रांगण में एक बैठक देवसरन मुर्मू के अध्यक्षता में हुई। जिसमें मेझिया, पंजनिया, वीरगांव के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए कमेटी की सचिव सुभाष मिर्धा ने पूजा कमेटी के सभी सक्रिय सदस्य गण एवं युवा साथियों को हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा नजदीक आ गया है। जिसकी तैयारी हम सभी को मिलकर करना है एवं कमेटी के सभी सक्रिय सदस्यों को तन मन धन से लग जाना है। तभी जाकर पूजा सुसंपन्न होगी। मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने का कार्य प्रारंभ हो चुकी हैं। कमेटी की सभी सक्रिय सदस्यों से अपील किया गया कि आगामी बैठक रविवार को होगी। जिसमें पूजा संबंधित विशेष चर्चा की जाएंगी । आज की बैठक में मुख्य रूप से कमेटी के कोषाध्यक्ष तारापद मंडल, विकास चंद्र मंडल,पवित्र मंडल,नीपेन मंडल,काजल पंडित,खोकन दत्त,पवन पंडित,काजल मंडल, लव कुमार, शिवनाथ मिर्धा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नाला पश्चिम अंचल की हुई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा। नाला प्रखंड क्षेत्र के महुलबना पंचायत के रतनी गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पश्चिम अंचल कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कामरेड बावुधन मुर्मू ने की। इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया मौजूद थे ।इस दौरान पार्टी संगठन के अलावा स्थानीय विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला सचिव कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने कहा कि आज जनता के साथ ही साथ हमारे देश की स्थिति अत्यंत दयनीय है।जनता महंगाई से त्रस्त है ,केंद्र सरकार के द्वारा तमाम सरकारी संस्थाओं को निजीकरण किया जा रहा है। जो देश में आने वाले दिनों में भयंकर परिणाम देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि निजीकरण के चलते देश में बेरोजगारी की संख्या बड़े पैमाने पर बढ़ रही है ।आज झारखंड प्रदेश अजीब संकट से गुजर रहा है । लगातार 2 साल से झारखंड सहित जामताड़ा जिला सुखाड़ की चपेट में है। किसान चिंतित है। कहा कि जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र में जो अजय बराज नहर है। इस नहर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व विधायक स्वर्गीय डॉ विश्वेश्वर खां के अथक प्रयास से तत्कालीन बिहार सरकार के माध्यम से अरबो रुपए खर्च कर बनाया गया था लेकिन शासन और प्रशासन की अनदेखी तथा विभाग की लापरवाही के कारण किसानों के खेत में पानी नहीं मिल सका। काम के अभाव में मजदूर गांव से पलायन कर रहे हैं। शिक्षित बेरोजगार भी काम की तलाश में दूसरे राज्य पलायन करने को बाध्य हो रहे हैं।

कैंप लगाकर दवा वितरण किया गया

दैनिक शुभ भास्कर/ सोहैल किरमानी/ हज़ारीबाग। हजारीबाग प्रमंडलीय रोजगार मेला में आयुष विभाग हजारीबाग के सौजन्य से आयुर्वेद, होम्योपैथ और यूनानी चिकित्सकों के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के हेमंत सोरेन जी के द्वारा युवाओं को आफर लेटर वितरण कार्यक्रम में लगभग 600 लोगो को दवा वितरण किया गया,इस कैंप में बीपी ,सुगर,वेट मसीन से भी जांच किया गया । जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डा० एस एन तिवारी एवं आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सह- जिला आयुष नोडल पदाधिकारी हजारीबाग डॉ आनन्द कुमार शाही के देख रेख में विधिवत तरीके से कैंप लगाया गया,इस कार्यक्रम में औषधीय पौधे का एक्सबिसन लगाया गया और उसके बारे में भी जानकारी दिया गया की कौन कौन पौधे से क्या क्या लाभ होता है । आयुष विभाग हजारीबाग के द्वारा योग शिविर का भी आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ आनन्द शाही, डॉ विजय तिवारी, डॉ दीपिका खंडेलवाल, डॉ कौकुब सारा, डॉ शकील जी, डॉ सुनीता सिंह, डॉ मुकेश चंद्र झा,होमियोपैथिक कंपाउंडर रामबली चौधरी,आयुर्वेद कंपाउंडर मुटूक हांसदा,हरिनंदन ,योग प्रशिक्षक संजीव कुमार,सुमित्रा कुमारी,अजय कुमार दांगी,अर्चना सिंह उपस्थित हुए ।

4 वर्षीय बच्ची को खोजने ससुराल गए शिक्षक के साथ मारपीट

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर। मधुपुर थाना क्षेत्र के धमना फतेहपुर मोहल्ले में ससुराल वालों ने मिलकर दामाद को बुरी तरह से मारकर जख्मी कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि धमना फतेहपुर निवासी शिक्षक मोहम्मद इल्ताफ अंसारी की 4 वर्षीय पुत्री अचानक सुबह गायब हो गई। घर वालों ने काफी खोजबीन करने के बाद शिक्षक इल्ताफ अंसारी को इसकी सूचना दी गई।सूचना मिलते हैं शिक्षक श्री अंसारी अपने घर पहुंच कर आसपास के लोगों से पूछताछ कर खोजबिन शुरू कर दिया। पता चला कि उसकी पुत्री उसके दूसरे बीबी के पास है। वहीं उन्होंने अपनी दूसरी पत्नी के मायके में पुत्री को खोजबीन करने के लिए पहुंचा और अपने ससुराल वालों से पूछताछ करने लगा। ससुराल वालों ने गाली गलौज करते हुए श्री अंसारी के साथ मारपीट शुरू कर दिया। मारपीट की क्रम में इल्ताफ अंसारी के सर पर गंभीर चोट आई। बीच बचाव कर स्थानीय लोगों ने उसे इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। वही शिक्षक इल्ताफ ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ मारपीट कर बुरी तरह जख्मी करने का मामला थाने में दिया है।

सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, देवघर। इनरव्हील क्लब, देवघर की अध्यक्ष सारिका शाह की पहल पर डिपसर B.Ed कॉलेज देवघर में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता पर एक सेमिनार आयोजित कराया गया, जिसमें एम्स की डॉक्टर स्वाती ने शिरकत की और महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं तथा बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रहने और हो जाने पर बचाव कैसे हो के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की । उन्होंने क्या करना और क्या नहीं करना चाहिए के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने बताया कि स्त्रियों को नियमित रूप से स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना चाहिए जैसे कि पेप्समीयर टेस्ट ,एचपीवी टेस्ट जो कि कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों को पकड़ सकते हैं। उन्होंने स्वस्थ आहार लेने की सलाह दी जैसे फल ,सब्जियां साबुत अनाज और उचित मात्रा में विटामिन और मिनरल्स का सेवन क्योंकि अक्सर महिलाएं अपनी आहार का अच्छे से ध्यान नहीं रखती सिर्फ बच्चों और परिवार के आहार का ध्यान रखती है। तीसरा उन्होंने नियमित रूप से व्यायाम की सलाह दी जिससे कि -शारीरिक गतिविधियों से अच्छा स्वास्थ्य बना रहे, और चौथा उन्होंने धूम्रपान और तंबाकू को बिल्कुल निषेध बताया। क्योंकि यह कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं ।पांचवी बात जो उन्होंने बताई वह एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में बताई। युवतियों को एचपीवी वैक्सीनेशन लगवाना चाहिए जो सर्वाइकल कैंसर के खतरों को कम करता है ,साथ ही उन्होंने क्या नहीं करना चाहिए के बारे में भी बताया। बताया कि बादी संबंध बनाने से बचना चाहिए क्योंकि यह सर्वाइकल कैंसर के खतरे को बढ़ाता है। अधिक शराब का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि यह भी कैंसर के खतरे को बढ़ाता है स्क्रीनिंग टेस्टों में अनियमित्ता नहीं बरतनी चाहिए क्योंकि इससे सर्वाइकल कैंसर की पहचान में देर हो जाती है। इन सावधानियां का पालन करके स्त्रियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव कर सकती हैं और यदि कोई संकेत मिले तो तुरंत ही डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए ।इस कार्यक्रम में देव संघ के सचिव असीम कुमार चटर्जी डिपसर कॉलेज में अध्यनरत बीएड और एम एड की छात्राओ के अलावा कॉलेज की प्राचार्य– बबीता कुमारी, उपप्राचार्य एकता सक्सेना, असिस्टेंट प्रोफेसर मनोरंजन कुमार, नमिता कुमारी, संध्या कुमारी झा, शुभीश्वर झा, निरुपम मलिक ,सम्पा राय, सचिव अर्चना भगत , सी जी आर रश्मि रंजन झा, आई एस ओ ज्ञानी मिश्रा,सदस्य विभा सिंह,नमिता भगत आदि उपस्थित थी।

सर्खेलडीह में वृक्षारोपण कर भाजपा ने अमृत वाटिका निर्माण का किया विधिवत उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। सोमवार को जामताड़ा भाजपा नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीयव्यापी कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश अभियान के निमित्त जामताड़ा नगर पंचायत के सभी वार्डों में अमृत वाटिका निर्माण के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल उपस्थित थे। मेरा माटी मेरा देश अभियान के निमित्त अमृत वाटिका निर्माण हेतु भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने जामताड़ा नगर पंचायत अंतर्गत सर्खेलडीह में वृक्षारोपण कर अमृत वाटिका निर्माण का विधिवत उद्घाटन किया। जामताड़ा नगर पंचायत अंतर्गत सभी 16 वार्डो से मिट्टी संग्रहित कर प्रत्येक वार्ड में 75 पौधारोपण कर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश के निमित्त भाजपा नगर इकाई के द्वारा जामताड़ा नगर पंचायत अंतर्गत सभी वार्ड और मोहल्ले में अमृत वाटिका निर्माण करना है। सर्खेलडीह में वृक्षारोपण कर इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जामताड़ा नगर पंचायत के सभी 16 वार्डों में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। जामताड़ा जिला स्तर पर सभी मंडलों के पंचायत और गांवों में भी वृक्षारोपण कर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश को सफल बनाने के लिए सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। श्री मंडल ने कहा कि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश के निमित्त दिल्ली में अमृत वाटिका निर्माण के लिए 7500 कलशों में देश के कोने-कोने से मिट्टी एकत्रित कर अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक होगी। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री सुमित शरण भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश सिंह,भाजयुमो जिला महामंत्री चंदन राउत, अंजनी तिवारी ,संजय साव, देवाशीष राय, विनोद चौबे ,राजेश कुमार ,किशोर सरखेल, संतोष सिंह ,धीरज प्रसाद सहित तमाम भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलाबनी खेल मैदान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी आदि अतिथियों के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर नाला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से अंडर 14 ,अंडर 17 तथा अंडर-19 के बालक बालिकाओं के बीच 100 मीटर दौड़, लंबी कूद ,डिस्कस थ्रो, तीरंदाजी, कबड्डी, जैवलिन थ्रो, गोला फेंक आदि प्रतियोगिता कराई गई। वहीं निर्णायक मंडली के द्वारा सभी खेलों का अवलोकन करते हुए निर्णय सुनाया गया। इस अवसर पर बालक वर्ग के 100 मीटर दौड़ में क्रमशः प्रथम द्वितीय रूपलाल मरांडी, अभिजीत मुर्मू। जैवलिन थ्रो में रितु लोहार ,चुलबुली मुर्मू ।गोला फेंक(बालिका) में पार्वती हेंब्रम ,श्रीपर्णा मंडल। बालक वर्ग में तीरंदाजी प्रतियोगिता में रोहित हेंब्रम तथा केसर किस्कु। बालक वर्ग के ऊंची कूद प्रतियोगिता में विकास पातर ,विकास गोरांई सहित विभिन्न प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के अन्य छात्र छात्राओं ने विजय हासिल की। इस अवसर पर अतिथियों के कर कमलों द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभी छात्राओं को संबोधित किया गया और बेहतर से बेहतर खेल प्रदर्शन कर राज्य एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की गई। मौके पर प्रभारी बीपीओ नित्यानंद गोरांई, खेल कार्यक्रम के उद्घघोषक के रूप में शिक्षक सुब्रत कुमार चौधरी, सीआरपी परिमल मंडल, तरुण कुमार,गण, अद्वैत्य मंडल, बीआरपी सुनील कुमार मंडल, बीआरपी टुनटुन कुमार ,दयामय मंडल, मगाराम दास, नवीन कुमार, सतीश कुमार गुप्ता, सुषमा पाल, दीनू नाथ मंडल, रासबिहारी झा ,लक्ष्मण चंद्र माजी, समाजसेवी सुनील कुमार राय सहित अन्य बीआरपी सीआरपी एवं शिक्षक गण मौजूद थे।

बैठक | बैठक में उपायुक्त जिला दंडाधिकारी के द्वारा सीएसआर के तहत पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की

डीएमएफटी मद से पेपर प्लेट मशीन का होगा स्थापना

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा श्री शशि भूषण मेहरा (भा०प्र०से०) की अध्यक्षता में समाहरणालय साभार में डीएमएफटी (जिला खनन फॉउंडेशन ट्रस्ट) और सीएसआर फंड से संचालित परियोजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा सीएसआर के तहत पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की। जिसमें विगत बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में ईसीएल चितरा प्रबंधन के द्वारा सभी सामग्रियों को नहीं उपलब्ध कराने को लेकर उन्होंने खेद व्यक्त किया एवं कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि इसे लेकर लापरवाही नहीं बरतें। उन्होंने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी संचालित 1189 आंगनवाड़ी केंद्रों में से जितने भी आंगनवाड़ी केंद्रों के एएनसी टेबल एवं वजन मशीन की उपलब्धता नहीं है। इसकी सूची बनाकर एसपी माइंस चितरा को देने का निर्देश दिया। इसके अलावा आश्रम विद्यालय में 80 सीलिंग फैन के अलावा मिहिजाम थाना में बाथरूम बनाने का निर्देश अंजनी फेरो एलॉयज को दिया। वहीं उपायुक्त ने पूर्व में निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की बताया कि को भी आदेश दिए गए थे, उसे पूर्ण कर लिया गया है। वहीं समीक्षा के दौरान पीएचसी हांसीपहाड़ी में बरसात के मौसम में दलदली होने के कारण पेवर्स ब्लॉक के निर्माण हेतु अनुरोध किया गया, जिसे लेकर संबंधित पदाधिकारी को स्थल जांच करते हुए मापी करने एवं एस्टीमेट बनाकर देने के लिए आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत सभी थानों को रोड सेफ्टी इक्विपमेंट एवं ब्रेथ एनिलाइजर मशीन उपलब्ध कराने को लेकर निदेश दिया। ताकि पुलिस के द्वारा वाहन जांच के के लोगों को अवेयर करने के साथ साथ उनपर उच्च सड़क दुर्घटना कम से कम हो। इसके अलावा पीएचसी जामताड़ा में बाउंड्री वॉल एवं गेट के निर्माण को लेकर की आवश्यकता को लेकर अनुरोध किया गया। इस हेतु उपायुक्त ने संबंधित अभियंता को जांच करने एवं एस्टीमेट देने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान पोस्टमार्टम हाउस में लावारिश शवों को सुरक्षित रखने हेतु रिफ्रेजरेटर विद्युत कनेक्शन के अभाव में बंद रहने के कारण हो रही परेशानियों को देखते हुए कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को थ्री फेज कनेक्शन देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त जर्जर एवं भाड़े के भवनों में संचालित एवं जमीन की उपलब्धता वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल ने बताया कि कुल 28 योजना मिला जिसमे से 14 योजनाओं पर कार्य चल रहा है जबकि 14 योजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया में है। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करवाएं। वहीं डीएमएफटी के माध्यम से जिले के झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पानी की समस्या के निष्पादन की जानकारी ली एवं उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने डीएमएफटी के माध्यम से पेपर प्लेट मशीन (सेमी ऑटोमैटिक मशीन) के अधिष्ठापन को लेकर जेएसएलपीएस के अनुरोध पर प्रस्ताव एवं एस्टीमेट बनाकर देने का निर्देश दिया। वहीं इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा 02 विद्यालयों हेतु अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण सहित किचन शेड के निर्माण को लेकर किए गए अनुरोध पर विमर्श किया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यकता के अनुरूप डीएमएफटी के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की सूची बनाकर देने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यकतानुसार उचित निर्णय लिया जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रधान माझी, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक राम, जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला समाजकल्याण पदाधिकारी कलानाथ, कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी,राहुल प्रियदर्शी, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल बमबम सहित अंजनी फैरो एलॉयज के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

झारखंड की राजनीति में राजद केन्द्रीय भूमिका में होगा : संजय भारद्वाज

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, देवघर। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से राजद प्रदेश सचिव सह पूर्व प्रत्याशी मधुपुर विधानसभा क्षेत्र संजय भारद्वाज ने देवघर परिसदन में मुलाकात कर द्वादश ज्योतिर्लिंग सहित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर का मोमेंटो भेंट किया और बाबा का प्रसाद खिलाकर उनके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद भारद्वाज ने कहा कि लालू जी का झारखंड में राजद की प्रदेश इकाई के गठन के पूर्व से ही विशेष स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है और आज भी उनसे संथाल परगना के राजनीतिक हालात पर विशेष चर्चा हुई। आगे की रणनीति का खुलासा करने से इनकार करते हुए भारद्वाज ने कहा कि आप समय का इंतजार करिए, राजद बहुत मजबूत होकर उभरेगा।

ख़ास ख़बर

पिकप और मोटरसाइकिल में हुई भीषण दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक की हुई मौत

तुलसीपुर। बलरामपुर बौद्ध परिपथ NH 730 मार्ग पर चकवा के पास पिकप एंव मोटरसाइकिल में भयंकर एक्सीडेंट हुआ जिसमें मोटरसाइकिल संख्या UP 47 A A 6316 बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी।

ईशान मिश्र ने बढ़ाया जिले का मान

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, पूरा बाजार। विश्व की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 'इन्टरनेशनल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड' की परीक्षा में क्षेत्र के एक बालक ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है ग्राम सभा जैता, गोशाईंगंज जनपद अयोध्या निवासी कक्षा 10 के छात्र ईशान मिश्र ने यह उपलब्धि हासिल की है। ईशान मिश्र ने कक्षा आठ तक की पढ़ाई अयोध्या के अनिल सरस्वती विद्यालय से की है और अब वह ग्रेटर नोयडा के जे.पी. इन्टरनेशनल स्कूल में दसवीं के छात्र हैं। ईशान की मां समीक्षा त्रिपाठी व पिता प्रमोद मिश्र दिल्ली में ही अध्यापक हैं। ईशान मिश्र के पैतृक गांव जैता पहुंचने पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा ईशान मिश्र ने कहा कि वह गणित के क्षेत्र में देश के लिए उत्कृष्ट कार्य करना चाहता है जिससे विश्व में देश के गौरव को और बढ़ाया जा सक ईशान मिश्र वरिष्ठ पत्रकार व लेखक सुनील अमर का नाती है सुनील अमर ने कहा की ईशान मिश्र को शुरू से ही गणित विषय पर पूरा कमान्ड था आज भी हाई स्कूल मे शिक्षा ग्रहण करते हुए वह बीएससी तक के मैथ को शत प्रतिशत हल कर लेता है सन् 1959 से आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता गणित के क्षेत्र में दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मानी जाती है। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विधायक अभय सिंह एम एल सी हरिओम पांडे स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मराज पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह जगदीश सिंह पूर्व ब्लाक उपप्रमुख रण विजय सिंह कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह वीरेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह प्रथम आने पर हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है एवं कहा कि ईशान मिश्र ने जिले का मान बढ़ाया है ।

एशियाड में भाग लेने वाली भारतीय महिला हैंडबॉल टीम सम्मानित

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। चीन में आयोजित होने वाली एशियाड गेम्स में भाग लेने वाली भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को आज यहां इनर व्हील क्लब ने सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की । ज्ञातव्य है कि भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का विगत दो माह से यहां डाभारसेमर में स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल संकुल में भारतीय खेल प्राधिकरण की सौजन्य से प्रशिक्षण शिविर संचालित हो रहा है प्रशिक्षण शिविर में शामिल सभी 24 खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को इनर व्हील क्लब ने प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित ।

तालाब में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव, नही हो सकी पहचान

संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या। कोतवाली रुदौली क्षेत्र के भेलसर गांव के तालाब में अधेड़ व्यक्ति का शव उतारता पाया गया व्यक्ति का शव तालाब में उतारता देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया।सूचना मिलते ही भेलसर चौकी प्रभारी अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुँच शव को तालाब से बाहर निकलवा पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया है मृतक के शव की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली क्षेत्र के भेलसर गांव के पूर्व दिशा में स्थित तालाब में सोमवार एक अधेड़ व्यक्ति का ग्रामीणो ने शव देखा।शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही भेलसर चौकी इंचार्ज दृवेश त्रिवेदी अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुँच शव को बाहर निकलवा पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया है पुलिस के अनुसार मृतक के शव की पहचान कराने में काफी देर तक जुटी रही परन्तु पहचान नहीं हो सकी।

अवध विश्वविद्यालय के कौशल विकास हब में विद्यार्थियों के प्रथम बैंच का प्रशिक्षण प्रारम्भ

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौशल विकास हब में उत्तर प्रदेश विकास मिशन के अंतर्गत सोमवार को पर्यावरण विज्ञान विभाग में एग्रीकल्चर सेक्टर के एसेंशियल आयल एक्सट्रैक्शन पाठ्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि आज शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता है कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त करना होगा। कुलपति ने कहा कि आज का युग तकनीकी का युग है इसमें विद्यार्थियों को प्रशिक्षित होने के साथ हुनरमंद होना होगा। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों में कौशल का होना अति आवश्यक है। कॅरियर की दृष्टि से वर्कशॉप व सेमिनार पथ प्रदर्शक बनेगें। उत्तर प्रदेश विकास मिशन इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसमें सरकार पूरा सहयोग प्रदान कर रही है। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को कौशल विकास मिशन को धरातल पर लाने के लिए प्रयास करना होगा। इसी क्रम में विश्वविद्यालय का कौशल विकास हब कार्य कर रहा है। कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि अयोध्या में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाने के साथ साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके लिए इन्हें विशेषज्ञता हासिल करनी होगी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कौशल विकास हब के निदेशक प्रो0 जसवंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं में कौशल विकास का प्रशिक्षण देना है। विश्वविद्यालय को एग्रीकल्चर एवं टूरिज्म हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सरकारी प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में 4 बैच का लक्ष्य आबंटित किया गया है।

पंचायत सचिव के न पहुंचने पर सातवीं बार भी नहीं हो सकी कोटा चयन प्रकिया पूरी

संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या। रुदौली तहसील क्षेत्र ग्राम सभा जखौली में लगातार सातवीं बार पंचायत सचिव के कोटा चयन की बैठक में न पहुंचने के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया जिससे सभी ने गांव के पंचायत भवन में मौजूद एडीओ पंचायत सहित अन्य कर्मचारियों को उसी में घेर कर गेट का दरवाजा बाहर से बंद कर लिया। ग्रामीणों का कहना है आज जब तक कोटा चयन नही हो जाएगा तब तक किसी को भी बाहर नही जाने दिया जाएगा। यह मामला विकास खंड रुदौली के ग्राम सभा जखौली का है जहां पर इससे पहले की कोटेदार मौजूदा ग्राम प्रधान मातापेर की बहु नीतू देवी के पास था जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया कि एक ही परिवार के दो सदस्य सरकारी लाभ के पद पर

नही रहेंगे जिसको उच्च अधिकारीयों ने मामला संज्ञान में लेते हुए नीतू देवी से कोटा छीन लिया गया।तब से लेकर आज तक लगातार सात बार कोटा चयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और दो दिन बाद फिर कोटा चयन के लिए तिथि निर्धारित की गई है।जिसमे मौके पर पंचायत सचिव अनुपमा वर्मा के न पहुंचने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है।यह देख मौके पर मौजूद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पंचायत भवन के अंदर हंगामा करते हुए बाहर से गेट का दरवाजा बंद कर रुदौली एडीओ पंचायत प्रभारी सौरभ गुप्ता ,पटरंगा थाना के हल्का दरोगा सुदर्शन आर्या सहित अन्य कर्मचारियों को बंधक बना लिया ।सभी ग्रामीणों का कहना है कि आज की बैठक को लेकर सात बार इस कोटा चयन को लेकर बैठक हो चुकी है जिसमे हर बार पंचायत सचिव अनुपमा वर्मा के बैठक में न पहुंचने के कारण तो कही कोरम पूरा न होने से बैठक स्थगित कर दी जाती हैं। ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी बीडियो को एक पत्र भेजकर सोमवार को कोटा चयन प्रकिया में आयोजित खुली बैठक में सचिव अनुपमा वर्मा का अचानक स्वास्थ खराब होने के कारण कोटा चयन की खुली बैठक में उपस्थित नहीं हो सकीं अगली खुली बैठक दो दिन बाद बुला कर कोटा चयन प्रकिया पूरी की जाएगी।

माता काली का भंडारा सकुशल संपन्न

पीडीडीयू नगर। हर साल की भाती इस साल भी बड़ी धूमधाम से जी टी रोड वी आई पी गेट के सामने स्थित प्राचीन मां काली माता के श्रावणी वार्षिक हरियाली श्रृंगार के उपलक्ष में विशाल भंडारा का आयोजन माता रानी के प्रांगण में किया गया। ज्ञात रहे की मां काली का वार्षिक हरियाली श्रृंगार व मंदिर को माता रानी का भक्त संदीप माली द्वारा बड़े ही आकर्षक,मनमोहक ढंग से विभिन्न प्रकार के फल फूल से सजाया गया था।जो आकर्षण का केंद्र बना रहा,हजारों की संख्या में भक्तो ने मां का दर्शन कर अपने मनोकामना का आशीर्वाद मांगाविद्वान आचार्यों पंडित विजय गुरु, पंडित अमित गुरु एवम सप्तमंडल पुरोहितों द्वारा सप्तघृत मात्रका पूजन एवम दुर्गा सप्तशती पाठ द्वारा मां काली का विशेष पूजन अर्चन किया गया। माता रानी के दरबार में चर्चित गायक अशोक सिद्धार्थ(केसरवानी) सहित कई सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों का देवी गीत भजन लाऊड स्पीकर साउंड के माध्यम से कई दिनों से लगातार गुजता रहा जिससे पूरे नगर में भक्तिमय का वातावरण हो गया था। इस अवसर पर प्रसाद के रूप में वितरण हेतु पुड़ी,सब्जी, बुनिया का प्रसाद अजय जायसवाल और सोनू हलवाई कारीगर द्वारा तैयार कर माता रानी को भोग लगाने के पश्चात ही विशाल भंडारा में हजारों की संख्या में उपस्थित मां के भक्तो को प्रसाद का वितरण किया गया।भंडारा का कार्यक्रम देर रात तक चला। उपरोक्त आयोजन श्री माता काली धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट एवम नगर के सम्मानित नागरिकों व भक्त गढ़ों के सहयोग से किया गया।ट्रस्ट के सदस्यों ने सभी नगर वासियों भक्तो,पुलिस प्रशासन,जिला प्रशासन , नगर पालिका परिषद को शांति ढंग से कार्यक्रम संपन्न कराने पर धन्यवाद प्रस्तुत किया है। उक्त अवसर पर आशुतोष जायसवाल,हरी प्रसाद गुप्ता, बिल्लू पाहवा,शिव कुमार जायसवाल पप्पू,गायक अशोक सिद्धार्थ,शुभम केशरी, नथुनी माली,सुनील यादव, सोनू हलवाई सहित अन्य लोगों का काफी सहयोग रहा।

संपत्ति की कबजेदारी को लेकर शांति भंग में 3 गिरफ्तार

संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या। थाना पटरंगा के एक गांव में संपत्ति की कब्जेदारी को लेकर विवाद हो गया विवाद होने की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा के वाजिदपुर गांव निवासी में ध्रुव कुमार मिश्रा पुत्र रमाशंकर व तौफीक पुत्र गुलाम रसूल एवं गुलाम रसूल पुत्र अल्लाह रखा के मध्य जमीन के कबजेदारी को लेकर विवाद चल रहा था दोनों पक्ष एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाकर विवाद कर रहे थे। सूचना पर पहुँचे उपनिरीक्षक कमलेश कुमार मय फोर्स द्वारा तीन लोगों को शांति भंग के आरोप धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

माध्यमिक विद्यालयों में दिए जायेगें कैरियर टिप्स

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, मिल्कीपुर। महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी आदेश के तहत अब माध्यमिक विद्यालयों में अब मंगलवार को विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। इसमें छात्र-छात्राओं को कैरियर संबंधी टिप्स दिए जाएंगे। इस नए प्रयोग के तहत पुरातन छात्रों की भी मदद ली जाएगी। इसके अलावा उन्हें जीवन मूल्यों और अनुशासन के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। शिक्षा अधिकारी भी छात्र-छात्राओं को परामर्श देंगे। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में कुल 90 इंटर कॉलेज हैं। इनमें 73 वित्त विहीन, 2 संस्कृत, 10 सहायता प्राप्त और 5 राजकीय इंटर कॉलेज है। महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ महेंद्र देव ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रत्येक मंगलवार को सुबह विशेष प्रार्थना सभा कराने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि इसमें नया सबेरा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को दो शिक्षाधिकारी जीवन मूल्यों, अनुशासन, कॅरिअर और नियमित दिनचर्या के बारे में टिप्स देंगे।

खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर प्रभारी एडीओ पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह को पंचायत सहायक प्रार्थना पत्र सौंपते

चहनिया (चंदौली)। विकासखंड चहनिया ब्लॉक में पंचायत सहायकों ने खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा के निर्देश पर पंचायत सहायकों ने मिलकर उचित समय पर मानदेय न मिलने पर प्रभारी एडीओ पंचायत कौशल विक्रम सिंह को प्रार्थना पत्र सौपते । पंचायत सहायक के टीम अध्यक्ष राजकुमार यादव ने बताया कि चहनिया ब्लॉक में 91 ग्राम सभा है जोकि समस्त पंचायत सहायक को मानदेय उचित समय पर नहीं मिल रहा है यह जनपद के हर ब्लॉक का यही हाल है उन्होंने बताया कि पंचायत सहायकों का परिवार सही तरह से नहीं चल है जोकि हम समस्त पंचायत सहायक पूरे ईमानदारी से हर कार्य को उचित समय पर कर रहे है । वही पंचायत सहायक धर्मेंद्र भारद्वाज ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड पंचायत सहायकों बनाने के लिए दिया गया जो की अभी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचायत सहायकों को कार्ड बनाने का पैसा नहीं दिया जा रहा है पैसा मांगने पर स्वास्थ्य विभाग

वाले पल्ला झाड़ रहे है और टरका दे रहे काम देते जा रहे है 6000 में कैसे परिवार चलेगा एक मजदूर का पैसा प्रतिदिन 500 होता है लेकिन पंचायत सहायकों का 200 प्रतिदिन में भी बहुत ज्यादा कार्य मिलता जा रहा है। उन्होंने बताया कि समस्त पंचायत सहायकों का उचित समय पर मानदेय नहीं मिला तो डीपीआरो और जिलाधिकारी कार्यालय पर हम समस्त पंचायत सहायक धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष राजकुमार यादव , धर्मेंद्र भारद्वाज, प्रशांत यादव, शुभम यादव, आनंद मौर्य, सीताराम यादव,सुनील यादव, सौरभ कुमार,कमलेश सोनकर,नवीन गुप्ता,आनंद मौर्य ,श्वेता सोनकर व समस्त पंचायत सहायक मौजूद रहे।

मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत

बलरामपुर। जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आज सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई।सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान का शुभारंभ नगर पालिका परिषद बलरामपुर अध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह " धीरू " के द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलवा बलरामपुर नगर परिसर में फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक जिनके बच्चे 0 से 5 वर्ष आयु के हैं वह अपने बच्चों का 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण जरूर कराएं । यह टीकाकरण समस्त स्वास्थ्य केंद्रो व टीकाकरण सत्रों पर निशुल्क किया जाएगा , उन्होंने गर्भवती महिलाओं से भी अपील करते हुए कहा कि वह भी अपना टीकाकरण अवश्य कराये। इस अवसर पर जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद में आज से सघन मिशन इंद्रधनुष – 5.0 अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई है।यह अभियान तीन चरणों में पूरा होगा, जिसके प्रथम चरण की शुरुआत 7 अगस्त से किया गया था जो 12 अगस्त तक की गई थी, इसी प्रकार से आज दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक चलाया जायेगा, इसका तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के मध्य चलाया जाएगा जिसमें किसी भी कारण से नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चे और गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण किया जाएगा। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण अभियान भी जारी रहेगा।उद्घाटन के शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मीनाक्षी चौधरी , समाज सेवी व जिला मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी श्री डी पी सिंह ,जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारीH अरविन्द मिश्र, डॉ नुजहत समीम,डीएमसी शिखा श्रीवास्तव ,वीसीसीएम श्याम मिश्र, समीर सिद्दीकी, विनय शुक्लाआदि उपस्थित रहे।

गौ आश्रय केंद्र पर पैरावेट मिथिलेश सिंह द्वारा सैकडो जानवर का टीकाकरण किया गया

बलरामपुर। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि लम्पी वायरस जानवरों में पायी जाने वाली एक जानलेवा बीमारी है, यह बीमारी दुधारू पशुओं में पाई जा रही है, मुख्य रूप से गायों में देखने को मिल रही है। इससे संक्रमित होने वाली गायों की मौत हो जाती हैं। संक्रमित पशु के संपर्क में आने से ही अन्य स्वस्थ पशु को भी हो जाता है। लम्पी वायरस एक संक्रमित रोग है जो एक पशु से दुसरे पशु को हो जाता है। जानकारी के लिए बता दें कि इसका संक्रमण मुख्य रूप से मच्छरों, मक्खियों, तत्तैयो, जूं आदि से फैल सकता है। इसके अलावा पशुओं के सीधे संपर्क में आने से भी फ़ैल सकती है। खासकर साथ खाने दूषित खाने और पानी के सेवन करने से भी ये बीमारी फ़ैल सकती है। इस बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए समय पर लक्षणों की पहचान कर उनके आधार पर इलाज शुरू कर देना ही एकमात्र तरीका है। पशु को बुखार आना, वजन में कमी, आंखों से पानी टपकना, लार बहना, शरीर पर गांठें पड़ना, दूध कम देना और भूख न लगाना इस वायरस के प्रमुख लक्षण है. यह वायरस पशुओं में बना रहता है. इस वायरस के प्रकोप से शरीर दिन प्रतिदिन खराब होने लगता है।

खराब मौसम की संभावना के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबंधन द्वारा एडवाइजरी जारी

संवाददाता संतोष कुमार, बलरामपुर। उत्तर प्रदेश बलरामपुर जनपद में मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के दृष्टिगत सुरक्षा एवं बचाव को लेकर जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनसामान्य के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा प्रदीप कुमार ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार सोमवार व मंगलवार को जनपद में बारिश की संभावना है जिससे मौसम खराब रहेगा। उन्होंने खराब मौसम एवं बारिश से बचाव को लेकर जनसामान्य से अपील की है कि लोग पूरी सावधानी बरतें, पुराने जर्जर भवनों में न रहें तथा आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। भीड-भाड़ वाले व ट्रैफिक जाम वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। खुले सीवर व बिजली के तारों से बचकर रहें। विद्युत ब्रेकडाउन होने पर सहायता के लिए विद्युत विभाग के हेल्पलाइन नंबर- 1912 पर कॉल करें। जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह ने कहा कि पीने के पानी को उबालकर पीयें, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से ब्लीचिंग पावडर व क्लोरीन टेबलेट प्राप्त कर लें। किसी भी चिकित्सीय आपात काल में मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर कार्यालय के कन्ट्रोल रूम नम्बर श्री अरविन्द मिश्रा 9453235408 या कन्ट्रोल रूम के नम्बर 9415165574 पर सम्पर्क करें। अन्य किसी समस्या में इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल कमांड सेन्टर के नम्बर 05263-236250 या मो0 नं0- 9170277336 पर कॉल करें। आकाशीय विद्युत से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव एवं पूर्व चेतावनी हेतु दामिनी/सचेत ऐप का प्रयोग करें। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें। मौसम की जानकारी हेतु रेडियो आदि प्रसारण माध्यमों तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी एडवाइजरी से जानकारी लेते रहें। नदी, तालाब, पोखर व गहरे गड्ढे में जाने से बचें। बच्चों पर विशेष निगरानी रखें तथा उन्हें नदी, तालाब, नहर, गड्ढे आदि के किनारे कतई न जाने दें। खराब मौसम में बाहर जाने से पहले मौसम की जानकारी एवं वज्रपात का एलर्ट अवश्य देख लें। सर्पदंश होने पर घबराएं नहीं, घर पर इलाज या झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़ें, तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल करें तथा निकटतम अस्पताल में उपचार हेतु ले जायें।

एकजुट जिलाध्यक्ष ने कहा व्यापारियों को व्यापार मंडल से जोड़कर एकजुट करने का कार्य किया जा रहा है

सैदुपुर व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष बने शमशेर चौहान

चन्दौली, सैदुपुर। रविवार की शाम सैदुपुर बाजार स्थित एक लान में उ०प्र०उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल सैदुपुर का चुनाव जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि की उपस्थिति में हुई व्यापारियों को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष ने कहा व्यापारियों को व्यापार मंडल से जोड़कर एकजुट करने का कार्य किया जा रहा है जिससे व्यापारी हितों की रक्षा की जाय आगे कहा कि जिस बाजार का संगठन मजबूत होता है उस बाजार का व्यापारी भी मजबूत होता है आगे कहा कि बाजारो में व्यापारियों का उत्पीड़न करने वाले भ्रस्ट अधिकारीयो को एकजुट होकर बाजारो से खदेड़ने का काम करे जिले की पूरी टीम व्यापारी हितों के लिऐ आपके साथ खड़ी है।भारी गहमागहमी के बीच निर्वाचन से पूर्व सैदुपुर बाजार के सभी व्यापारियों की सदस्यता पूर्ण कराकर सभी व्यापारियों की मतदाता सूची बनाकर निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई चुनाव को लेकर पूरे बाजार के व्यापारियों में काफी

उत्साह देखा गया पिछले चार दिनों से प्रत्याशीगण बाजार में व्यापारियों के बीच सम्पर्क कर अपने अपने जीत के दावे करते दिखे निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर जिले के वरिष्ठ पदाधिकारीगण अपने अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये दिखे निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ होते ही सुरक्षा के मद्देनजर पूरे बाजार में पुलिस प्रशासन चक्रमण करते हुये मतदान स्थल पर मतगणना होने तक मुस्तैदी के साथ मौके पर डटी रही मतदान को देखते हुये पूरे बाजार में काफी गहमागहमी का माहौल बना रहा मतदान स्थल पर मतदान करने के लिये व्यापारियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी जिससे लम्बी कतार लग जाने से व्यापारीयो को घन्टो अपनी बारी का इन्तजार करना पड़ा अपने मत का प्रयोग करने के लिऐ देर रात तक व्यापारी मौके पर डटे रहे मतगणना देर रात तक चलती रही रात्रि 10 बजे मतगणना पूर्ण होने के पश्चात घोषणा हुई जो इस प्रकार है 401 मतदाताओ में से 358 मत पड़े जिसमें शमशेर चौहान को 211 और लक्ष्मण वर्मा को 143 वोट पड़े और 4 वोट अवैध पाये गये इस प्रकार अध्यक्ष पद हेतु शमशेर चौहान 68 वोटो से विजयी हुये महामन्त्री पद हेतु दिनेश सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुये और कोषाध्यक्ष पद हेतु बजरंगी गुप्ता भी निर्विरोध निर्वाचित हुये तत्पश्चात विजयी प्रत्याशियों को प्रदेश मन्त्री चन्द्रेशवर जायसवाल ने प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुये कहा कि आप सभी व्यापारीगण चुने हुये पदाधिकारीयो के साथ मिलकर व्यापार मण्डल को मजबूत करने का काम करे और नये पदाधिकारीगण व्यापारियों के सम्मान की रक्षा और उनके उत्पीड़न को रोकने का काम करे। वरिष्ठ जिला महामन्त्री राकेश मोदनवाल जी ने कहा कि पूरे जिले में व्यापार मंडल को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है जिससे व्यापारियों की समस्याओं को दूर किया जा सके और अन्त में सभी विजयी पदाधिकारीयो को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।निर्वाचन में उपस्थित प्रमुख रूप से -: अशोक केशरी जिला उपाध्यक्ष,राजकुमार मोदनवाल जिला उपाध्यक्ष,महमूद आलम वरिष्ठ जिला मन्त्री,आलोक जायसवाल जिला मन्त्री,मनोहर केशरी तहसील अध्यक्ष,प्रदीप कुमार अध्यक्ष नगर चन्दौली,कुन्दन चौहान अध्यक्ष शहाबगंज, हनुमान चौरसिया अध्यक्ष इलिया,मुरारी लाल महामन्त्री इलिया,इलियास अन्सारी प्रान्तीय सदस्य ,सहित सैकड़ो की संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

15 दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को बीकापुर के पातूपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद के संयोजन में गांव के महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा घरेलू उद्योग स्थापित करने के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अगरबत्ती निर्मित करने का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। ग्रामोद्योग विभाग के जिला अधिकारी राम सहाय प्रजापति ने बताया कि स्वयं सहायता समूह को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। जिसके तहत उन्हें अपने घर पर अगरबत्ती उद्योग स्थापित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कला कौशल विकसित होने के बाद स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकेंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 35733 वादों का किया गया निस्तारण

बलरामपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर के तत्ववाधान में श्री अनिल कुमार झा माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। विमल प्रकाश आर्य, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / अपर जनपद न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी, राजस्व, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के अलावा वैवाहिक व भरण पोषण वादों आदि वादों का निस्तारण किया गया। श्री राम मिलन सिंह पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बलरामपुर द्वारा 05 वादों का निस्तारण कर 46430 /- रूपये का प्रतिकर धनराशि जारी करने का आदेश दिया गया। श्री इफ्तेखार अहमद अपर जनपद एवं

सत्र न्यायाधीश प्रथम बलरामपुर द्वारा कुल 23 वादों का निस्तारण किया गया। श्री जहेन्द्र पाल सिंह अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (रेप एवं पाक्सो) बलरामपुर द्वारा फौजदारी के 05 वादों का निस्तारण कर 2500/- रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। श्रीमती प्रीतिमाला चतुर्वेदी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलरामपुर द्वारा 4625 फौजदारी वादों का निस्तारण किया गया। श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिविल जज (सी० डि०) / ए०सी०जे०एम० न्यायालय, बलरामपुर द्वारा 384 फौजादारी तथा 10 सिविल वादों का निस्तारण किया गया। श्री अतुल कुमार नायक सिविल जज (सी० डि0) / एफ० टी० सी०/ए०सी०जे०एम० न्यायालय, बलरामपुर द्वारा 100 फौजादारी तथा 01 बाद उत्तराधिकार का निस्तारण कर 3,29,857 रूपये का प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु आदेश पारित किया गया। सुश्री अक्षिता मिश्रा, सिविल जज (जू० डि0) बलरामपुर द्वारा 130 फौजदारी वाद का निस्तारण किया। श्री योगेश कुमार चैधरी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बलरामपुर द्वारा कुल 483 वादों का निस्तारण किया गया। श्री आशीष सिंह अपर सिविल जज जू० डि० उतरौला बलरामपुर द्वारा कुल 692 वादों का निस्तारण किया गया। श्री विनेश कुमार न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय तुलसीपुर बलरामपुर द्वारा कुल 96 वादों का निस्तारण किया गया। तहसील विधिक सेवा समितियाँ, बलरामपुर द्वारा फौजदारी के 352 वाद, राजस्व के 565 बाद, प्रीलिटिगेशन स्तर पर 27670 वाद एवं 517 बैंक बाद का निस्तारण सुलह-समझौता के आधार पर किया गया है।

ख़ास ख़बर

अवैध बालू खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को चौतरवा पुलिस ने किया जब्त

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह अवैध रुप से बालू खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ कर जब्त किया है। चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मसान नदी से अवैध बालू खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉली से ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुचना के आलोक में सब - इन्स्पेक्टर कामेंश कुमार व जमदार दिलीप तिवारी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाई गई। जहां करजनिया - बसवरिया गांव के समीप अवैध रुप से बालू खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ कर थाना में जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया। चौतरवा पुलिस की इस मुहिम से अवैध खनन माफियाओं में हडकंप मच गया है।

वायरल बुखार का प्रकोप जारी, दहशत में लोग, बुखार डेंगू तो नहीं

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। लगातार बढ़ रहे वायरल बुखार के प्रकोप से पीड़ित लोगों में भय व दहशत व्याप्त है। पीड़ितों का कहना है कि जुकाम और खांसी के साथ ही तेज बुखार होता है। चिकित्सकों के यहां भी मरीजों की भीड़ लगी हुई देखी जा रही है। इस मामले में अब ग्रामीणों को भय सताने लगा है कि कहीं यह बुखार डेंगू तो नहीं है। गौरतलब हो कि बुखार व मलेरिया का संक्रमण गांव-गांव में पैर पसार रहा है। हालत यह है कि हर गांव में दर्जनों ग्रामीण बुखार से पीड़ित बताए जाते हैं। जो कई गांव में बुखार ने अपने पांव पसार रखा हैं। जहां लगभग हर घरो में एक दो मरीज बुखार से पीड़ित बताये जा रहे हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में कैंप लगाकर इलाज व जांच करने मांग की है। बगहा प्रखंड एक के खरपोखरा बाजार स्थित पीएचसी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अंदर झोला छाप चिकित्सकों के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों का कहना है की बिना डिग्री धारी डॉक्टर का भरमार मकड़ जाल की तरह फैला हुआ है। मरीजो को पहुचते ही डॉक्टरों द्वारा पानी चढ़ाया जाता है जिससे ग्रामीणों में इलाज करने के लिए पैसों का महत्व ज्यादा लगता है। फिरभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा चुपी साधी जा रही हैं। विदित हो कि बगहा अनुमंडलाधिकारी डॉ, अनुपमा सिंह के योगदान लेने पर सबसे पहले उन्होंने अवैध नर्सिंग होम व हॉस्पिटलों की जांच कर कई क्लिनिकों बंद कराया गया था।

कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों रुपए की कपड़ा जलकर राख

बिस्फी। प्रखंड मुख्यालय स्थित बिस्फी चौक पर कृष्णा रेडिमेड दुकान में देर रात आग लग जाने से दुकान में रखी कपड़ा जलकर राख हो गया। दुकान में लगे आग देख लोगो ने शोर किया और दुकान के मालिक को सूचना दी।जबतक दुकान का शटर खोलते तबतक लाखों रुपए का कपड़ा जल कर राख हो गया।वही घटना की सूचना मिलते ही बिस्फी पुलिस ने अग्निशामक वाहन के साथ पहुंच गए जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।इस घटना को लेकर दुकान मालिक श्रवण यादव ने बताया कि दुकान में कुल 11 लाख रुपये का वस्त्र एवं काउंटर सहित कई कीमती साड़ियां जल कर राख हो गया। श्रवण कुमार ने बताया कि इस घटना के मामले में बिस्फी थाना में लिखित आवेदन देकर सन्हा दर्ज करवा कर अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन दिया गया है।

जाति आधारित गणना के विरोध में भाजपा का पोल खोल अभियान, जदयू ने निकाला कैंडल मार्च

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने रविवार की शाम रामनगर व प्रखंड बगहा एक के चौतरवा में जाति आधारित गणना के विरोध में भाजपा का पोल खोल अभियान मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस को रामनगर प्रखंड मुख्यालय से निकाल कर भगत सिंह चौक ले जाई गई। चौतरवा चौक पर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस व कैंडल मार्च निकाल कर भाजपा भगाओं देश बचाओं का नारा देते हुए भाजपा के काले कारनामों को लोगों को बताया। रामनगर में मशाल जुलूस का नेतृत्व जदयू के प्रखंड अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की। उन्होंने बताया कि पूरे बिहार में भाजपा का पोल खोल अभियान महागठबंधन ने शुरु की है। जो 8 सितंबर से शुरु है तथा 15 सितंबर तक चलेगी। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि महागठबंधन के कार्यकर्ता बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकालकर भाजपा की पोल खोल अभियान चला रहे है। तथा उनके काले कारनामों को उजागर कर रही है। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोला, कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही गैस सिलेंडर में दो सौ रुपये कम कर लोकलुभावन करने लगें है। जबकि भाजपा की सरकार ने गैंस सिलेंडर में अरबों रुपये की घोटाला की है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में मशाल जुलूस में शामिल होने की अपील महागठबंधन के कार्यकर्ताओं से की। इस अवसर पर प्रदेश से नियुक्त विधानसभा प्रभारी राजेश तिवारी, सुरेन्द्र बैठा, राजेश बैठा, तबरेज आलम, रामबाबू प्रसाद गुप्ता, शहनवाज हुसैन, एकबाल हुसैन, अजीत गुप्ता, ललन ठाकुर, मुन्ना राम, अजय पटेल, चौतरवा में ओमप्रकाश शाही, अशोक यादव, आरती देवी, माला रौनियार, लक्ष्मीना देवी समेत सैकड़ों की संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रास्ते के विवाद को लेकर अपनी ही गोतनी का गला चाकू से रेता

फारबिसगंज । फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रामपुर उत्तर आठ में रास्ते को लेकर दो भाईयों के बीच आपसी विवाद को लेकर बड़े भाई की पत्नी ने छोटे भाई अर्थात अपनी गोतनी का गला चाकू से रेत दिया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।घायलावस्था में महिला को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां घायल महिला को कुल अठारह टांके लगाए गए हैं।वहीं पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपित गोतनी निर्मला देवी को हिरासत में ले लिया है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि रामपुर उत्तर वार्ड संख्या आठ के रहने वाले बबलू यादव और नीरज यादव के बीच रास्ते को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा था।इसी क्रम में सोमवार की सुबह जब 30 वर्षीया सोनी देवी घास की कुट्टी काट रही थी तो उसकी बड़ी गोतनी निर्मला देवी ने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया और चाकू से गला रेत कर बुरी तरह जख्मी कर दिया।घटना के समय बबलू यादव काम से घर से बाहर गया हुआ था और इसी दौरान यह हादसा हुआ।जिसके बाद अगल बगल के लोगों ने उनके पति को सूचना देते हुए आनन फानन में महिला को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सक डा.सरबजीत निरंजन ने महिला के गले में अठारह टांके लगाए।मामले में फारबिसगंज थाना पुलिस को भी सूचना दी गई,जिसके बाद पुलिस अधिकारी सूर्य कुमार सिंह पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपित महिला निर्मल देवी को गिरफ्तार कर थाना लेकर पहुंची।इस दौरान आरोपित महिला को घटना के बाद मौके पर बांधकर रखा गया था,जिसे पुलिस ने मुक्त करते हुए हिरासत में लिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी सूर्य कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित महिला ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और चाकू से प्रहार कर सोनी देवी को घायल कर दिया।वहीं हिरासत में ली गई महिला ने बताया कि सोनी देवी हो चाकू लेकर उस पर हमला के लिए पहुंची थी और अपनी रक्षा में उन्होंने इस तरह के कृत्य को अंजाम दिया।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

राष्ट्रीय लोक जनता दल की बैठक संपन्न, संगठन पर की गई चर्चा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। राष्ट्रीय लोक जनता दल की एक बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में की गई। मुख्य अतिथि अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने की। इस कार्यक्रम में जिला संगठन के साथ-साथ प्रखंड कमेटी को मजबूत करने के अलावा पंचायत स्तर तक कमेटी को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा हुई। बैठक में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को दिन प्रतिदिन मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को संगठन में जोड़ राष्ट्रीय लोक जनता दल की सदस्यता दिलाने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को गांव गांव घर-घर घूम कर लोगों के बीच राष्ट्रीय लोक जनता दल के सिद्धांतों को रखने की भी बात कही। इस बैठक में नंदलाल प्रसाद गुप्ता को प्रदेश महासचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार तथा अशोक शाह उर्फ अशोक जायसवाल को नरकटियागंज का नगर अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय लोक जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। आगामी 19 सितंबर को जिला बैठक की तैयारी को लेकर अभी से करजताओं को जुट जाने के लिए श्री गुप्ता ने उपस्थित पार्टी के नेताओं से अपील की। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, अमित गुप्ता, धीरज गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, मिथिलेश मिश्रा, विनोद यादव, आनंद, सत्यदेव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का भव्य दरबार कार्यक्रम का शुभारंभ दीप व अखंड ज्योत प्रज्वलित कर किया

फारबिसगंज । श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का भव्य दरबार सोमवार की शाम शहर के वार्ड संख्या 17 स्थित समाजसेवी व श्याम प्रेमी भक्त श्याम भूपाल के आवासीय परिसर में सजाया गया। इस मौके पर आमंत्रित भजन गायकों द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। इससे पूर्व भजन संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजनकर्ता श्याम भूपाल ,योगेश भूपाल एवं दिनेश भूपाल ने संयुक्त रूप से दीप व अखंड ज्योत प्रज्वलित कर किया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने ज्योत लेकर बाबा के चरणों में अपनी-अपनी हाजिरी लगाते हुए मत्था टेका। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम से माहौल पूरी तरह से श्याममय हो गया। इधर आसाम के गौहाटी से प्रारंभ हुई 101 दिवसीय श्री श्याम कृपा यात्रा जैसे ही फारबिसगंज पहूंची, मानो पूरा शहर श्याममय हो गया। पदयात्रा में शामिल पदयात्रियों को स्थानीय श्याम भक्तों ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी भक्तों ने श्याम बाबा के रथ के साथ फारबिसगंज शहर के भ्रमण किया। पदयात्रा में शामिल भक्त गाजे बाजे के धुन पर थिड़कते नजर आये। जय श्री श्याम,खाटू नरेश की जय... आदि के जयकारों के बीच कृपा यात्रा स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी स्थित श्याम मंदिर पहूंची, जहां मंदिर के पुजारी अभिषेक दुबे,पवन अग्रवाल, पवन शर्मा आदि ने भक्तों का स्वागत किया ।

अपराधियों ने युवक के पेट में मारी गोली, पीएमसीएच रेफर

संवाददाता, पालीगंज । पालीगंज प्रदेश में अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं अपराधी पुलिस को खुली चुनौती देते दिख रहे हैं. ताजा मामला पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के सिगोड़ी थाना क्षेत्र का है। जहां चंदोस गांव में रविवार की रात अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए पालीगंज पीएससी में भर्ती कराया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान चंढोस गांव निवासी किशोरी राम के 28 वर्षीय पुत्र मंटु राम के रूप में हुई है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम और थानाध्यक्ष अशोक कुमार मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सभी

अपराधी फरार हो गए थे। घटना का कारण अभी तक पता नही चल पाया है। वही घटना को लेकर पालीगंज पीएससी के डॉ. निकेश कुमार ने बताया की चंढ़ोस गांव निवासी मंटू राम को पेट में गोली लगी थी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। ज्ञात हो कि घायल मंटु राम अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पटना स्थित राजापुल के पास रहकर सब्जी बेचने का काम करता था। जो कुछ दिन पूर्व ही वह अपने गांव आया हुआ था।

बाढ़ के बाद गंगा किनारे पसरी गंदगी को किया साफ

वाराणसी । नमामि गंगे के सदस्यों ने सोमवार को दशाश्वमेध घाट पर बाढ़ के बाद पसरी गंदगी को साफ किया। गंगा की अविरलता - निर्मलता व घाटों की स्वच्छता हेतु जनजागरण के तहत गंगा की तलहटी की सफाई की। गंगा आरती और स्वच्छता संकल्प के पश्चात सदस्यों ने इधर-उधर बिखरा कचरा समेट कर उसे कूड़ेदान में फेंका।गंगा तलहटी और सतही जल पर तैर रही अनेकों प्रदूषण कारक वस्तुओं को निकाला। श्रमदान के दौरान सदस्य जोश में घोष कर रहे थे कि ' आओ घर - घर अलख जगाएं - मां गंगा को निर्मल बनाएं।ध्वनि विस्तारक यंत्र और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां के द्वारा घाट पर उपस्थित नागरिकों, पंडित,पुरोहितों, पूजन सामग्री विक्रेताओं, दुकानदारों एवं मल्लाह बंधुओं से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई।काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि गंगा 2525 किलोमीटर की अपनी यात्रा में भारत की 56 प्रतिशत आबादी को जीवन देती हैं। गंगा सदियों से भारत को अपने निर्मल जल से सींच रही हैं।भारत की सिंचाई पेयजल, तीर्थाटन एवं अन्य कई आवश्यकता की पूर्ति कर रही हैं।

काशी में अपने ससुर की अस्थियां लेकर पहुंचे मॉरीशस के प्रधानमंत्री

वाराणसी । दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ दशाश्वमेध घाट पर अपने ससुर के अस्थि को लेकर पहुंचे। दशाश्वमेध घाट पर मॉरीशस के पीएम वैदिक विधि विधान से पिंडदान कर मणिकर्णिका घाट पर अस्थियों का विसर्जन करेंगे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मॉरीशस के पीएम दशश्वमेध घाट पर पहुंचे, जहां तीन ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पिंडदान करवाया। आरती विसर्जन के पश्चात मॉरीशस के प्रधानमंत्री बाबा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए जाएंगे। वही बाबा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से नदेसर स्थित होटल ताज पैलेस में रात्रि विश्राम करेंगे। मंगलवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

मानवता की भलाई के अनेक कार्य किए

विशाखा व्यास /दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान/ उदयपुर । भगवती एण्ड भगवती चैरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर द्वारा ट्रस्ट संस्थापिका स्वर्गीय भगवती देवी चौधरी की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर अनेक सेवा कार्य किये गए। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा श्री खेरज माता मंदिर परिसर सवीना और श्री निखिलेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 9 उदयपुर पार्क में दो-दो बेंचे भेंट कि गई। जिसका अध्यक्ष योगेश चौधरी द्वारा लोकार्पण किया । ट्रस्ट द्वारा शिव शंकर गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया गया। सवीना में बाबा रामदेव के भक्तों के भण्डारे में हेतु 5100 रुपए का राशन खाद्य ww्सामग्री भेंट की। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव भूपेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष , गायत्री चौधरी, सहसचिव चंद्रकला चौधरी और सह कोषाध्यक्ष रेनू चौधरी, पार्षद ओमप्रकाश गौड़ उपस्थित थे।

सभी बास भूमिहीनों को 5 डिसिमल जमीन देने , गृह विहीनों को पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण

रहिका शुभ भास्कर । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा रहिका प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम किया गया । धरना स्थल पर हरिनाथ यादव की अध्यक्षता में एक सभा हुई । सभा को संबोधित करते हुए पार्टी जिला जिला मंत्री मिथिलेश झा ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का राज्यव्यापी आंदोलन हो रहा है। यह कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों पर 11, 12,13 सितंबर को विभिन्न तारीखों पर आयोजित है। सभी बास भूमिहीनों को 5 डिसिमल जमीन देने , गृह विहीनों को पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण कराते हुए आवास देने , कल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने सहित कई ऐसे ज्वलंत सवाल है जो सीधे प्रखंड एवं अंचल से संबंधित है । जिला मंत्री ने कहा अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है । लोहिया स्वच्छता मिशन अभियान बिचौलिए के हाथों संचालित हो रहा है । लाभार्थियों से नाजायज वसूली को जा रही है । पंचायतों एवं पंचायत समिति द्वारा संचालित योजना में व्यापक पैमाने पर अनियमितता है ।

स्कूली छात्रों के बीच बाल शोषण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

फारबिसगंज । अररिया जिला को बाल श्रम,बाल विवाह,बाल यौन शोषण और मानव तस्करी मुक्त बनाने को लेकर सोमवार को जेनिथ पब्लिक स्कूल और मिथिला पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।स्कूल प्रबंधन के साथ जागरण कल्याण भारती की ओर से यह कार्यक्रम कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन, यूएस के तत्वावधान में किया गया।जेनिथ पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कविता खान और मिथिला पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पुतुल मिश्रा के नेतृत्व में विद्यालय मे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण के बीच जागरूकता अभियान के तहत कई महत्वपूर्ण जानकारी के साथ बाल शोषण के खिलाफ जानकारी दी गई।

कार्यक्रम राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में करीब पैंतालीस लाख रुपए के योजनाओं का शिलान्यास किया

तमाड प्रखंड परिसर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा आबंटित योजनाओं का हुआ शिलान्यास

चंदन कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड । Tamar - सोमवार को खुंटी सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा आबंटित योजनाओं का प्रखंड परिसर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में करीब पैंतालीस लाख रुपए के योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि कुमार महेन्द्र नाथ शाहदेव, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिप सदस्य दिलीप सेठ, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो व अजित महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, अंचलाधिकारी विमल सोरेन, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो , मृत्युंजय महतो, उपप्रमुख शकुंतला देवी,जिप सदस्य भवानी मुण्डा,सखी मंडल के महिला बहने आदि के

कर कमलों से सामुहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री के निजी सचिव सुधाकर चौधरी के अलावे महावीर सोनी, विवेक गुप्ता,संतोष साहू, सुधीर मिश्रा, रामधन हजाम, सीताराम मुंडा,राधामोहन महतो, धनेश्वर महतो , राजकिशोर महतो ,उदय महतो,दुबराज मांझी,मदन सिंह मुंडा, समरेंद्र मुखर्जी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो तथा अजित महतो के नेतृत्व में आमलेशा गांव में "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम कर हर घर से मिट्टी संग्रहण किया गया। जहां जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो तथा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता एवं आमलेशा के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

केंद्र सरकार के गलत नीतियों के विरोध मे निकाला मशाल जुलूस

छातापुर,सुपौल। राजव्यापी कार्यक्रम के तहत छातापुर प्रखंड जदयू के द्वारा रविवार की देर संध्या को छातापुर प्रखंड मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाला गया। प्रखंड अध्यक्ष डा. अजय कुमार आनंद के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से निकली मशाल जुलूस एस एच 91 के रास्ते मुख्य बाजार व बस पडाव से होते ब्लॉक चौक तक पहूंची। हाथों में मशाल थामे नेता व कार्यकर्ता मोदी सरकार मुर्दाबाद सहित केंद्र सरकार के गलत नीतियों के विरोध मे विभिन्न नारे लगा रहे थे। अध्यक्ष श्री आनंद ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाया। कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। केंद्र के इशारे पर जातिय गणना कराने में कई बार अड़चन पैदा किया गया।

सहरसा बड़ी रेल लाइन के लिए जनआक्रोश मार्च को शहर के सभी दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर देंगे नैतिक समर्थन

फारबिसगंज । फारबिसगंज-सहरसा बड़ी रेल लाइन परिचालन में हो रही देरी के खिलाफ नागरिक संघर्ष समिति 14 सितंबर को फारबिसगंज के पोस्ट ऑफिस चौक से फारबिसगंज स्टेशन तक जन आक्रोश मार्च करेंगे,इस बाबत शहर के छुआ पट्टी स्थित कार्यलय में पूर्व उपमुख्य पार्षद शाद अहमद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई जहाँ समिति के सदस्यों ने कहा की अमान परिवर्तन को एक दशक से जायदा व्यक्त बीत जाने के बाद भी फारबिसगंज-सहरसा बड़ी रेल लाइन का ना चलना दुर्भाग्यपूर्ण हैं,फारबिसगंज-सहरसा रेल नहीं चलने से आम जनमानस में आक्रोश हैं, यह परिचालन व्यवसायिक,सामाजिक और सामरिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण था,समिति के सदस्यों ने कहा की आगामी 14 सितंबर को जन आक्रोश मार्च में शहर के सभी दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठिनों को बंद कर अपना नैतिक समर्थन देंगे, वही समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की हैं की वें 14 सितंबर को सुबह 10 बजे फारबिसगंज पोस्ट ऑफिस से शुरू होने वाली जन आक्रोश मार्च में शामिल होकर अपना विरोध दर्ज करवाएं, मौके पर नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद, सचिव रमेश सिंह,प्रवक्ता पवन मिश्रा पूर्व उपमुख्य पार्षद शाद अहमद, समाजसेवी राजू अग्रवाल,वाहिद अंसारी, राहिल खान, गौरव गुप्ता इनामुल हक़, रिक्की व अन्य शामिल थे।

ख़ास ख़बर

स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन का अनोखा कार्यक्रम "चलो स्वतंत्रता सेनानी द्वार" कार्यक्रम मे 10 सेनानियों के घर उनके चित्र पर माला और पुष्प चढाकर सभी ने नमन किया

मोतिहारी, अशोक। सवतंतता सेनानी उत्तर राधिकारी संगठन के चलो सेनानी द्वार कार्यक्रम मे आज 10 सेनानी के घरो पर यात्रा टीम गई और पुष्प चढाकर नमन किया। अभियान के तृतीय चरण के प्रथम दिन यात्री टीम को डॉ० राजेन्द्र प्रसाद उद्यान मे पत्रकार अभिषेक कुमार पांडेय के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा दिखाकर रवाना किया गया। इस चरण में सर्वप्रथम नर्सिंग पाठक पटपरिया, नंदू सहनी लालबेगिया, चंपारण के प्रथम शहीद विष्णु सिंह चिरैया, मोतीलाल सह चिरैया, ठाकुर साह, शिवधारी राम ढाका इत्यादि स्वतंत्रता सेनानियों के घर जाकर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उत्तराधिकारियों को सम्मानित किया गया। यात्रा दल में शामिल संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीकिशोर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष अमिता निधि, महासचिव रामेश्वर गुप्ता, हरिमोहन भगत ,मेघना मिश्र, कमलेश पासवान इत्यादि शामिल थे।

सीतामढी पुलिस ने 50 मोबाइल को किया बरामद

मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी। बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत आज पुलिस कार्यालय सीतामढ़ी में पुलिस अधीक्षक, मनोज कुमार तिवारी एवं पुलिस उपाधीक्षक, मु०1 श्री राम कृष्ण के द्वारा लगभग 07 लाख मुल्य के खोये/चोरी किए गए 50 मोबाईल को बरामद करवाकर मोबाईल धारको को सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलने पर मोबाइल धारकों ने एस पी को मुबारक बाद देते हुए कहा कि सीतामढी पुलिस की तोरित कारवाई से जिनके मोबाइल खोए या चोरी होवे थे उनके चेहरे पर मोबाइल मिलने से मुस्कान आगायी है सीतामढी पुलिस का ये कदम बहुत ही सराहनीय है छापा मारी टीम में शामिल होने वाले मे पुलिस निरक्षक विजय कुमार डी आई यू परभारी, पुलिस आरक्षी निरीक्षक सोबोध कुमार डी आई यू, पुलिस आरक्षी निरीक्षक मोसिर अली डी आई यू, सोनो कुमार डी आई यू, कफील अहमद डी आई यू, जितेंद्र कुमार डी आई यू, अमरेश कुमार राज डी आई यू, मुन्ना कुमार डी आई यू, और क्यू, आर, टी और डी आई यू के अलावा अन्य कर्मी शामिल थे

नगद समेत दो मोबाइल सहित 55 हजार की चोरी

फारबिसगंज। फारबिसगंज में बंद दुकानों को अज्ञात चोर लगातार निशाना बना रहे हैं।लगातार दुकानों और प्रतिष्ठानों में होने वाले चोरी की घटना पर अंकुश लगा पाने में जहां पुलिस विफल है,वहीं चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों के गिरोह का पता लगा पाने में असफल है।इसी कड़ी में बीती देर रात फारबिसगंज कॉलेज चौक स्थित किरकिचिया पंचायत के वार्ड संख्या एक में अज्ञात चोरों ने दुकान के वेंटिलेटर तोड़कर दुकान में प्रवेश करते हुए होटल का 25 हजार का समान सहित गल्ला में रखे 30 हजार रुपैये नगद और दो एंड्रॉयड मोबाइल की चोरी कर ली।मामले को लेकर पीड़ित दुकानदार 35वर्षीय सुजीत कुमार मंडल पिता -श्रवण कुमार मंडल ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में पीड़ित दुकानदार सुजीत कुमार मंडल ने बताया कि बीती रात फारबिसगंज कॉलेज चौक स्थित दुकान को बंद कर घर चला गया था।सुबह में जब दुकान गया तो पाया कि दुकान का सारा समान बिखरा पड़ा है और 25 हजार रुपैया के समान सहित गल्ला में रखा हुआ 30 हजार रुपैया नगद और दुकान में रखा दो मोबाइल गायब है।अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे वाले वेंटीलेटर को तोड़कर दुकान में प्रवेश करते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया।मामले पर फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने आवेदन मिलने की बात करते हुए पुलिस के द्वारा घटनास्थल का जायजा लेने और जांच करने की बात कही।

एनएच से मध्य विद्यालय कहरा तक 900 मीटर पथ का विधायक ने किया शिलान्यास

दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा। ग्रामीण कार्य विभाग योजना मद एमआर 3054 एनएच से मध्य विद्यालय कहरा तक 76 लाख रुपए की राशि से निर्माण होने वाले कुल 900 मीटर पथ का सहरसा विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने शिलान्यास किया।इस शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक डॉ आलोक रंजन ने कहा कि यह सड़क काफी जर्जर स्तिथि में था।हमने इसके लिए काफी प्रयास किया।जिसका नतीजा है कि अब सड़क का निर्माण प्रारंभ हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क काफी जर्जर स्थिति में था।वही ग्रामीणों को यातायात में काफी परेशानी होती थी। आज इस पथ का शिलान्यास विधायक जी के द्वारा किया जा रहा है। हम सभी आलोक रंजन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।मौके पर नगर अध्यक्ष भैरब झा, मुकेश यादव, मधुकांत झा,अरुण झा,राजेश रमन,संवेदक रंजीत साह,कनीय अभियंता मनोज राम निराला, ललन महतो,अंजनी झा,श्यामल किशोर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

राजेंद्र नगर भवन में आयोजित युवा उत्सव का उद्घाटन

मोतिहारी , अशोक वर्मा। राजेंद्र नगर भवन में आयोजित युवा महोत्सव का उद्घाटन अपर समाहर्ता पवन कुमार सिनहा एवं जिले के वरिष्ठ संस्कृति कर्मियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । उत्सव में प्रतिभागियों के स्क्रीनिंग के पश्चात् सभी विधाओं के लिए योग्य चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में अपनी कला के जौहर दिखाने के लिए चयनित किया गया । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर युवा उत्सव में शामिल होंगे। सरकार का मुख्य उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से नयी युवा प्रतिभा की कलात्मक क्षमता को प्रतियोगिता के माध्यम से निखार कर उन्हें राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराना है। युवा उत्सव में पंद्रह से पैंतीस वर्ष तक के कलाकार चयनित किये गये । जिला स्तरीय युवा उत्सव में उत्कृष्ट चयनित प्रतिभागी निम्नवत् हैं:- शास्त्रीय गायन-अनुप्रिया, निशिकांत भार्गव, पवन कुमार । तबला वादन-ऋषभ कुमार । समूह गान- नवोदय विद्यालय पिपरा कोठी, पंडित छोटेलाल मिश्र संगीत महाविद्यालय, एमजेके कन्या इंटर कॉलेज, प्रभावती गुप्ता कन्या स्कूल । एकल लोकगीत- कुमार बादल, कशिश सिन्हा ,अनुप्रिया । सुगम संगीत - कशिश सिन्हा ,कुमार बादल, अनुप्रिया ।समूह लोक नृत्य- एम.जे.के.कन्या इंटर कॉलेज मोतिहारी, नवोदय विद्यालय पिपरा कोठी, प्रभावती गुप्ता कन्या उच्च विद्यालय । लघु नाटक एकांकी -एम.जे.के. कन्या इंटर कॉलेज मोतिहारी, जीवन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, प्रिंस नाटक अकादमी । वक्तृता (भाषण) -विनीता कुमारी ,नीतेश कुमार, सिमरन श्रीवास्तव । चित्रकला-उत्तम कुमार जायसवाल, प्रतीक कुमार, दीपशिखा । मूर्तिकला -रिदम कुमार, आकाश कुमार ।हस्तशिल्प-गीतिका, अनुषा, स्मिता ।कार्यक्रम में सभी माननीय अतिथियों को अंगवस्त्रम, मेमेंटो व बुके प्रदान तथा सभी चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया । निर्णायक मंडल में रामचंद्र शाह ,पंडित छोटेलाल मिश्रा संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार सिंनहा, वरिष्ठ तबला वादक एवं चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव के सचिव संजय कुमार पांडेय, वरिष्ठ रंगकर्मी अभय अनंत, इवलिन विनय, प्रो. (डॉ.) दिवाकर नारायण पाठक, , बिंटी शर्मा, थे। समारोह का कुशल संचालन मुंशी सिंह कॉलेज के विद्वान प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार ने

किया।इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी सादिक अख्तर, नजारत उपसमाहर्ता ज्योति कुमारी,, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा गौरव कुमार,प्रभारी पदाधिकारी कला संस्कृति एवं युवा विभाग मोनू कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार सहित महिला, पुरुष प्रतिभागियों के अलांवा काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे ।

बबुरी पुलिस को मिली कामयाबी

अलीनगर के गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी को दबोचा

बबुरी चंदौली। बबुरी पुलिस में गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। बबुरी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में वांछित और वारंटियों के खिलाफ तलाशी और गिरफ्तारी का दौर जारी है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर बौरी तिराहा माइनर नहर की पुलिया के पास से गैंगस्टर एक्ट के तहत अलीनगर से वांछित अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया है। विदित हो कि यह अपराधी मिर्जापुर जिले के अदलहाट थाना क्षेत्र की बरी सलाहपुर नारायणपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि 20 वर्षीय इस अपराधी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके ऊपर अलीनगर के साथ-साथ मिर्जापुर जनपद में भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी अमित कुमार के अलावा उप निरीक्षक शिवानंद वर्मा और हेड कांस्टेबल सुभाष सिंह, अखिलेश सिंह और अनुज वर्मा शामिल थे।

एक नाबालिग को सीतामढी पुलिस ने रेड लाइट एरिया से मुक्त कराया

मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी। नगर थाना क्षेत्र के रेड लाइट इलाके में सीतामढ़ी पुलिस एवं बचपन बचाओ आंदोलन के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान एक नाबालिग बालिका को जबरन देह व्यापार की धंधे से मुक्त कराया गया। दो महीला दलाल एवं एक ग्राहक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बचपन बचाओ आंदोलन की टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी एवं डीएसपी राकेश कुमार रंजन को रेड लाइट एरिया में नाबालिग बालिका से देह व्यापार कराने की सूचना दी गई थी। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के निदेश पर प्रशिक्षु डीएसपी सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में नगर थानाध्यक्ष अरुण कुमार, सब इंस्पेक्टर रेशमी कुमारी, महिला थानाध्यक्ष संध्या कुमारी, मेहसौल ओपी प्रभारी गौरी शंकर बैठा समेत भारी संख्या में पुलिस बल ने बचपन बचाओ आंदोलन की टीम से साथ सफ़लता पूर्वक नाबालिक बालिका को मुक्त कराया। बचपन बचाओ आंदोलन के केन्द्रीय निदेशक मनीष शर्मा ने सीतामढ़ी पुलिस के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीतामढी पुलिस के सहयोग से जिला के नगर थाना क्षेत्र के रेड लाइट एरिया से ट्रेफिकिंग की शिकार हुई एक नाबालिग बालिका को मुक्त करवाया गया।

प्रतिबंधित मांस के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

खूंटी। अड़की पुलिस ने प्रतिबंधित मांस के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, कुचाई थाना क्षेत्र निवासी सिकन्दर कालिंदी रविवार को पुरनानगर गाँव आसपास मांस लेकर पहुंचे थे, पुरनानगर निवासी बहादुर लोहरा के साथ मांस बिक्री की जा रही थी। ग्रामीणों ने जमा होकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर सिकन्दर को पकड़ लिया। वहीं आज सोमवार को बहादुर लोहरा भी पुलिस के पकड़ में आ गए।

24 घंटे से चल रहा अष्टयाम का विशाल भंडारे के साथ समापन

फारबिसगंज। फारबिसगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत हरीपुर खपड़ा टोला स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर में चल रहे अखण्ड अष्टयाम का समापन विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। 24 घंटे तक चले इस अष्टयाम का शुभारंभ कलशयात्रा के साथ हुआ। जिसमें सैकड़ों महिला- पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बजरंगबली का मंदिर निर्माण होने से पहली बार अष्टयाम कराया गया जिसमें पंचायत के तमाम लोगों का काफी सराहनीय योगदान रहा । कीर्तन मंडली के सदस्य गण अपने मंडली के साथ पूरे रात ग्रामीणों को भक्तिरस में डुबोए रखा। पूरा पंचायत में 24 घंटे हरे राम हरे राम का धुन सुन लोगों का मन तृप्त हुआ। आयोजन को सफल बनाने में नवल राही, अजय रंजन, छोटेलाल ऋषि, विनोद ऋषि, अवधेश कुमार दास, नीरज कुमार, राजेश कुमार, इंदल, अनिल मेहता, कैलाश दास,चंदन, राहुल, शत्रुघन आदि का अथक प्रयास रहा। वही कार्यक्रम के समापन के मौके पर मौजूद बर्तमान मुखिया परमानंद ऋषि, डॉ अयोधि मेहता, हीरालाल मेहता, सरपंच प्रतिनिधि सिताराम पासवान, पैक्स अध्यक्ष सुदेश आनंद, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष विभाष चंद्र मेहता, उपमुखिया प्रतिनिधि कविरत्न कुमार आदि।मौजूद थे।

अखाड़ा प्रमुख और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त

फारबिसगंज। फारबिसगंज में रविवार को 1904 से अनवरत रामायण परिषद की स्थापना और सांवलिया कुंज ठाकुरबाड़ी के स्थापना को लेकर निकले महावीरी झंडा शोभायात्रा जुलूस की सफलता पर सांवलिया कुंज ठाकुरबाड़ी के महंत पंडित कौशल किशोर दुबे ने प्रशासन और अखाड़ा प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त किया है।सोमवार को सांवलिया कुंज ठाकुरबाड़ी में पंडित कौशल किशोर दूबे ने हरेक साल महावीरी झंडा के बढ़ते स्वरूप के साथ शामिल होने वाले हनुमान और राम भक्तों की संख्या पर प्रदेश में ऐतिहासिक शोभायात्रा होने का दावा किया।अररिया जिला प्रशासन खासकर अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह,एसडीएम रोजी कुमारी ,एसडीपीओ खुशरू सिराज की ओर से किए गए प्रशासनिक व्यवस्था पर सबों के प्रति मंदिर प्रबंधन की ओर से आभार व्यक्त किया और जुलूस को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अखाड़ा प्रमुख के योगदान की सराहना की।मौके पर महंत पंडित कौशल किशोर दूबे के अलावे मनोज जायसवाल,संतोष मिश्रा,मंजीत मिश्रा,राजेंद्र मिश्रा,अनंत भगत,जयशंकर पांडेय आदि मौजूद थे।

सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बने विफल कुमार यादव, सचिव अमीर शेख,व उपाध्यक्ष मुशिर रियाज

संवाददाता, अब्दूल वहाब, उधवा/साहिबगंज। प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत पुराना पंचायत सचिवालय में सोमवार को सिद्धों कान्हू युवा खेल क्लब को लेकर पंचायत सचिवालय में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दक्षिण सरफराजगंज पंचायत की मुखिया गुलनाज खातून ने किया। पंचायत सचिव अनवारूल अंसारी की उपस्थिति में सिद्धों कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया।इस दौरान सर्वसम्मति से विफल कुमार यादव को सिद्धों कान्हू खेल क्लब का अध्यक्ष चयनित किया गया। वही अमीर शेख को सचिव तथा मुशिर रियाज को उपाध्यक्ष चयनित किया गया। जबकि मोतीउर रहमान,बाबुल हक,नोयेन रविदास,बुरहानुल हक,अमित रजक, मुशर्रफ करीर अहमद,अभी घोष, इफ्तेखार शेख,अलताफ हुसैन,संजीव कुमार मंडल को क्लब के सदस्य के रूप में चयनित किया गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि फिटु पठान, मोजाहिर शेख,हसरूल शेख,अकमल शेख, अनिकुल शेख,असरफ शेख, अफताब आलम मिठु शेख समेत अन्य मौजूद थे।

भ्रमण | जाति आधारित गणना के 5% रेंडमली डाटा का सत्यापन 11 सितंबर से करवाया जा रहा

जिलाधिकारी ने किया पोठिया प्रखंड का भ्रमण, जाति आधारित गणना कार्यों का अनुश्रवण

किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)। डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री ने जाति आधारित गणना का अनुश्रवण के निमित्त पोठिया प्रखंड का भ्रमण किया है। बता दें कि प्रगणको द्वारा किए जा चुके जाति आधारित गणना के 5% रेंडमली डाटा का सत्यापन 11 सितंबर से करवाया जा रहा हैं। प्रत्येक दिन पंचायतवार 1% डाटा गोपनीय तरीके से बंद लिफाफे में पदाधिकारियों को उपलब्ध करवाकर पंचायत में हाउसहोल्ड से सत्यापन उपरांत डाटा संबंधित पदाधिकारी अपने चार्ज अफसर को समर्पित करेंगे। तत्पश्चात डाटा की शुद्धता की पुष्टि डीएम - सह - प्रधान जिला गणना पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जानी है। डीएम श्री शास्त्री ने पोठिया प्रखंड सभागार में सभी प्रखंड स्तरीय जांच पदाधिकारी को कार्यों के संबंध में ब्रीफिंग किया। प्रत्येक प्रखंड में प्रायः सभी पंचायत में अन्य प्रखंड के पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी प्राप्त डाटा का मिलान करेंगे। डीएम ने सभी पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीक़े से त्रुटिरहित डाटा सत्यापन का निर्देश दिया। इसी प्रकार डीएम के निर्देश पर सभी प्रखंड में उस प्रखंड के वरीय नोडल पदाधिकारी ने पर्यवेक्षकीय पदाधिकारियों का ब्रीफिंग किया। पोठिया भ्रमण के क्रम में डीएम श्री शास्त्री ने पोठिया के कौशल विकास केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कौशल विकास केंद्र पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों और प्रशिक्षकों से कोर्स से संबंधित पूछ ताछ किया तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में डीएम ने कई विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। डीएम ने पोठिया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिचुआबाडी, मध्य विद्यालय छतरगाछ और उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहागी का निरीक्षण किया।मुख्य रूप से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति,शिक्षको की उपस्थिति,कक्षा संचालन, पठन पाठन और साफ सफाई को देखा गया। कई कक्षा में पंखा और पर्याप्त रौशनी नहीं पाए जाने पर उक्त व्यवस्था शीघ्र करने का निर्देश दिया गया।

पेलावल फुटबॉल टूर्नामेंट के 11वें लीग मैच में शामिल हुए विदेशी खिलाड़ी

दैनिक शुभ भास्कर /सोहैल किरमानी / हज़ारीबाग। पेलावल फुटबॉल टूर्नामेंट का 11वां लीग मैच सोमवार को ऐतिहासिक फुटबॉल मैदान पेलावल में खेला गया जिसमें धनबाद बागाबांद और तनवीर - 11ओरिया की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को काफी रोमांचित किया अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन से उन्होंने सभी दर्शकों का मन मोह लिया इस मौके पर जमकर तालियां बजी और दर्शकों ने उनके खेल की सराहना करते हुए उनकी हौसला अफजाई किया।संचालक अबुलैस हाशमी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें शामिल हुई हैं। संचालक अबुलैस हाशमी ने बताया कि इस फुटबॉल टूर्नामेंट के विजेता टीम को एक लाख रुपए और उपविजेता टीम को पचास हजार रुपए और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच आगामी 18 सितंबर को खेला जाएगा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता शरीक होंगे। इस फुटबॉल टूर्नामेंट के लीग मैच में उद्घोषक की भूमिका मोहम्मद हैदर ने निभाई। विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के खेल का प्रदर्शन को देखकर दर्शक काफी रोमांचित हुए और जमकर तालियां बजाते हुए उनकी हौसला अफजाई की इस अवसर पर विदेशी खिलाड़ियों ने कहा कि हमें आप लोगों का बेहद प्यार और स्नेह मिला है जिसको पाकर हम लोग अपने आप में काफी गर्व महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर पेलावल फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष सह आयोजक अबुलैस हाशमी ने इस टूर्नामेंट में शामिल हुए तनवीर 11 टीम की ओर से तीन नाइजीरियाई खिलाड़ी और धनबाद बागाबंद टीम से घाना और अफ्रीका के शामिल हुए खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेलावल जैसे ग्रामीण क्षेत्र में आप लोगों के द्वारा हमारे टूर्नामेंट में शामिल होकर इस पूरे क्षेत्र की आप लोगों ने शोभा बढ़ाई है निश्चित तौर पर आप लोग बधाई के पात्र हैं। आपके हमारे क्षेत्र में इस टूर्नामेंट में शामिल होकर खेल का प्रदर्शन करने से हमारे स्थानीय खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर और प्रेरणा मिली है और उन लोगों की हौसला अफजाई भी आप लोगों के द्वारा टूर्नामेंट में शामिल होने से हुई है। खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल से रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं। कहा कि हर खेल में हार जीत तो होती ही रहती है मगर निरंतर प्रयास करने से एक दिन जरुर जीत हासिल होती है। इसलिए निरंतर कोशिश करते रहना चाहिए। टूर्नामेंट के सचिव हैदर अली ने कहा कि सद्भावना को बढ़ावा देने की दिशा में खेल एक बेहतरीन माध्यम है। विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के शामिल होने से जहां टूर्नामेंट की शोभा बढ़ी है वहीं हमारे खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा में बेहतर प्रदर्शन करने का बेहतरीन अवसर प्राप्त हुआ है। इस मौके पर संचालक अबुलैस हाशमी, समाजसेवी मिस्बाह उल इस्लाम, मेराज अंसारी, मो. हैदर, वार्ड सदस्य मो. मंजर आलम, मो सरफराज, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो. असलम, मो. रमजान, पेलावल उत्तरी पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद साबिर, पेलावल उत्तरी मुखिया मोहम्मद एखलाख सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

ख़ास ख़बर

धरौली में फैल रही लंपी बीमारी की वजह से पशुपालक परेशान

चंदौली। पशुपालकों के लिए इन दिनों लंपी बीमारी कहर बनकर टूट पड़ा है यूं तो लंपि बीमारी लगभग दस्तक दे दिया है जिससे सदर विकासखंड के धरौली गांव में आधा दर्जन से अधिक कहें बीमारी की चपेट में आए हैं लेकिन इन दिनों विभाग बेखबर रहने से लंपी ने कर पर का रखा है लगभग जिससे पशु पालकों के बीच हताशा का माहौल है। जबकि विभाग पशुओं का टीकाकरण के लिए समय-समय पर पशु पखवाड़ा का आयोजन करती है लेकिन पशुपालकों का आरोप है कि टीकाकरण महज कागजों में ही सिमट कर रह जाती है।लंबी वायरस से ग्रसित पशु को बुखार मुंह से अधिक लार निकलना आंख एवं नाक से पानी बहना सूजन दुग्ध उत्पादन में गिरावट के लक्षण होते हैं लंबी वायरस से बचाव पर पलकों को संक्रमित पशुओं अन्य स्वास्थ्य पशुओं से तत्काल अलग रखने की व्यवस्था करना चाहिए ताकि वायरस स्वस्थ पशु तक नहीं जा सके इसके अलावा पशु के बाड़े को साफ सुथरा रखना कीटनाशक किट मच्छर मक्खी को नष्ट करने तथा पशुओं का टीकाकरण अति आवश्यक है। जानकारी पशुपालकों की माने तो मवेशी अस्पताल महल दिखावे के लिए है जो सिर्फ कागजों पर है सदर विकासखंड कार्यालय तक ही सिमट कर रह गया है मवेशी को सरकारी अस्पताल से कोई लाभ नही मिल रहा यही कारण है कि पशुपालक झोलाछाप डॉक्टर का सहारा ले रहे हैं। पशुपालक धरौली निवासी दाऊ तिवारी कहते है हमारी गाय और बछड़े को लंपी बीमारी हुई है आज तक पशुपालन विभाग का कोई डॉक्टर नही आया हम प्राइवेट डॉक्टरों का सहारा लेने को मजबूर है । इस रवैए से डॉक्टरों की उदासीनता से हम पशुपालक परेशान है।

समग्र ग्रामीण विकास परियोजना अंर्तगत हस्तक्षेपित गांव भरछा में सहभागी शिक्षण केंद्र एवं बैंक के वित्तीय सहयोग से विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया।

पीडीडीयू नगर / नियामताबाद। आज समग्र ग्रामीण विकास परियोजना अंर्तगत हस्तक्षेपित गांव भरछा में सहभागी शिक्षण केंद्र एवं एच0 डी0एफ0सी0 बैंक के वित्तीय सहयोग से विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय भरछा के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एच0 डी0 एफ0 सी0 बैंक के कलस्टर हेड चंदौली के बाल मुकुंद राय, शाखा प्रबंधक रजनीश त्रिपाठी पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर, उमेश यादव, तथा विशिष्ट अतिथि उच्च प्राथमिक विद्यालय भरछा के प्रधानाचार्य शेषधर तिवारी, प्राथमिक विद्यालय भरछा के प्रधानाचार्य बरदराज पाण्डेय, हिन्दवारी कंपोजिट विद्यालय के शिवनारायण दुबे व संतोष मिश्रा , ग्राम प्रधान की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस दौरान मुख्य रूप से विश्व साक्षरता दिवस के उद्देश्य व सोच पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के अगले क्रम में मुख्य अतिथियो द्वारा कहा गया कि शिक्षा सभी का जन्म सिद्ध अधिकार है। एक देश, एक व्यक्ति, एक समाज का विकास तभी संभव है जब वहां का हर व्यक्ति शिक्षित होगा। हमारे देश में आज भी साक्षरता दर बढ़ाने की आवश्यकता है। सरकार समय समय साक्षरता को लेकर कार्यक्रम का संचालन करती रही है। साथ ही नारी सशक्तिकरण हेतु सरकार बहुत सारी योजनाओं का संचालन कर रही है। जिसके क्रम में महिलाओं के लिए साक्षरता उनके जीवन में बहुत ही उपयोगी है। विश्व साक्षरता का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हम सभी साक्षर एवं शिक्षित होंगे। विश्व साक्षरता का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हम सभी साक्षर एवं शिक्षित होंगे ।

पीडीडीयू नगर क्षेत्र के ग्राम सभा सहरोई में सातदिवसिय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का समापन

पीडीडीयू नगर । में आज ग्राम सभा सहरोई में श्री राधा कृष्ण मंदिर पर सातदिवसिय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया शनिवार को साप्ताहिक कथा का समापन हुआ जिसमें क्षेत्र के भागवत कथा प्रमियों ने सात दिवसीय कथा का आनन्द लिया कथा ब्यास प0 रामविलास पांडेय कथा प्रमियों को कथा के सातवें दिन सुखदेव ,सुदामा चरित्र,परिश्रीत की कहानियां सुनाई कथा के कार्यक्रम के आयोजक संजय कुमार मिश्रा ने कथा के समापन के दिन कथा ब्यास व तबला एवं आर्गन, पंडित विद्वानों को अंग वस्त्र व कान्हा के स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम को समापन किया । कथा आयोजक संजय मिश्र,व कथा प्रेमी हरगेन्द्र मिश्र,हरिश्चंद्र मिश्र,प्रेमचन्द्र मिश्र, वंशीधर तिवारी,शम्भू यादव,राहुल मिश्र,विनोद मिश्र,गोबिंद मिश्र,गोपाल मिश्र,कृष्णा मिश्र,लड्डू, महेंद्र मिश्र,सत्यम,अमित क्षेत्र के तमाम कथा प्रेमी मौजूद रहे ।

DMA प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयनित पंचायतों की किशोरी समूह लीडरों का शैक्षणिक भ्रमण

चकिया चन्दौली । चकिया चन्दौली ग्राम्या संस्थान द्वारा dma प्रोजेक्ट के तहत जिला संयुक्त चिकित्सालय, चकिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चकिया स्वास्थ्य संम्बन्धित जानकारी को लेकर जागरूक कराया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सरकारी अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं (विशेषतः किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं (AFHS) के बारे में उनको अवगत कराना, आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना था। इस क्रम में अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न यूनिट/इकाई में नियुक्त डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ, स्टॉफ नर्स एवं अस्पताल प्रबन्धन से जुड़े लोगों द्वारा समुचित जानकारी दी गई। इस भ्रमण के दौरान प्रतिभागी किशोरियों के लिए एक सीखने योग्य अनुभव था जो उनके लिए सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की प्राप्ति में सहायक होगा। भ्रमण के दौरान महिला डॉक्टर/चिकित्साधिकारी डॉ. अल्का एवं डॉ. अमृता राठौर द्वारा किशोरियों को माहवारी के दौरान साफ-सफाई का ध्यान देने, समुचित पोषणयुक्त आहार लेने, खुन की कमी के कारण तथा इसे आयरन की पूर्ति हेतु आयरन की गोली, हरी सब्जी, गुड़, चना इत्यादि का सेवन करने की सलाह दी। किशोरियों को सामान्यतया होने वाली स्वास्थ्य समस्या के बारे में जानकारी दी । किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर महिला डॉक्टर से संपर्क/परामर्श लेने की सलाह दी। अंदरूनी प्रजनन अंगों के समुचित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके लिए माहवारी के दौरान पुराने कपड़े की जगह सैनिटरी पैड के इस्तेमाल करने को कहा । अस्पताल में उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य जांच जैसे एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, एचआईवी, टीवी, इत्यादि तथा अन्य चिकित्सा सुविधाओं के बारे में किशोरियों को जानकारी मिली। इस कार्यक्रम में विद्या, कविता, सोनी, करिश्मा, राधिका, संगीता, शिवानी सहित कुल 30 किशोरियों के साथ ही परियोजना में कार्यरत कार्यक्रम प्रबन्धक, परियोजना समन्वयक, क्षेत्र समन्वयक, फील्ड फैसिलिटेटर एवं संस्था प्रमुख की सहभागिता रही। DMA प्रोजेक्ट के तहत संस्था ग्राम्या संस्थान द्वारा चन्दौली जिले के नौगढ़ एवं चकिया ब्लॉक के कुल 20 चयनित ग्राम पंचायतों के वंचित एवं अत्यंत पिछड़े समुदाय की किशोरियों/महिलाओं साथ समूहों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य मुख्यतः जेंडर आधारित भेदभाव कम करने, महिलाओं/लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा को संबोधित करने, इसमें कमी लाने हेतु क्षमतावर्धन, माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन (MHM) एवं यौन प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार (SRHR) के प्रति जागरुकता बढ़ाने एवं इनसे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना है।

ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने "मेरी माटी मेरा देश" के तहत निकाली कलश यात्रा

धानापुर। विकास खंड क्षेत्र के महुजी और वीरा सराय गांव में हर घर से मिट्टी संग्रहण के संकल्प के साथ सोमवार को ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने चावल 'अमृत कलश' में संग्रहित करते हुए यात्रा निकाली । यात्रा के दौरान अजय सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मातृभूमि की आजादी और उसकी रक्षा में अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन अध्यक्ष बने आनंद कुमार प्रबंधक चंन्द्रभुषण मिश्रा

पीडीडीयू नगर/ बबुरी । पीडीडीयू नगर के आज बबुरी स्थानीय कम्हरियॉ स्थित त्रिपुर सुंदरी महा सक्तेक्षरी महामाया मंदिर दुर्गा पूजा समिति की बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया बैठक के दौरान अभी से ही तैयारी आरंभ किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में पूजा समिति मीडिया प्रभारी व उपाध्यक्ष रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस साल भी बेहतर ढंग से पूजा की तैयारी की जाएगी साथ ही बताया कि अभी से ही सभी कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि बैठक में पिछले साल से भी इस वर्ष बेहत तरीके से पूजा समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है बैठक के दौरान प्रबंधक चंद्रभूषण मिश्रा उर्फ बब्लू के उपस्थिति में अध्यक्ष आनंद कुमार को चुना गया इसके साथ ही साफ सफाई के साथ ही मेला में आए हुए अतिथियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए कमेटी के कार्यकर्ता उनके सेवा में हाजिर रहेंगे वही कमेटी अध्यक्ष आनंद कुमार ने ग्राम वासियों से अपील की जिस प्रकार से हर वर्ष आप लोग प्रशासन और कमेटी का सहयोग करते आ रहे हैं।

श्री श्री दुर्गा पूजा एवं दशहरा महोत्सव समिति का बैठक हुवा संपन्न

बबुरी। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर एक बैठक सोमवार बबुरी पोखरा पर आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा बेहतर तरीके से मानाया जाएगा । जिसमें सर्वसम्मत से अध्यक्ष -गिरधारी जायसवाल ,कोषाध्यक्ष - मोती केशरी,उपाध्यक्ष - सुधीर सिंह उपाध्यक्ष - सुनील कुमार सिंह (लादू)मंत्री , आशीष जायसवाल बने।

मनोहारी झांकी व देवी गीत की प्रस्तुति पर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

सैय्यदराजा(चंदौली) । नगर पंचायत सैयदराजा के उत्तरी बाजार वार्ड न० दस अबुल कलाम नगर में शंकर जी के मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी एकादशी के अवसर पर रविवार की रात्रि देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल मद्देशिया उर्फ टुन्नु तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विरेन्द्र जायसवाल रहे।लोंगो द्वारा सर्वप्रथम शंकर जी के मंदिर के प्रांगण में पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।चन्दौली जनपद की सुप्रसिद्ध लोकप्रिय सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुर सरीता संस्था के कलाकारों द्वारा राधा , कृष्ण , शंकर, पार्वती,मां काली,मां शेरावली के हाथों महिषासुर दानव वध,मनमोहक भाव नृत्य व नृत्य नाटिका झांकी के साथ ही गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक देवी गीत,पचरा, भक्ति गीत सुना कर उपस्थित श्रोताओं को सुर सरिता की रस में रात भर डुबाए रखा। श्रोंताओं ने भी कलाकारों का रात भर नाच कर,तालियाँ बजाकर , जयकारा लगाकर जी भर आनंद लेते हुए कलाकारों के ताल में ताल मिलाकर साथ दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध चर्चित गायक अशोक सिद्धार्थ केशरवानी ने " पउवा पड़ीला तोहार हो गौरा के ललनवॉ " सहित कई स्वरचित सुर मधुर देवी गीत,मां का पचरा सुना कर कार्यक्रम का आगाज देते हुए ऊंचाई तक पहुंचाया। वहीं लखनऊ से पधारी राधा मिश्रा ने " जुग जुग जिया तू ललनवॉ भवनवॉ के भाग जागल हो " सोहर गीत सहित कई मनमोहित देवी गीत सुनाई। बनारस से पधारी आरती चौबे ने "मां की चुनरिया लाल ही लाल"सहित कई चर्चित देवी गीत सुनाकर बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। भगवान के रूप धरे झांकी के कलाकारों ने राधा,कृष्ण, शिव शंकर, पार्वती,मां काली,मां शेरावाली के हाथों महिषासुर राक्षस का वध भावनृत्य नृत्य, नाटिका कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों के दिल में जगह बनाया । भक्ति मय कार्यक्रम का समापन अशोक सिद्धार्थ के "बम बम बोल रहा है काशी" "आप जग से निराले है भोले प्रभु " भगवान शंकर के गीत से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अमित अग्रहरि उर्फ डाली,रोशन वर्मा,देवानन्द मौर्य, मनीष कुमार उर्फ छोटक,शिवा साव, अंकित जायसवाल, चंदशेखर प्रजापति, संतोष कुमार जायसवाल, विभव कुमार गुप्ता उर्फ विट्टू,नवीन केशरी,रितेश गुप्ता,अंकित केशरी,परमानंद चौधरी, राहुल केशरी,मोहित केशरी, बंटी मौर्य, विशाल गुप्ता,सत्येन्द्र केशरी सहित काफी संख्या में समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को समिति द्वारा एवं सभी कलाकारों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं कमेटी के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को माला पहनाकर अंग वस्त्रम देकर मंच पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

डाक विभाग द्वारा 'डिजिटल इण्डिया फॉर न्यू इण्डिया' विषय पर 'ढाई आखर' राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

वाराणसी । देश के नागरिकों को जागरूक और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने हेतु भारत सरकार द्वारा डिजिटल इण्डिया की शुरुआत की गयी है। जब देश का हर नागरिक जागरूक और डिजिटल होगा तो हमारा देश तेजी से विकसित होगा। इसी के मद्देनजर भारतीय डाक विभाग द्वारा 'डिजिटल इण्डिया फॉर न्यू इण्डिया' विषय पर 'ढाई आखर' राष्ट्रीय स्तर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। और यदि आपका पत्र चुना गया तो पाँच हजार से पचास हजार रूपये तक का पुरस्कार भी मिलेगा। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी। इसके लिए विभिन्न स्कूल-कॉलेज डाक विभाग के साथ मिलकर अपने यहाँ पर आयोजन कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2023 है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इस 'ढाई आखर' पत्र लेखन प्रतियोगिता में किसी भी उम्र के लोग भाग ले सकते हैं। पहला वर्ग 18 वर्ष तक तथा दूसरा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का होगा। पत्र डाक विभाग द्वारा जारी अंतर्देशीय पत्र अथवा लिफाफे में ही स्वीकार्य होगा, जिसमें क्रमशः 500 और 1,000 शब्दों में अंग्रेजी, हिन्दी अथवा स्थानीय भाषा में हाथ से पत्र लिखा जा सकता है। पत्र में अपना पूरा नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और विद्यालय के नाम सहित संबंधित क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल के पते पर 31 अक्टूबर, 2023 तक भेजना होगा। वाराणसी परिक्षेत्र के अधीन वाराणसी, भदोही, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर और बलिया जनपद के प्रतियोगियों को पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी-221002 के पते पर भेजना होगा। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर विभिन्न 4 श्रेणियों में तीन-तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें परिमंडलीय (राज्य) स्तर पर चयनित श्रेष्ठ पत्रों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में क्रमशः 25 हजार, 10 हजार व 5 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित श्रेष्ठ पत्रों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में क्रमशः 50 हजार, 25 हजार व 10 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जायेगा। कुल मिलाकर पूरे देश में 40 लाख 20 हजार रूपये के पुरस्कार विजेताओं को दिए जायेंगे। इस संबंध में ज्यादा जानकारी के लिए विभिन्न मंडलों के अधीक्षक और प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर से संपर्क किया जा सकता है।

शहीदों के सम्मान में अमृत कलश यात्रा का आयोजन-सुशील सिंह

सैयदराजा। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सोमवार को सैयदराजा विधायक सुशील सिंह के नेतृत्व में रनिया गांव में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों से मिलकर उनके घर से उनकी स्मृति में मिट्टी लिया गया।मौके पर देश के मजबूती के लिए कलश यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने कहा कि भारत देश को मजबूती देने के लिए युवाओ को आगे आना होगा।तभी देश के महान क्रांतिकारियों को सच्ची श्रद्धांजलि दिया जा सकता है।आजादी के अमृत महोत्सव में देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के सम्मान में कलश यात्रा निकाला जा रहा है।एकता अखंडता को समृद्ध बनाने के लिए सभी को अपनी सहभागिता निभानी होगी। देश के क्रांतिकारी वीरों को नमन कर हम भारतीय होने का जिम्मेदारी निभा सकते है।इस मौके पर संतोष सिंह, अक्षय सिंह, भगवती तिवारी, रामभोग मौर्य, दुखहरन राय, संजय सिंह दाढ़ी, दिव्यप्रकाश सिंह, अजीत तिवारी, दिनेश जायसवाल, मनोहर राम, ओमप्रकाश सिंह, छेदी राम आदि लोग रहे।

भारत को सर्व शक्तिशाली राष्ट्र बनाने हेतु 2024 में फिर बनाएं मोदी सरकार:शालिनी यादव

सचिन कुमार पटेल ,अलीनगर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर । भारत आज विश्व के सबसे शक्ति शाली देश बनने की तरफ अग्रसर है जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है,इसलिए आनेवाले 2024 के लोकसभा चुनावों में आप सब मिलकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का कार्य करें,उक्त विचार पूर्व वाराणसी लोकसभा प्रत्याशी एवम भाजपा नेत्री शालिनी यादव ने भाजपा में शामिल होने के बाद प्रथम बार पीडीडीयू नगर में आगमन पर अपने स्वागत और सम्मान समारोह में व्यक्त किए,उन्होंने कहा कि पहले जहां यूपी बीमारू राज्य कहा जाता था आज वही प्रदेश विकास की नई गाथा लिख रहा है। शालिनी यादव ने कहा कि मैं चंदौली की बहू हूं और मुगलसराय आना अपने घर आने जैसा है,ज्ञातव्य रहे कि शालिनी पूर्व राज्य सभा उप-सभापति बाबू श्याम लाल यादव की बहू हैं।अलीनगर सकलडीहा रोड स्थित ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर शालिनी का जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सत्यदेव गुप्ता ने शालिनी यादव को अंगवस्त्रम एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।समारोह की अध्यक्षता कर रहे सतीश चौहान जिलाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ ने कहा कि शालिनी यादव एक संघर्षशील युवा महिला नेत्री है जो गरीबों व असहाय लोगो के लिए हमेशा संघर्ष करती रहती है।

प्रदर्शन | सभी विभागों में महिलाओं को नौकरी देने के लिए लगातार जागरूक करती है

महिला मेठो का मानदेय भुगतान ना होने से सब्र का बांध टुटा महिला मेठो ने चकिया ब्लाक मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

चकिया चन्दौली । चकिया चन्दौली एक तरफ प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने के लिए लगातार अभियान चलाया जाता है तथा सभी विभागों में महिलाओं को नौकरी देने के लिए लगातार जागरूक करती है जिससे महिलाएं भी आगे बढ सके वहीं दूसरी तरफ महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण को लेकर अधिकारी लापरवाह बने हुए है और महिला मेठ मानदेय के भुगतान को लेकर अधिकारियों के यहां चक्कर लगाने को लाचार है। दरअसल पूरा मामला चकिया ब्लाक के अंतर्गत सभी नियुक्त ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतो का है जहां शासन के द्वारा सभी गांव में महिला मेठो की नियुक्ति की गई है जिसका प्रमुख उद्देश्य था की गांव की महिलाओं को गांव मे ही रोजगार उपलब्ध हो सके तथा गांव मे ही हो रहे मनरेगा योजनाओं की महिला मेठ मानिटरिंग भी कर सके आपको बताते चले की गांव मे नियुक्त महिला मेठो ने अपनी अपनी समस्याओं को बताया की गांव मे नियुक्त महिलाओं के द्वारा लगभग पुरी इमानदारी से लगभग दो वर्षों से ग्राम पंचायतों के द्वारा दी गयी जिम्मेदारियां से गांव मे कार्य कर रही है लेकिन महिला मेठ अपने किये कार्यो के मानदेय की भुगतान को लेकर लगातार परेशान चल रही है तथा मानदेय ना मिलने से आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है आपको बताते चले की महिला मेठो के द्वारा चकिया ब्लाक समेत जनपद के अधिकारियों के यहां भुगतान को लेकर फरियाद लगा चुकी है लेकिन आज तक महिला मेठो की कही सुनवाई नही हो सकी वही महिला मेठो ने मनरेगा योजना मे बडे पैमाने पर ग्राम प्रधानों और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बताया की गांव मे जो व्यक्ति गांव मे मनरेगा मे कार्य नही किया है उसका फर्जी तरीकों से पैसा जल्द ही निकाल दिया जाता है वही मेठो के द्वारा फर्जी हाजिरी लगाने के बिरोध करने पर चुप रहने की हिदायत दे दी जाती है वही महिला मेठो ने मानदेय की भुगतान की मांग को लेकर खंड बिकास अधिकारी के यहां पत्रक देने पहुंची लेकिन महिला मेठो के पत्रक को लेने वाला कोई नही नही खंड बिकास अधिकारी के ना रहने से महिला मेठ प्रदर्शन करते हुए मानदेय की भुगतान की मांग उठायी है इस दौरान प्रमुख रुप से महिला मेठ किरन सिह आरती बिमला प्रेमशीला उर्मिला कमलावती समेत गांव की महिला मेठ प्रदर्शन मे शामिल रही।

पीडीडीयू नगर के एलबीएस पीजी कॉलेज में नकल करते हुए छात्र को पकड़ा गया

मुगलसराय । मुगलसराय के लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर में द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा में मोबाइल से नक़ल करते हुए एक छात्र पकड़ा गया । महाविद्यालय के उड़ाका दल के सदस्यों ने पकड़ा छात्र मोबाइल द्वारा परीक्षा परिसर में मोबाइल द्वारा नकल कर रहा था तभी कॉलेज के उड़ाका दल के टीमों ने उसे पकड़ लिया इसके बाद उचित कार्रवाई की गई उदा का दल की टीम इस प्रकार रही प्रो इशरत, डा ब्रजेश, डा अमितेश एवं सुनील ने बाथरूम में मोबाइल से बातचीत करते हुए पकड़ा।

सघन मिशन इंद्रधनुष-5" कार्यक्रम के दूसरे चरण का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

अशोक कुमार जायसवाल ,चंदौली । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदौली से"सघन मिशन इंद्रधनुष-5" कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा किया गया।मूलतः11 जानलेवा बीमारियों (टी.वी., पोलियो, डायरिया, निमोनिया,काली खांसी,गलाघोटू,टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, खसरा, रूबेला इत्यादि) से बचाव हेतु पूर्णतःप्रतिरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए "सगन मिशन इंद्रधनुष-5" कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तीन चरणों में से प्रथम चरण दिनांक-7 अगस्त 2023 से 12-अगस्त 2023,चलाया गया जिसमें पूरे राज्य में जनपद चंदौली की स्थिति छठे स्थान पर रही है।द्वितीय चरण दिनांक-11 सितंबर 2023 से 16-सितंबर 2023 तक चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत जनपद चंदौली में कुल-1357-टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।जिसमें 0 से 5 वर्ष के कुल-3401 बच्चों एवं कुल-827 गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित है।दिनांक-9 अक्टूबर 2023 से 14-अक्टूबर 2023 तक "सधन मिशन इंद्रधनुष-5" कार्यक्रम का तीसरा चरण चलाया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान रविवार को छोड़कर प्रत्येक दिन कार्ययोजना अनुसार प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर निःशुल्क टीके 0 से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को लगाया जाएगा।जिलाधिकारी द्वारा समस्त जनपद वासियों से अपील किया गया कि अपने व आस-पास के 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाएं या जाने के लिए प्रेरित करें,यदि उनका शत-प्रतिशत टीकाकरण होता है तो 11 जानलेवा बीमारियों के साथ-साथ अन्य बीमारियों से उन्हें बचाया जा सकेगा।उन्होंने बताया कि यह टीके पूर्णतःसुरक्षित हैं,आशा कार्यकत्री,आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व ए0एन0एम0 द्वारा भी आपको इसकी सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि प्रथम चरण में जो बच्चे व गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से वंचित रह गई हैं उनका भी इस चरण में टीकाकरण अवश्य कराया जाए साथ ही साथ निर्धारित लक्ष्य के अतिरिक्त जो भी बच्चे व गर्भवती महिलाएं वंचित हैं उनका समय अंतर्गत टीकाकरण अवश्य कराया जाए।साथ ही साथ ग्रामीण स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर सभी गर्भवती महिलाओं की जांच भी निःशुल्क किया जाता है ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।